www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 24 सितम्बर, 2023
वर्ष – 16 | अंक –169 | पृष्ठ – 10
मूल्य –3.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

साहित्य
नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी पृष्ठ 06
ऑटोइम्यून बीमारियों के इलाज में अदरक फायदेमंद पृष्ठ 10
कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण: खड़गे पृष्ठ 02
■ मोटो जीपी एनसीआर को देगा 1000 करोड़ का कारोबार
■ जर्जर भवन का जल्द होगा सौन्दर्यीकरण : महापौर 04
■ जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा से इतर क्वाड...
■ युद्ध खत्म होने तक यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं बन... 07

## सार संक्षेप

### नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं।

### नागपुर के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति




**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में कुछ घंटों की भारी बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। आलम ये है कि पूरे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। पानी भरने के कारण एक स्कूल में 70 छात्र फंस गए थे,जिन्हे सकुशल बचा लिया गया। मामले पर बोलते हुए महाराष्ट्र देवेंद्र फड़णवीस ने कहा, 70 छात्र समेत 400 से अधिक लोगों को बाढ़ की स्थिति में रेस्क्यू किया गया। हालांकि भारी बारिश के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

### वलसाड में हमसफर एक्सप्रेस में लगी आग



**वलसाड।** गुजरात के वलसाड में बड़ी घटना सामने आई है। यहां के छीपवाड में हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जनरेटर कोच में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग पड़ोस की दूसरी बोगी में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि ट्रेन तिरुचिरापल्ली से श्री गंगानगर जा रही थी। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि तिरुचिरापल्ली-श्री गंगानगर हमसफर एक्सप्रेस में दोपहर 2 बजे के आसपास वलसाड स्टेशन से सूरत की ओर रवाना होने के बाद आग लग गई थी। पुलिस अधीक्षक करणराज वाघेला ने बताया कि प्रथमद्रष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण पावर कोच में आग की लपटें उठीं।

### मणिपुर से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार




**इंफाल।** मणिपुर जातीय हिंसा का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ विद्रोह करने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। एनआईए ने म्यांमार स्थित विद्रोही समूहों से कथित संबंधों के आरोप में एक संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किया है। इस बात का खुलासा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय साजिश की थी आरोपी की मंशा एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, मोइरांगथेम आनंद सिंह को मणिपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के लिए दिल्ली लाया गया है। आरोपी उन पांच लोगों में से एक था जिन्हें मणिपुर पुलिस ने पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार

■ राजस्थान कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर बोला हमला | ■ केंद्र में सरकार आने पर तत्काल महिला आरक्षण लागू करने का किया वादा



ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे मोदी : राहुल गांधी

**जयपुर,**23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जाएगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं। राहुल ने कहा कि भाजपा वाले बाहना बना रहे हैं। अगर, ये चाहें तो 33 फीसदी सीटों पर आज ही महिला आरक्षण लागू हो सकता है। लेकिन, ये चाहते हैं कि इसे लागू होने में 9-10 साल लग जाएं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज के हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। पीएम मोदी के साथ मिलकर ये लोग ही सारे फैसले लेते हैं। इन 90 सेक्रेटरी में से सिर्फ तीन लोग ओबीसी से आते हैं और पीएम मोदी हमेशा ओबीसी करते रहते हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि यहां हजारों बब्बर शेर यहां बैठे हुए हैं। ये नफरत का बाजार नहीं है, मोहब्बत की दुकान हैं। यह फर्क है भाजपा और कांग्रेस में, हमारे बीच विचार धारा की लड़ाई चल रही है। राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर आपको कोई भाजपा नेता मिले और वो कुछ कहे तो अदाणीजी का नाम लेना, वो तुरंत भाग जाएगा।

**अडाणी से भी डरते हैं मोदी**

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा वाले अदाणी से डरते हैं। अगर, अदाणी के खिलाफ कोई बोलता है तो माइक बंद हो जाता है, कैमरे हिलने लगते है और अब तो टीवी भी बंद हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए कास्ट सेंसस जरूरी है। इससे पता चलेगा कि देश में कितनी महिलाएं है, कितने ओबीसी हैं सब पता चल जाएगा। मैं पीएम मोदी से मांग करता हूं कि कास्ट सेंसस (जाति जनगणना) कराएं। उन्होंने कहा कि ओबीसी का अपमान मत कीजिए, मोदी न तो अडाणी की बात कर पाते हैं, न ही ओबीसी के बारे में बात करते हैं। कांग्रेस नेता ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफ करते हुए कहा कि यहां हमारी सरकार ने झूठे वायदे नहीं किए और जनता से जो वायदे किए उन्हें निभाया। चिरंजीवी योजना से लोगों को फायदा पहुंचाया। शिक्षा में 3600 इंगलीश मीडियम स्कूल खोले गए। उन्होंने कहा कि हिन्दी सबको सीखनी चाहिए लेकिन अंग्रेजी भी सीखनी चाहिए।

## कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत : मोदी

वाराणसी में नारी अभिनंदन कार्यक्रम को किया संबोधित



**लखनऊ/वाराणसी।** लोकसभा व राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। माताओं और बहनों की एकजुटता और उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं।




ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशल सर्किट पर आयोजित इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया मोटो जीपी में मार्टिन ने टिसोट स्प्रिंट, बेजेची ने इंडियन ऑयल ग्रां प्री ऑफ इंडिया में पोल जीता। बेजेची टीम के साथी लुका मारिनी ने टर्न 1 पर गलत ब्रेकिंग की, इटालियन को ट्रैक से बाहर कर दिया, और पांच अन्य को दौड़ से बाहर कर दिया। जबकि बेजेची को 17वें स्थान पर धकेल दिया गया, मार्टिन ने पूरे स्प्रिंट में बढ़त बनाए रखी। मार्टिन ने अभ्यास सत्र के बाद भविष्यवाणी की थी कि स्प्रिंट पर पहला लैप दिलचस्प होगा।
फोटो देशबन्धु

# संस्थागत सहयोग समाधान खोजने वाला अग्रदूत : चंद्रचूड़

■ बीसीआई के इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित



विभिन्न संस्थानों का अंतिम उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि : सीजेआई

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि संस्थागत सहयोग न केवल न्यायिक प्रश्नों पर निर्णय करते समय समाधान खोजने वाला 'अग्रदूत' है, बल्कि यह न्याय तक पहुंच बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के दो दिवसीय इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस-2023 के उद्घाटन समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न संस्थानों का अंतिम उद्देश्य एक ही है और वह है राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि। उन्होंने कहा हम न्याय के हित को आगे बढ़ाने के लिए संस्थानों के बीच सहयोग के प्रचुर उदाहरणों को अक्सर भूल जाते हैं। यह न केवल बड़ी संवैधानिक चुनौतियों में बल्कि अदालतों और सरकार के बीच रोजमर्रा की बातचीत में भी सच साबित होता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ वर्तमान में कई मामलों पर सुनवाई कर रही है।

### महिला आरक्षण कानून पास होने पर जताई प्रसन्नता

मुख्य न्यायाधीश ने दलगत राजनीति विचारधारा से इतर संसद में पिछले दिनों महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए विविध पृष्ठभूमि और यहां तक कि परस्पर विरोधी विचारधारा वाले लोग एक साथ आए, उसी प्रकार महिला आरक्षण का कानून पास करने के मामले में भी विभिन्न दलों के लोग एक साथ खड़े हुए। इस पर हमें गर्व करना चाहिए।

# एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों से ली जाएगी राय

■ सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा ■ रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक

**नई दिल्ली,**23 सितम्बर (एजेंसियां)। एक देश एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितम्बर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द विचार करने और सिफारिशें देने के लिए दो सितम्बर को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को अधिसूचित किया था। बैठक को परिचयात्मक बताते हुए इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा



कि इसे रोडमैप पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था कि समिति को दिए गए जनादेश को कैसे आगे बढ़ाया जाए। बैठक के एजेंडे में कार्य पत्र तैयार करना, हितधारकों के साथ परामर्श करना और गहन चर्चा के लिए इस विषय पर शोध करना भी शामिल था। गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह समिति के सदस्यों में शामिल हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी भी सदस्य थे। हालांकि, शाह को लिखे एक पत्र में उन्होंने पैनल का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। चौधरी ने पत्र में कहा था कहा था, मुझे उस समिति में शामिल होने से इनकार करने में कोई हिचक नहीं है जिसके विचारार्थ विषय इस तरह से तैयार किए गए हैं कि उसके निष्कर्ष की गारंटी दी जा सके। मुझे डर है कि यह पूरी तरह से छलावा है। सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि समिति तुरंत काम करना शुरू करेगी और जल्द से जल्द सिफारिशें करेगी, लेकिन रिपोर्ट जमा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई।

### विपक्ष ने फैसले पर उठाए थे सवाल

विपक्षी गठबंधन ने इस फैसले को देश के संघीय ढांचे के लिए खतरा करार दिया था। समिति में लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य हैं। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व कानून और किसी भी अन्य कानून और नियमों में विशिष्ट संशोधनों की जांच और सिफारिश करेगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य से संशोधन की आवश्यकता होगी।

# मणिपुर में इंटरनेट से पाबंदी हटी

■ अफीम की खेती करने वालों पर जारी रहेगी कार्रवाई ■ मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने किया बड़ा ऐलान

**इंफाल,**23 सितम्बर (एजेंसियां)। बीते चार महीने से जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में सरकार ने इंटरनेट पर लगी पाबंदी खत्म करने की घोषणा कर दी है।



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि हिंसा से संबंधित अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए राज्य में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी लगायी गई थी, जिसे आज से खत्म कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने राज्य में अफ़ीम की खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर निगरानी जारी रखेंगे।

### पिछले चार माह 160 लोगों की गई जान

पिछले चार महीने में कम से कम 160 लोगों के मारे जाने की सूचना है जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। वहां हालात को सामान्य रखने के लिए भारतीय सेना के पूर्वी कमान के जवानों की तैनाती की गई. साथ ही असम राइफल्स और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ राज्य पुलिस भी कानून व्यवस्था को संभालने के लिए तैनात है।

# महिला पहलवानों के साथ हुआ गलत

■ दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण मामले में सुनवाई के दौरान दी दलील
■ बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सुनवाई हुई पूरी

**नई दिल्ली,**23 सितम्बर (एजेंसियां)। महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यह दलील दी कि जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं वह बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को जब भी मौका मिलता था वह महिला पहलवान की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे। अपनी दलील में दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को पता था वो क्या कर रहे थे। दिल्ली



### महिला पहलवान की शिकायत का किया जिक्र

दिल्ली पुलिस ने एक महिला पहलवान की शिकायत का जिक्र करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एक इवेंट के दौरान बृजभूषण ने शिकायतकर्ता को कमरे में बुलाया और उसको जबरदस्ती गले लगाया। जब शिकायतकर्ता ने उसका विरोध किया तो बृजभूषण ने कहा कि पिता की तरह व्यवहार किया था, इससे साफ पता चलता है कि बृजभूषण को पता था वह क्या कर रहे हैं।

# डूसू चुनाव में एबीवीपी ने मारी बाजी

**नई दिल्ली,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं। तीन पदों पर एबीवीपी और एक पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई हितेश गुलिया को 20,345 वोट मिले हैं। तो वहीं एबीवीपी के तुषार डेढ़ा को 23 हजार 460 मत मिले हैं। उपाध्य पद पर एनएसयूआई के अभि दहिया को 22331 वोट और एबीवीपी सुशांत धनखड़ को 20502 वोट मिले हैं। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता को 24534 वोट और वहीं एनएसयूआई की यक्षणा शर्मा को 11597 वोट मिले हैं। सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला को 24955 वोट और एनएसयूआई के शुभम कुमार को 14960 वोट मिले हैं।



■ तीन पदों पर एबीवीपी की जीत एक पर एनएसयूआई का कब्जा

**चार सेंट्रल पोस्ट के लिए 24 उम्मीदवार**

इस बार यूनिवर्सिटी की चार सेंट्रल पोस्ट के लिए 24 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कांग्रेस से जुड़े नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया, माकपा समर्थित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और सीपीआई-एमएल (लिबरेशन) से संबद्ध ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने चारों पदों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वाइस प्रेसिडेंट पद पर अभि दहिया जीत गए हैं। इस पोस्ट के लिए सुशांत धनखड़, अनुष्का चौधरी और अंकित भी मैदान में थे। सेक्रेटरी पद पर अपराजिता विजयी रही हैं।

**तैयारी** ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी में जुटे नासा के वैज्ञानिक

# क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौटेगा ओसिरिस-आरएक्स

■ सौर मंडल और ग्रह के निर्माण के बारे में मिलेगी जानकारी
■ बेन्नू की सतह से एकत्र की गई 8.8 औंस चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा ओसिरिस

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी कर रही है जो 24 सितम्बर को क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौट आएगा। ओसिरिस-आरएक्स (ओरिजिन्स, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, और सिक्योरिटी-रेगोलिथ एक्सप्लोरर) किसी क्षुद्रग्रह से नमूना एकत्र करने वाला पहला।

अमेरिकी मिशन क्षुद्रग्रह बेन्नु से सामग्री के साथ वापस आएगा। यह 2020 में क्षुद्रग्रह बेन्नू की सतह से



एकत्र की गई अनुमानित 8.8 औंस (लगभग 250 ग्राम) चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, क्षुद्रग्रह नमूना कैप्सूल भारतीय समय के अनुसार रविवार रात 8.25 बजे अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में उतरने वाला है। अंतरिक्ष में सात साल बिताने के बाद मिशन को अब सबसे कठिन चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ रहा है, यानि नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिक्ष यान स्वयं ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश नहीं करेगा। यह एक पैकेट गिराएगा। उसका वक्र पथ इस प्रकार होगा कि वह यूटा रेगिस्तान में उतरेगा। यह नमूना एक कैप्सूल में बंद होगा जो उसे उतरते समय गर्मी, कंपन और संदूषण से बचाएगा। ओसिरिस-आरएक्स मिशन द्वारा लिए गए ये नमूने महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बेन्नू जैसे क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के शुरुआती इतिहास के लिए टाइम कैप्सूल के रूप में कार्य कर सकते हैं।

क्षुद्रग्रह का नमूना शोधकर्ताओं को यह जानने में मदद करेगा कि हमारे ग्रह और सौर मंडल का निर्माण कैसे हुआ, साथ ही उन जीवों की उत्पत्ति कैसे हुई जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ।

# देश

उवाच

हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कहा कि यह कांग्रेस और उनके नेता के मानसिक दिवालियेपन को दिखलाता है, उन्होंने कहा कि ऐसी ओछी राजनीति का इनका इतिहास रहा है और वे इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं:-गिरिराज सिंह, सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.1 | 27.5 |
| मुंबई | 28.9 | 25.4 |
| कोलकाता | 30.2 | 25.8 |
| चेन्नई | 33.6 | 26.7 |

# कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षणः खड़गे

**जयपुर,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर उसकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अगले वर्ष कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जायेगा। श्री खड़गे शनिवार को राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं।

■ **खड़गे ने राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया**

उन्होंने कहा कि महिला विधेयक का सबने मिलकर समर्थन किया लेकिन अब यह कब आयेगा, वर्ष 2030 तक आयेगा। वर्ष 2029 में जनगणना होगी उसके बाद इसके लागू होने में और वक्त लगेगा और इसके आने में करीब दस साल की बात की जा रही हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि इस विधेयक को अभी लागू करना चाहिए। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर अगले वर्ष केन्द्र में कांग्रेस सरकार आती है तो वह तत्काल महिला आरक्षण देने का काम करेगी।

उन्होंने संसद के विशेष सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र तो पांच दिन का बुलाया था लेकिन चार दिन में समाप्त कर दिया क्योंकि यह सत्र केवल संसद का नया भवन दिखाने के लिए



**महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं, मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैः-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस**

बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि इन्हें नए भवन को दिखाना था, उसमें ऐसा क्या है दिखाने के लिए जो मंत्रियों, भाजपा के बड़े बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म कलाकारो आदि को बुलाया गया कि देखिए नया भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि संसद भवन चर्चा करने का स्थान है, यह कोई प्रदर्शनी करने की जगह नहीं है। यह स्थान चर्चा करके लोगों की समस्याओं का हल करने का है वह तो करेंगे नहीं।

**नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया**

श्री खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग केवल कहने के लिए दलित और आदिवासी को आगे करने की बात कहते हैं जबकि नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह राष्ट्रपति का अपमान है। उन्हें आदिवासी होने की वजह से नहीं बुलाया। इससे पहले जब श्री रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति थे तो उन्हें संसद भवन के शिलान्यास में नहीं बुलाया गया तो इस तरह इनकी कथनी और करनी में अंतर हैं। उन्होंने कहा 'चुनाव में भाजपा हमारे खिलाफ कई उम्मीदवार खड़ा करती है, एक तो भाजपा का प्रत्याशी होता है, एक ईडी होती है और एक सीबीआई या अन्य एजेंसी होती है। वह चाहेंगे जब ईडी लगा देंगे, कांग्रेस का कोई कार्यक्रम एवं बैठक होगी उसके एक दिन पहले छापे पड़ते हैं और कहते हैं कि हम लोकतंत्र के हिसाब से काम र रहे है जबकि डरा धमकाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं का आह्वान किया कि भाजपा के इन प्रत्याशियों को मात करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला अधिवेशन जयपुर में हुआ था जो ऐतिहासिक अधिवेशन था। ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

**अशोक गहलोत ने 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए**

श्री खड़गे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए गए है जबकि उससे एक कदम आगे बढ़कर सब कुछ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करके बताती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सरकार इन उपलब्धियों को लोगों के बीच घर घर पहुंचाना है, यह देश, इसके लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का समय हैं।



## खड़गे एवं राहुल ने राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का किया शिलान्यास

**जयपुर**, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महासचिव के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेता मौजूद थे। इसके बाद इस अवसर पर आयोजित समारोह में श्री खड़गे एवं श्री राहुल गांधी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

**छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया**

राहुल गांधी महारानी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और इसके बाद छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया। श्री राहुल गांधी के सुबह जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर गहलोत ने उनका स्वागत किया। इस

■ **राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा**
■ **इसको बनाने में करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी**

अवसर पर डोटासरा एवं रंधावा भी मौजूद थे। इसके बाद श्री खड़गे के जयपुर पहुंचने पर गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उनका भी जोरदार स्वागत किया। राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा जहां इसके लिए करीब छह हजार वर्ग गज भूमि आवंटित की की गई है और इसकी करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## सार संक्षेप

### ऋषिकेश-गंगोत्री जाने वाली टनल में आई दरारें, डीएम ने जांच करवाने के दिए निर्देश

**टिहरी।** टिहरी जिले के चंबा शहर के नीचे बनी ऋषिकेश गंगोत्री जाने वाली टनल के अंदर कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं। इन दरारों से लोगों में डर पैदा हो गया है। टनल में पड़ी दरारों की शिकायत चंबा के लोगों ने बीआरओ के अधिकारियों से भी की है। इस टनल में कई जगहों पर दरारें पड़ने के साथ ही दरारों से पानी भी टपकने लगा है। टनल के ऊपर बने मकानों में भी दरारें पड़ी हैं। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के समय में होती है। स्थानीय लोगों ने टिहरी डीएम से बीआरओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही भू वैज्ञानिकों से भी जांच कराने की मांग की है।

### भाजपा-जद(एस) गठबंधन पर बोले चिदंबरम, लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह सच हो गया है


**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी की केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह रहस्य आखिरकार सामने आ गया है। चिदंबरम ने कहा, 'लंबे समय से संदिग्ध रहस्य बाहर आ गया है। भाजपा ने आधिकारिक तौर पर जद (एस) का राजग में स्वागत किया है। कर्नाटक के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को रूढ़िवादी, प्रतिगामी और महिला विरोधी पार्टियों के बीच इस गठबंधन पर ध्यान देना चाहिए जो पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं।' जद (एस) 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बन गया। इस साल मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा और जद (एस) को धूल चटाते हुये वहां सरकार बनाई थी।

### दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी को उकसाने के लिए पीएम मोदी के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, जांच की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों द्वारा रमेश बिधूड़ी के खिलाफ 'विशेषाधिकार के उल्लंघन' के मामले में लोकसभा स्पीकर से कार्रवाई करने की मांग के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 21 सितंबर को चली चर्चा के दौरान बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए व्यवहार को गलत बताते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच के लिए एक 'जांच समिति' बनाने की मांग की है। स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूरे घटनाक्रम का वर्णन करते हुए हुए लिखा है कि उस दिन रमेश बिधूड़ी ने जो भी कहा था वो निंदनीय था लेकिन तथ्य यह है कि बिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार 'रनिंग कमेंट्री' कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं।

## आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की रही बड़ी भूमिकाः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिवक्ताओं की जमकर तारीफ की है। विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगी। हमे तैयार रहना होगा। दुनिया का भरोसा भारत में बढ़ रहा है और देश की न्याय व्यवस्था सबके लिए मिशाल बनी है। हमारी न्यायपालिका हमेशा न्याय व्यवस्था की संरक्षक रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने कानून की भाषा सरल बनाने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने कहाकि देश की आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने बड़ी कुर्बानी दी थी। कई कानूनी पेशेवरों तो अपनी वकालत छोड़कर सीधे स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद गए थे। उन्होंने कहाकि दुनिया अगर आज भारत पर भरोसा करती है तो इसमें भारत की स्वतंत्र न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहाकि आज यह सम्मेलन ऐसे मौके पर हो रहा है, जब भारत कई ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है। एक दिन पहले ही भारत की संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का कानून



**कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगीः- नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री**

पारित कराया है। नारी शक्ति वंदन कानून भारत में महिलाओं के विकास के लिए नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने हाल में दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन का जिक्र कर कहा कि दुनिया ने इसमें हमारी डेमोक्रेसी,डेमोग्राफी और डिप्लोमेसी की झलक देखी। चंद्रयान-3 की सफलता पर भी वे बोल और कहा कि एक माह पहले आज ही के दिन भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना था। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि ऐसी ही उपलब्धियों के साथ भारत 2047 तक विकसित देश बन जाने की राह पर चल रहा है। निश्चित रूप से इस लक्ष्य को हासिल करने में भारत को एक निष्पक्ष व स्वतंत्र न्याय व्यवस्था का आधार चाहिए। इस दिशा में यह सम्मेलन बहुत उपयोगी साबित होगा।

## कांग्रेस नेता जयराम ने नए संसद भवन की गिनाई कमियां तो नड्डा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली**, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सेंट्रल विस्टा के तहत बनाया गया नया संसद भवन वैसे पूरी तरह हाईटेक है। लेकिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश को यह पसंद नहीं आया है और लंबा चौडा पोस्ट लिखकर उन्होंने सिलसिलेवार इसकी कमियों को गिनाया। हालांकि भाजपा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए इसे पूरी तरह खारिज कर किया।

जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इतने प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वास्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा कि चार दिनों के बाद उन्होंने देखा कि दोनों सदनों के अंदर और लॉबी में बातचीत खत्म हो गई थी। अगर वास्तुकला लोकतंत्र को मार सकती है,संविधान को दोबारा लिखे बिना भी प्रधानमंत्री पहले ही सफल हो चुके हैं।



जयराम ने लिखा कि नया संसद भवन बिल्कुल आरामदेह नहीं है। इसमें एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की जरूरत होती है। जबकि पुराने संसद भवन की न केवल एक विशेष आभा थी, बल्कि बातचीत की सुविधा भी प्रदान करता था। दोनों सदनों,सेंट्रल हॉल और गलियारों के बीच चलना आसान था। लेकिन नए भवन में ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि पुराने भवन में अगर आप खो गए थे तो आपको रास्ता फिर से मिल जाएगा,क्योंकि यह गोलाकार था। लेकिन नई इमारत में अगर आप रास्ता भूल गए तो भूलभुलैया में खो जाते हैं। यही उन्होंने लिखा कि सचिवालय के कर्मचारियों से भी सुना है कि नए संसद भवन के डिजायन में उनके लिए आवश्यक जरूरतों का ध्यान नहीं रखा गया।

**प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वास्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिएः-जयराम रमेश**

**नड्डा ने किया पलटवार**

कांग्रेस नेता की इसे पोस्ट के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए लिखा यह कांग्रेस पार्टी के न्यूनतम मानसिकता के हिसाब से भी एक दयनीय मानसिकता है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं के अपमान के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने लिखा कि वैसे भी यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस संसद विरोधी हुई है। उसने 1975 में आपातकाल के वक्त में भी कोशिश की लेकिन बुरी तरह विफल रही।

## इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग में कोई दिक्कत नहीं : तेजस्वी

### दिक्कत वहां है जहां परिवार में 2 पार्टियां हो गई

**पटना,** 23 सितम्बर (एजेंसिया)। राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग



**इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सारी चीजें 'स्मूथली' चल रही, दिक्कतें तो उधर हैं, जहां एक परिवार दो पार्टियों में बंट गया :-तेजस्वी यादव**

को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सारी चीजें 'स्मूथली' चल रही हैं। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि दिक्कतें तो उधर हैं, जहां एक परिवार दो पार्टियों में बंट गया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग में कोई परेशानी नहीं है। बिहार में तो और कोई झंझट नहीं है। हम लोगों की सीट शेयरिंग अच्छे से हो जाएगी। उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि परेशानी तो उधर है। जो लोग उधर गए हैं यानी एनडीए में उनसे ना पूछिए एक परिवार में दो भाग कर दिया गया है, दो पार्टियां बन गई।

तेजस्वी यादव ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान पर भी निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, इन लोगों का काम ही वैसा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमें पता है कि इन लोगों पर कोई कार्रवाई होने वाली नहीं है। भाजपा में जाइए, जो बोलना है बोलिए, कोई देखने वाला नहीं है।

## भाकपा की केरल इकाई नहीं चाहती कि राहुल वायनाड से चुनाव लड़ें

तिरुवनंतपुरम, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केरल इकाई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से चुनाव नहीं लड़ने का अनुरोध कर सकती है। भाकपा की हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय नेतृत्व की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस निर्णय से आधिकारिक तौर पर कांग्रेस को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, भाकपा चाहती है कि गांधी भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ें। भाकपा का मानना है कि चूंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' राजनीतिक मोर्चे की पूर्ण सहयोगी है, इसलिए सबसे पुरानी पार्टी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गांधी वायनाड से चुनाव न लड़ें। भाकपा केरल में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। वह वर्ष 2009 में इसके गठन के बाद से वायनाड सीट पर चुनाव लड़ती रही है। पिछले तीनों चुनावों में, कांग्रेस उम्मीदवार को आसानी से जीत मिली थी, खासकर 2019 में जब गांधी ने 4.31 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। हालांकि भाकपा अपना निर्णय बताने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन कांग्रेस सूत्रों ने अनुरोध पर विचार किए जाने पर संदेह व्यक्त किया है। संयोग से केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाकपा चार पर चुनाव लड़ेगी। उसे 2019 के चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा था, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं। उनकी हार का एक कारण गांधी का वायनाड से चुनाव लड़ने का निर्णय लेना था।

## कार्यक्रम की कवरेज करने से रोकने पर मीडियाकर्मी नाराज

**भोपाल,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश कांग्रेस में खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की तिलमिलाहट बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में जिस प्रकार से मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मीडियाकर्मियों के साथ व्यवहार किया है, वह उनकी तिलमिलाहट को दर्शाता है। यह केवल एक बार की बात नहीं है, बल्कि हाल के दिनों में जिस प्रकार से कांग्रेस का ग्राफ नीचे जा रहा है और भाजपा के पक्ष में आम जनता अपने विचार प्रकट कर रही है, उसे लेकर कई कांग्रेसी परेशान हैं।



**कमलनाथ ने सुरक्षा गार्ड के माध्यम से मीडियाकर्मियों को बाहर करवाया**

मामला इंदौर का है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सीधे तौर पर मीडियाकर्मियों को बाहर करने का आदेश दे दिया। उन्होंने सुरक्षा गार्ड के माध्यम से मीडियाकर्मियों को बाहर करवाया है। मांग मातंग समाज के कार्यक्रम में आमंत्रण पर जब मीडियाकर्मी कवरेज करने पहुंचे तो यह घटना घटी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा मीडिया को बाहर करो। उन्होंने मंच से कहा कि मैं इनसे बात करने आया हूं। हटिए आप सब और तो और, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कह दिया कि मीडिया के रहने या जाने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

हद तो तब हो गई जब इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बवेले ने एक ट्विट कर दिया। उन्होंने अपने ट्विट में लिखा, 'भाजपा के प्रवक्ता षडयंत्रपूर्वक इंदौर की घटना में माननीय कमलनाथ जी का नाम ले रहे हैं। जो वीडियो भाजपा चला रही है उसमें कमलनाथ जी की आवाज कहीं नहीं सुनाई दे रही। आए दिन पत्रकारों से बदसलूकी करने वाली भारतीय जनता पार्टी कितना भी षड्यंत्र कर ले, लेकिन पत्रकार भाई सच्चाई जानते हैं। पत्रकार साथियों का सम्मान कांग्रेस पार्टी ही करती है और करती रहेगी। एक बात से और सावधान रहने की आवश्यकता है कि भाजपा अपने एजेंट अलग-अलग रूप में कांग्रेस के कार्यक्रम में भेजती है और कार्यक्रम बिगाड़ने की कोशिश करती है।

आरक्षण | *उत्तर प्रदेश में 9.1 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में से 3,04,638 महिलाएं*

## यूपी में आरक्षित सीटों पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को ज्यादा फायदा

**लखनऊ, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। यदि कोई ऐसा राज्य है, जहां महिलाओं के लिए आरक्षण के कारण उनकी तुलना में पुरुषों को अधिक लाभ हुआ है, तो वह उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में 9.1 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में से 3,04,638 महिलाएं हैं। फिर भी जमीनी स्तर की महिला नेताओं के ठोस और परिवर्तनकारी योगदान को दरकिनार कर दिया गया है।**

एक ऐसे व्यक्ति की कहानी, जिसने महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने के बाद शादी करने और अपनी पत्नी को पंचायत चुनाव में खड़ा करने के लिए 2021 में ब्रह्मचर्य का व्रत तोड़ दिया, महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर अपना कब्जा बनाए रखने की पुरुषों की तीव्र इच्छा को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश में पंचायत प्रमुख के रूप में चुनी जाने वाली महिलाओं के पतियों को 'प्रधान पति' के नाम से जाना जाता है। गांव में कई लोग स्वयं प्रधान की तुलना में प्रधान पति से अधिक परिचित हैं।

मध्य उत्तर प्रदेश की एक महिला प्रधान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 'मुझे आवंटित काम के बारे में कुछ भी नहीं पता है और यह मेरे पति हैं



जो सारा काम करते हैं। मेरा काम सिर्फ इतना है कि जहां मेरे पति कहें, वहां अपना हस्ताक्षर कर दूं।' यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस स्थिति में अपने अधिकार से वंचित महसूस नहीं करती हैं, उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि प्रशासन कैसे काम करता है और मैं किसी विवाद या परेशानी में नहीं पड़ना चाहती। इसलिए, यह बेहतर है कि मेरे पति हर चीज़ का ख्याल रखें।'

उनके चुनाव के दौरान, उनके पति की तस्वीर होर्डिंग्स पर उनकी तरह ही प्रमुखता से लगाई गई थी और वह चुनावी सभाओं को संबोधित करते थे। वह कबूल करती हैं, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि कोई भी मुझे नहीं जानता है, हर कोई उन्हें जानता है और हमें उसके नाम के कारण वोट मिले हैं।' इस बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि अगर महिलाएं खुद को मुखर करें तो वे पंचायतों में बदलाव ला सकती हैं।

पंचायतों के संस्थागत विकास के लिए एक सार्वजनिक अभियान, 'तीसरी सरकार' के संस्थापक चंद्र शेखर प्राण कहते हैं, 'पंचायत का नेतृत्व करने वाली महिलाएं वास्तव में गांव की स्थिति बदल सकती हैं। पंचायतों में महिलाएं शासी निकाय में मानवता जोड़ती हैं और भौतिक परिवर्तनों की बजाय सामाजिक और मानव विकास के मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं।'

पान कुंवर इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। वह 2011 से 2021 तक लगातार दो बार उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कबरई ब्लॉक में ममना ग्राम पंचायत की निर्वाचित पंच थी। वह अन्य महिला पंचायत सदस्यों को पानी और लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच के संबंध में पंचायत बैठकों में मुद्दे उठाने के लिए लगातार प्रोत्साहित करती रही हैं। पान कुंवर ने पंचायत की बैठकों में सड़क का मुद्दा उठाया और अब गांव में एक जर्जर लेकिन पक्की सड़क है। उन्होंने कहा, 'मैं अन्य सदस्यों से कहती थी कि जब तक वे पानी और शिक्षा से जुड़े मुद्दे नहीं उठाएंगे, उनका समाधान कैसे होगा।' ममना गांव उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित है, जहां बार-बार सूखा पड़ता है। केंद्र सरकार के 'जल जीवन मिशन' के तहत गांव में पानी की पाइपलाइन बिछ गई, लेकिन नल नहीं लगे।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

एक शराबी दारू पीकर मर गया
लेकिन उसकी दारू के प्रति श्रद्धा तो देखो
वो मर के भी यह कह गया
शराब तो ठीक थी!
पर मेरा लिवर ही कमजोर निकला।

## अरुणा आसफ अली अस्पताल डबल मरीजों को मिलेगी ओपीडी की सुविधा

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य दिल्ली के अरुणा आसफ अली अस्पताल की ओपीड में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को अब परेशान नहीं होना होगा। सुविधाओं में हुए विस्तार के बाद यहां डबल मरीज बेहतर सुविधाओं के साथ उपचार करवा सकेंगे। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब एक हजार मरीज आते हैं। नया ब्लॉक बन जाने के बाद यह संख्या बढ़कर दो से तीन गुना होने की उम्मीद है। शनिवार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने

- **मुख्यमंत्री ने किया अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन**
- **अब होगी मरीजों को पर्याप्त जगह व सुविधा**

सिविल लाइंस स्थित अस्पताल में नव निर्मित ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर हम रामराज्य की परिकल्पना करें तो उसमें सबके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी व फ्री होनी चाहिए। हमारी सरकार इस दिशा में काम करने की कोशिश कर रही हैं। अस्पताल में करीब 22.8 करोड़ रुपए की लागत से ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिला नया ओपीडी ब्लॉक बनाया है। इस ब्लॉक में 25 परामर्श कक्ष हैं। दो लिफ्ट और दो सीढ़ियां हैं। इसे



बनाने में करीब एक साल का समय लगा है। नवनिर्मित ब्लॉक में काफी जगह है और पूरी तरह से वातानुकूलित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लॉक का निरीक्षण के दौरान मैंने कुछ मरीजों से भी बात की। एक अम्मा सोनिया विहार से आई थीं। सोनिया विहार इस अस्पताल से काफी दूर है। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में डॉक्टर बहुत अच्छे हैं। इस मौके पर उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह साहनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा-स्वास्थ्य पर फोकस

केजरीवाल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर हमारा सबसे अधिक फोकस है। दिल्ली में मौजूदा 10 हजार बेड की संख्या बढाने के लिए 11 नए अस्पताल बन रहे हैं। इसके अलावा मौजूदा कई अस्पतालों में नए ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। इससे दिल्ली के

**यहां तैयार हो रहे बेड**

1- सिरसपुर (1164 बेड)
2-ज्वालापुरी (691 बेड)
3- मादीपुर (691 बेड)
4-हस्तसाल (691 बेड)
5- शालीमार बाग (1430 बेड)
6- सुल्तानपुरी (525 बेड)
7- चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय एनेक्सी (610 बेड)
8- जीटीबी अस्पताल एनेक्सी (1912 बेड)
9- सरिता विहार (336 बेड)
10- गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल एनेक्सी (1565 बेड)
11- किरारी (485 बेड)

**यहां तैयार हो रहे 6505 बेड**

1- न्यू ब्लॉक लोक नायक अस्पताल (1570 बेड)
2- सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल, नरेला (773 बेड)
3- बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल, रोहिणी (1063 बेड)
4- गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल (572 बेड)
5- लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल (460 बेड)
6- संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी (672 बेड)
7- आचार्य श्री भिक्षु सरकार. अस्पताल, मोती नगर (370 बेड)
8- राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल, जाफरपुर, नजफगढ़ (370 बेड)
9- दादा देव मातृत्व एवं शिशु अस्पताल, डाबरी (281 बेड)
10- कैजुअल्टी ब्लॉक, लोक नायक अस्पताल (384 बेड)

सरकारी अस्पतालों में 16 हजार और नए बेड तैयार हो जाएंगे। इनके बनने के बाद दिल्ली की स्वास्थ्य सुविधाएं विश्व स्तर की होगी। सरकारी अस्पतालों में सारी दवाइयां, टेस्ट, ऑपरेशन समेत सारा इलाज फ्री है। पहले दिक्कत ये थी कि कहने के लिए सब फ्री थी, लेकिन लोगों को मिलती नहीं थी। दवाइयों की खिड़की खुलती थी, लेकिन दवाइयां नहीं मिलती थी। मशीनें खराब रहती थी। अब वो दिक्कतें नहीं हैं।

### पूरी देश में दिल्ली की चर्चा

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के हेल्थ सिस्टम की चर्चा पूरे देश के अंदर होती है। दिल्ली देश की राजधानी है। इसलिए पूरे देश भर से लोग दिल्ली आते हैं। यह अच्छी बात है। आने चाहिए। अगर कोई कहीं और बीमार होता है और दिल्ली आकर इलाज कराना चाहता है, तो उसको आना चाहिए। इसलिए भी हमें अपने पूरे स्वास्थ्य सिस्टम को दक्ष बनाना होगा।

## आर्य रत्न ठाकुर विक्रम सिंह ने वैदिक सनातन संस्कृति की रक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है : स्वामी रामदेव



**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। तालकटोरा स्टेडियम, में वैदिक विद्वान ठाकुर विक्रम सिंह के जीवन के 80 बसंत पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए योग गुरु बाबा रामदेव जी ने उनके दीर्घायुष्य की कामना करते हुए वैदिक सनातन संस्कृति के केंद्र आर्ष गुरुकुल की उन्नति के लिए ठा. विक्रम सिंह द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता की प्रशंसा करते हुए इसे वैदिक सनातन संस्कृति की रक्षा में एक सराहनीय कदम बताया। स्वामी जी ने कहा कि उनका स्पष्ट मत है यदि गुरूकुलों की रक्षा होगी तभी सनातन संस्कृति भी बचपाएगी। इसलिए उन्होंने सभी उद्योगपतियों का आह्वान किया कि ठा. विक्रम सिंह की तरह वे भी गुरूकुलों की रक्षा के लिए आगे आएं। उन्हें आवश्यक आर्थिक सहयोग देकरगुरूकुलीय परंपरा को सुदृढ़ बनाने में अपना-अपना योगदान अवश्य देंवे।

## शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया में की जा रही है धांधली: राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत कर धांधली करने का आरोप लगाया है। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की सत्ता पर काबिज़ आम आदमी पार्टी और शिक्षा विभाग के अधिकारी बड़े पैमाने पर धांधली कर रहे हैं और ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है पहले भी करीब 1400 ट्रांसफर में यही देखने को मिला था और फिर वही प्रक्रिया दोबारा से निगम अधिकारियों द्वारा अपनाई जा रही है इसके विरोध में पिछले तीन दिन से नगर निगम के शिक्षक अपने कार्य पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्शा रहे हैं और अपना कार्य कर रहे हैं।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जहां एक और शिक्षक पूरे वर्ष प्रतीक्षा करता है कि मैं अपना ट्रांसफर उस स्कूल में कर लूंगा लेकिन जब ट्रांसफर करवाने का टाइम आता है तो उच्च अधिकारी



द्वारा फेक वैकेंसी फिल करके उस स्कूल में पोस्ट ही खाली नहीं दिखाते हैं,चाहे कोई शिक्षक किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा हो ,या किसी अध्यापक, अध्यापिका की शादी हो चुकी हो ,या कोई गर्भवती महिला शिक्षक ट्रांसफर के लिए 3 साल का इंतजार करें । आम आदमी पार्टी को किसी की बीमारी ,समस्या या दूरी के स्थान से कोई सरोकार नहीं है। अध्यापकों के ऊपर हो रहे इस अन्याय के खिलाफ हम अध्यापकों के साथ हैं।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यदि आम आदमी पार्टी ने अध्यापकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाली 9 तारीख को अध्यापकों के साथ, महापौर एवं निदेशक शिक्षा की मनमानी के विरोध में मैं भी स्वयं धरने में सम्मिलित रहूंगा।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयास जारी: मीनाक्षी लेखी



**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार भी विभिन्न पहलों और नीतियों के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह देखकर अच्छा लगता है कि हर उम्र की महिलाएं एक जुट होकर इस आयोजन के माध्यम से सडकों पर अपना नियंत्रण बना रही हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देना चाहूंगी। यह कहना है विदेश मामलों एवं संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी का। बता दें कि शनिवार को दिल्ली में जेके टायर ने उत्तर भारत के सबसे बड़े वीमेन्स ओनली मोटर स्पोर्ट इवेंट को रवाना किया। विदेश मामलों एवं संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी ने टीएसडी रैली को रवाना किया, जो कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर अंशुमन सिंघानिया भी मौजूद रहे। पद्म श्री खेल रत्न एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपा मलिक ने अतिथि के रूप में प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में जीवन के सभी वर्गों से 100 कारों में 300 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो मोटरस्पोर्ट का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए। टीएसडी रैली के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए रूट्स की सीरीज तय की गई है, जिसके लिए सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखा गया है। ये रूट हाइवे के आकर्षक नज़ारों से होते हुए जयपुर के लक्जरी मैरियट होटल में स्थित फिनिश लाइन तक पहुंचेंगे। रैली का समापन जयपुर में होगा, जहां एक पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## अधिवक्ता मुक़ीम अहमद चौधरी बने सपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। ओखला के शाहीन बाग़ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता मुक़ीम अहमद चौधरी जी को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की स्वकृति के बाद समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने अधिवक्ता मुक़ीम अहमद चौधरी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए एडवोकेट मुक़ीम अहमद ने कहा कि में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी, अधिवक्त सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कन्हैया पाल जी का तहे दिल्ली से शुक्रिया अदा करता हूँ। जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा। साथ ही उन्होंने कहा कि अब मेरा सबसे पहला कार्य है कि में दिल्ली में सभी अदालतों से अधिवक्ता साथियों को समाजवादी पार्टी से जोड़ कर एक मजबूत टीम बनाने का प्रयास करूंगा।



## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी के तीन उम्मीदवार विजयी

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी को तीन सीटों पर जीत मिली है। छात्र संघ के चार पदों के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष, सचिव व संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी ने विजय प्राप्त की है।

वहीं उनकी मुख्य प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के इन पदों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। कोविड महामारी के चलते पिछले तीन वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजे इस प्रकार हैं-अध्यक्ष-तुषार डेढा (एबीवीपी), उपाध्यक्ष-अभी दहिया (एनएसयूआई), सचिव-अपराजिता (एबीवीपी), संयुक्त-सचिव-सचिन बैंसला (एबीवीपी)।



**एबीवीपी**

अध्यक्ष- तुषार डेढा
एबीवीपी - 23470 वोट
एनएसयूआई- 20435 वोट

**एनएसयूआई**

उपाध्यक्ष- अभी दहिया
एनएसयूआई - 22331
एबीवीपी- 20502

**एबीवीपी**

सचिव - अपराजिता
एबीवीपी- 24534
एनएसयूआई - 11597

**एबीवीपी**

संयुक्त सचिव - सचिन बैंसला
एबीवीपी- 24955
एनएसयूआई - 14960

## एबीवीपी की यह जीत राष्ट्रवादी सोच की जीत है: दिल्ली भाजपा

नई दिल्ली। डीयू चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर देश के राष्ट्रवादी युवाओं को बधाई देते हुए प्रदेश भाजपा मंत्री हरीश खुराना एवं बांसुरी स्वराज ने कहा कि एबीवीपी की यह जीत राष्ट्रवादी सोच की जीत है। डूसू चुनाव परिणाम यह दर्शाता है कि आज देश के युवा राष्ट्रवादी ताकतो के साथ खड़े हैं। पत्रकारों से बात करते हुए हरीश खुराना ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले यह राजधानी दिल्ली में अंतिम चुनाव है और इसका परिणाम बताता है कि देश की युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर पूरी तरह से विश्वास करती है। राजधानी में इस चुनाव का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पूरे देश से युवा छात्र डीयू में पढ़ने आते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ यह एबीवीपी के लिए एक बड़ी जीत है तो दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन की हार है।

बांसुरी स्वाराज ने एबीवीपी अध्यक्ष तुषार ढेढ़ा सहित सेक्रेटरी अपराजिता एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी सचिन बैसला की बड़ी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि एवीबीपी की यह जीत दर्शाती है कि युवाओं के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कितना लगाव है। पुरातन संस्कृति और आधुनिकता का समन्वय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा बनाया है जिससे हर वर्ग को उनसे लगाव हो जाए। उन्होंने कहा कि इस जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमेशा की तरह एवीबीपी के साथ मिलकर काफी मेहनत की और रिजल्ट सबके सामने हैं।

## प्रधानमंत्री आज नौ वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे


**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 सितम्बर 2023 को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश में कनेक्टिविटी में सुधार करने और रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी, उनके नाम हैं-

उदयपुर- जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (रेनिगुंटा के रास्ते) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सेप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस। ये नौ ट्रेनें 11 राज्यों- राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी।

ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के रूटों पर सबसे तेज गति से दौड़ेंगी और यात्रियों के समय में काफी बचत करेंगी। रूट पर मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे जल्दी सफर तय करेंगी। हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक समय की बचत करेंगी; तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक समय की बचत करेंगी। रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग एक घंटे के समय की बचत करेंगी तथा उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आंधे घंटे जल्दी सफर तय करेंगी।

## इस्कॉन द्वारका में राधाष्टमी उत्सव पर हुआ 'नौका विहार'

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। आनंद और उल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने के बाद अब इस्कॉन ने भक्तों के साथ राधाष्टमी उत्सव मनाया है। श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर इस्कॉन द्वारका दिल्ली में यह उत्सव उसी उल्लास और उमंग के साथ शनिवार को मनाया गया। इस बार उत्सव का विशेष आकर्षण रहा 'बोट फेस्टिवल' यानी 'नौका विहार उत्सव', जिसमें श्रीकृष्ण और श्रीमती राधारानी के प्रिय तालाब यानी कुंड और नौका को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। इस्कॉन द्वारका मंदिर के मुख्य विग्रह श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश ने इस विशेष सुसज्जित नौका में विराजमान होकर मानसी गंगा की लीला को चरितार्थ करते हुए नौका विहार किया। श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओं में से उनकी यह नौका विहार लीला भगवान को अत्यंत प्रिय है, जिसका वर्णन श्रील जीवस्वामी अपने ग्रंथ 'गोपाल चंपू' में करते हैं। वह बताते हैं कि एक बार सभी गोपियां दही और मक्खन से भरे बर्तन लेकर मानसी नदी के तट पर गईं। नदी को पार करने की इच्छा से वे एक नाव में बैठ गईं और नाविक से चलने को कहा।



## पॉक्सो मामले में सीबीआई के लिए वरिष्ठ लोक अभियोजक नियुक्ति का खुला रास्ता

**नई दिल्ली,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों में आरोपियों को सजा दिलाने का रास्ता खुल गया है। इस मामले में लंबे समय से सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजकों (एसपीपी) की नियुक्ति नहीं हुई। इसे गंभीरता से लेते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजकों,लोक अभियोजकों की नियुक्ति के लिए सभी फाइलों,प्रस्तावों को वापस लेकर उन्हें आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 24(8) के तहत आवश्यक नियुक्तियों,अधिसूचनाओं के लिए गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। दरअसल इनकी नियुक्ति का मामला लंबे समय से प्रभारी मंत्री के स्तर पर लंबित था। ऐसे में दिल्ली सरकार के प्रमुख गृह सचिव ने प्रस्ताव दिया कि मामले को गृह मंत्रालय को भेज दिया जाए। इस मामले में आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी ) की धारा 24 (8) के तहत दी गई केंद्र की शक्तियों का उपयोग करते हुए गृह मंत्रालय से मंजूरी ली जा सकती है सीबीआई को इसके बारे में सूचित किया जा सकता है। उपराज्यपाल कार्यालय का कहना है कि उपराज्यपाल ने सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजकों (एसपीपी) की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी करने में दिल्ली

- **उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय की मंजूरी प्रस्ताव को किया स्वीकार, एक साल से लंबित है मामला**
- **सीबीआई ने 20 से अधिक मामले किए दर्ज, लेकिन आरोपी को नहीं दिला पाए सजा**
- **उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार को किया कटखड़े में खड़ा**

सरकार की तरफ से की गई देरी को गंभीरता से लिया है। इसके अभाव में पिछले नौ महीनों से दिल्ली की विभिन्न विशेष अदालतों में पॉक्सो मामलों की सुनवाई रुकी हुई है। ऐसे मामालों में मुकदमा अपराध के संज्ञान की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाना है।

इस बारे में उपराज्यपाल का कहना है कि इससे जुड़ी फाइल जनवरी से दिल्ली के गृह विभाग के मंत्री के पास लंबित थी। जनवरी 2023 से दिल्ली के मुख्यमंत्री और गृह विभाग के मंत्री कैलाश गहलोत के बीच स्थानांतरित होने के बाद, फरवरी 2023 से गृह मंत्री, दिल्ली सरकार के स्तर पर लंबित थीं। उपराज्यपाल का कहना है कि बलात्कार और पॉस्को अधिनियम से संबंधित मामलों से निपटने में इस तरह का सुस्त और असंवेदनशील रवैया, ऐसे जघन्य अपराधों के अपराधियों को अनुचित लाभ देने के ही बराबर है।

### सीबीआई ने दर्ज किया 20 से अधिक मामले

सीबीआई ने सूचित किया है कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से बाल यौन शोषण सामग्री के प्रसार, स्टोरेज और देखने के आरोपों पर उसके द्वारा 20 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। एसपीपी की नियुक्ति में देरी से जांच एजेंसी के मामले पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और मासूम बच्चों के खिलाफ अपराध के अपराधियों को अनुचित लाभ मिल सकता है।

### गृह विभाग ने भेजा प्रस्ताव

मंत्री स्तर पर प्रस्ताव भेजने के अभाव में प्रमुख सचिव (गृह) ने प्रस्ताव दिया कि मामले को भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भेजा जाए और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 24(8) के तहत दी गई शक्तियों का उपयोग कर केंद्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी प्राप्त की जाएगी और सीबीआई को सूचित किया जाएगा।


## विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

**भोडवाल माजरी में दिनांक 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक निरंकारी सन्त समागम कार्यक्रम के दौरान रेलयात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय– सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:–**

**04662/04661 फिरोज़पुर कैंट जं. – नई दिल्ली – फिरोजपुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04662 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04661 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:25 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 04:00 | -- |
| 23:15 | -- | नई दिल्ली | -- | 16:55 |

चलने की तिथि : **04662 फिरोज़पुर कैंट जं.** से दिनांक **02.11.2023** (गुरूवार) को एवं **04661 नई दिल्ली** से दिनांक **03.11.2023** (शुक्रवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04674/04673 फिरोज़पुर कैंट जं. – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04674 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04673 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 03:00 | -- |
| 10:05 | -- | दिल्ली जं. | -- | 15:30 |

चलने की तिथि : **04674 फिरोज़पुर कैंट जं.** से दिनांक **02.11.2023** (गुरूवार) को एवं **04673 दिल्ली जं.** से दिनांक **03.11.2023** (शुक्रवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी जं., नाभा, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**02402/02401 फिरोज़पुर कैंट जं. – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 02402 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02401 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:25 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 15:45 | -- |
| 23:15 | -- | दिल्ली जं. | -- | 04:45 |

चलने की तिथि : **02402 फिरोज़पुर कैंट जं.** से दिनांक **24.10.2023** (मंगलवार) को एवं **02401 दिल्ली जं.** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं. समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**02404/02403 फिरोज़पुर कैंट जं. – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 02404 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02403 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 21:30 | -- |
| 10:05 | -- | दिल्ली जं. | -- | 10:45 |

चलने की तिथि : **02404 फिरोज़पुर कैंट जं.** से दिनांक **24.10.2023** (मंगलवार) को एवं **02403 दिल्ली जं.** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी जं., नाभा, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04650/04649 फिरोज़पुर कैंट जं. – नई दिल्ली – फिरोजपुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (4 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04650 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04649 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:35 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 09:15 | -- |
| 21:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 22:30 |

चलने की तिथि : **04650 फिरोज़पुर कैंट जं.** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) एवं **03.11.2023** (शुक्रवार) को एवं **04649 नई दिल्ली** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) एवं **03.11.2023** (शुक्रवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं. समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04670/04669 फाज़िल्का – दिल्ली जं. – फाज़िल्का स्पेशल रेलगाड़ी (4 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04670 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04669 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | फाज़िल्का | 09:30 | -- |
| 19:30 | -- | दिल्ली जं. | -- | 20:15 |

चलने की तिथि : **04670 फाज़िल्का** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) एवं **03.11.2023** (शुक्रवार) को एवं **04669 दिल्ली जं.** से दिनांक **25.10.2023** (बुधवार) एवं **03.11.2023** (शुक्रवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** लाधुका, जलालाबाद, गुरूहरसहाय, फिरोजपुर कैंट, तलवंडी, मोगा, जगराओं, मुल्लांपुर, लुधियाना, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में अपने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट http://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. **139**

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे किनारे के पास सेक्टर-151 में मुख्य और आंतरिक सड़क पर पहुंच के लिए रैंप बनाया जाएगा। इस पर एक करोड़ 34 लाख 22 हजार रुपए का खर्च आएगा। इसी सेक्टर में बनी जेपी अमन सोसाइटी के चारों ओर नाली और फुटपाथ की मरम्मत का काम होगा, जिस पर एक करोड़ दो लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। **श्रीपाल भाटी, प्राधिकरण डीजीएम**



## लोनी में दो मंजिला मकान गिरा मलबे में दबकर महिला समेत दो की मौत, कई घायल

**गाजियाबाद,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। लोनी कोतवाली क्षेत्र के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को एक दो मंजिला मकान भर भरा कर गिर पड़ा जिसमें 5-6 लोग दब गए हैं। मौके से एक महिला व एक पुरूष का शव निकल गया है। बाकी सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गए हैं और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मलबे में पांच से छह लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है है पहले जोरदार धमाका हुआ और फिर मकान गिर गया।

लोनी के रूपनगर कॉलोनी स्थित दो मंजिला मकान आज सुबह भर भराकर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय मकान में पांच से छह लोग थे। आसपास के लोगों का कहना है कि इस मकान के अंदर आतिशबाजी और पटाखे बनाने का काम हो रहा था। धमाके के साथ मकान गिरा है। पूनम शर्मा नामक महिला व इमरान नामक पुरूष के शव मलबे के ढेर से निकाले जा चुके हैं।

# मोटो जीपी एनसीआर को देगा 1000 करोड़ का कारोबार

- आज होगी निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक
- मोटो जीपी की दुनिया में दूसरे नंबर पर है फैन फालोइंग

**नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। दुनिया में टॉप 10 स्पोर्ट्स में शामिल मोटो जीपी रेस का ग्लोबली इफेक्ट के साथ दिल्ली एनसीआर में इसका आर्थिक असर दिखने लगा है। फेयर स्ट्रीट सीओओ पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में मोटोजीपी 1,000 करोड़ रुपए का कारोबार ला सकता है। इंडोनेशिया के लोम्बोक द्वीप में अपने पिछले मोटो जीपी के आयोजन से करीब 1,700 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। साथ ही यहां अस्थायी रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा और बड़ी संख्या में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

इसका प्रत्यक्ष प्रमाण ये है कि इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में 1.5 लाख के करीब लोग रेस देखने आएंगे। विदेशों से 10000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट्स बिक रहे हैं। इसके अलावा होटल इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा बेनिफिट मिल रहा है। इस आयोजन से नोएडा-ग्रेटरनोएडा और दिल्ली के अधिकतर होटल फुल है।

प्रदेश में इसी वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 35 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रदेश में निवेश आया था। इसमें दुनिया की सभी प्रमुख कंपनियों की भी व्यापक उपस्थिति थी। इस मौके को प्रदेश में निवेश को गति देने के अवसर के तौर भुनाने के लिए भी योगी सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमड्ब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं, ऐसे में योगी सरकार की प्राथमिकता इन कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। बैठकों के जरिए प्रदेश में अगर इन कंपनियों के निवेश का रास्ता साफ हो गया तो इससे ब्रांड यूपी की वैश्विक उलब्धि और ज्यादा बढ़ेगी।

**दुनिया भर में 500 मिलियन लोग मोटोजीपी के है फैन**

मोटर स्पोर्ट्स की बाते करे तो फॉर्मूला वन रेस के बाद दूसरे नंबर पर मोटो जीपी की फोलोर्वशिप है। दुनिया भर में करीब 500 मिलियन लोग मोटोजीपी के फेन है। वहीं फार्मूला वन रेस पहले स्थान पर करीब 731 मिलियन, डब्ल्यूआरसी के 413 मिलियन, फार्मूला ई 413, मोटो ई, डेकर रैली के 401 मिलियन, 284 मिलियन, एक्स्ट्रीम के 258 मिलियन फैन है। अकेले भारत में 54 मिलियन लोग इसे देखना पसंद करते है। हालांकि इस मामले में चाइना हमसे कहीं ज्यादा करीब 103 मिलियन पर है। ये सभी आकड़े नाइलसन स्पोर्टस फेन इनसाइट्स के तहत जारी किए गए है। इतनी बड़ी संख्या में भारत में फेन फॉलोर्वशिप के अलावा मोटर बाइक के मामले में इंडिया की पोटेंशिल मार्केट सबसे ज्यादा है।

**मोटोजीपी भारत से इन सेक्शन को मिलेगी ज्यादा मजबूती**

पर्यटन को बढ़ावा (टूरिज्म सेक्टर), आर्थिक लाभ (इकोनॉमी ग्रोथ), बुनियादी ढांचे का विकास (इंफ्रास्ट्रक्चर), स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना (कल्चरल एक्टिविटी)।

### मोटो जीपी में फ्लैग के नियम

- चैकदार फ्लैग इसे रेस खत्म होने पर लहराया जाता है।
- पीला झंडा आगे किसी तरह का खतरे का संकेत है
  हरा झंडा कोई खतरा नहीं
- लाल झंडा एक्सीडेंट होने पर राइडर्स के पिट पर वापस आना होता है।
- नीला झंडा इसका अर्थ पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे राइडर को ओवरटेक करने की जगह देना। तीन बार के बाद इस पर जुर्माना लग जाता है।
- पीला और लाल धारी
- झंडा ट्रैक पर तेल आदि फैला है।
- काले झंडे के बीच नारंगी गोला राइडर की बाइक में कोई दिक्कत आ गई है उसे वापस पिट पर जाना चाहिए
- काला झंडा राइडर को रेस से हटा दिया गया है वो तत्काल पिट पर लौट जाए।
- रेडक्रॉस वाला झंडा रेस ट्रैक पर किसी हिस्से में बारिश हो रही है।



## मिसिंग डॉग के पोस्टर हटाने पर विवाद, महिला ने व्यक्ति का कॉलर पकड़ा

**नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-75 स्थित एम्स गोल्फ ऐवन्यू सोसाइटी में एक महिला का डॉग खो गया। महिला ने उसके पोस्टर दीवार पर लगा दिए। इसी सोसाइटी में दीपावली को लेकर पेंटिंग का काम किया जा रहा है। पोस्टर लगने की वजह से पेंट खराब हो रहा था। इसका सोसाइटी के ही एक व्यक्ति ने विरोध किया। जिसके बाद महिला और व्यक्ति के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है महिला ने व्यक्ति के थप्पड़ मारने का प्रयास किया उसके बाल खींचे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया गया कि ये वीडियो दो दिन पुराना है। पुलिस ने बताया कि सोसाइटी में डॉग लवर महिला आर्शी सिंह का डॉग मीसिंग हो गया था। उसकी तलाश के लिए उन्होंने सोसाइटी दीवार पर पोस्टर लगा दिए थे। इसी पोस्टर को हटाए जाने को लेकर आर्शी सिंह और नवीन मिश्रा के बीच विवाद गहरा गया। नौबत यहां तक आ गई कि दोनों के बीच हाथ पाई तक होने लगी। नवीन मिश्रा ने बताया कि सोसाइटी में दीपावली को लेकर रिपेयर और पेंट का काम चल रहा है। जिस वजह से पोस्टर लगाए जाने के कारण दीवारों में खरोच और पेंट खराब हो रहा था। इसे लेकर AOA टीम से शिकायत की गई थी। जिसके बाद टीम ने पोस्टर को हटवा दिया।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्य केंद्र का सांसद ने किया निरीक्षण



**बुलंदशहर।** झाझर स्थित नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा ने निरीक्षण किया। झाझर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का कुछ माह पहले निर्माण कराया गया। परंतु स्वास्थ्य केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं समेत किसी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई। ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। तथा शीघ्र ही मूलभूत सुविधाएं दिलाने की बात कही।

### सलाम नमस्ते में न्यूट्री इंडिया कैम्पेन का आयोजन



**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते 90.4 में पोषण माह अभियान के तहत न्यूट्री इंडिया कैम्पेन का आयोजन हुआ। शनिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि सद्रग एनजीओ की कॉर्डिनेटर अलका दुबे एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग गौतमबुद्ध नगर की डीपीओ पूनम तिवारी ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कर्मियों के साथ 'सही पोषण देश रौशन' विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते पुनम तिवारी ने कहा कि यह वर्ष माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मिलट वर्ष घोषित किया गया है। जन-जन में मोटे अनाज को अपने नियमित खानपान में शामिल करना सही पोषण के लिए आवश्यक है।

### एवियर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन



**नोएडा।** एवियर एजुकेशनल हब ने अपने 2023 सत्र में स्नातक हुए छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर जनरल एसके शुक्ला, कॉलेज की डायरेक्टर कनिका सिंह व सभी शिक्षक शामिल हुए। डायरेक्टर कनिका सिंह ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि एवियर संस्थान हमेशा छात्रों के साथ जुड़ा रहेगा व हर मोड़ पर सहयोग के लिए खड़ा रहेगा। संस्थान के कई छात्र छात्राएं एक अलग मुकाम हासिल कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं ऐसी ही उम्मीद सभी छात्र छात्राओं से है। इस मौके पर विभिन्न डिपार्टमेंट के सीनियर छात्रों ने कॉलेज में बिताए पिछले 3 साल के अनुभवों को साझा किया। जूनियर छात्रों ने संस्थान से विदा हो रहे छात्रों के लिए कई रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत-संगीत, कॉमेडी, फैशन शो कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रोफेसर और छात्रों की आंखें नम हो गई। सभी प्रोफेसर ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और करियर में सफलता के नए सोपान चढ़ने के लिए कई सीखें दी।

## रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर मैदान में नगर आयुक्त

- रात्रि में ही साफ करें बाजार : विक्रमादित्य सिंह मलिक



**गाजियाबाद,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने आज रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। मलिक ने कवि नगर सी ब्लॉक मार्केट, सेक्टर-23 संजय नगर मार्केट, रमते राम रोड, राजनगर सेक्टर-10 की मार्केट, विजयनगर गौशाला फाटक, सम्राट चौक, राजेंद्र नगर मार्केट, लाजपत नगर मार्केट, कौशांबी सेंट्रल पार्क, वसुंधरा मार्केट एरिया वैशाली मार्केट एरिया, तुरब नगर मार्केट विवेकानंद नगर व अन्य सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले बजारी क्षेत्र का निगम अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने बाजार के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते समय व्यापारियों से वार्ता की साथ ही उन्हें अपनी प्रतिष्ठान, दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा स्वयं सफाई में सहयोग करने के लिए कहा, रेहडी, पटरी व्यापारियों से भी नगर आयुक्त ने व्यवस्थित रहने की अपील की, मौके पर शहर में रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था स्वास्थ्य प्रहरियों द्वारा बेहतर की जा रही थी जिसकी प्रशंसा नगर आयुक्त महोदय द्वारा की गई तथा सफाई मित्रों को उनके कार्य के लिए उत्साहित भी किया गया। व्यापारियों द्वारा नगर आयुक्त के रात्रि भ्रमण पर प्रशंसा जाहिर करते हुए स्वच्छता में सहयोग के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया स्वयं अपने बाजार के क्षेत्र में सफाई कराई, निगम की टीम का धन्यवाद भी जताया रात्रि भ्रमण के दौरान मौके पर अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जर्जर भवन का जल्द होगा सौन्दर्यीकरण : महापौर

- महापौर ने चिरंजीव विहार सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया



**गाजियाबाद,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने आज वार्ड 56 चिरंजीव विहार में सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। महापौर ने इस भवन का सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए।

यह भवन नगर निगम द्वारा लगभग 8 वर्ष पहले बनाया गया था लेकिन पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति से विवाद के कारण कार्य कर गया बाद में वाद का निस्तारण भी हो गया लेकिन उसके बाद किसी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई पार्षद की शिकायत पर महापौर ने स्वयं मौका मुआयना किया और संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर स्थिति जानी। इसके साथ साथ महापौर ने पार्षद के साथ वार्ड का निरीक्षण किया जिसमें अवंतिका गेट न 1 की मुख्य सड़क देखी जिसकी हालात बहुत खराब थी। लोगो ने बताया कि जब से निगम क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनी आयी है तभी से उपरोक्त सड़क आज तक बनी नही है महापौर ने उपरोक्त सड़क को लेकर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद मनोज त्यागी, अवर अभियंता राजेन्द्र कुमार, अशोक रावत, हरिहर शुक्ला, एस के उप्पल, सी पी गुप्ता, प्रणव गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एचपीडीए उपाध्यक्ष अवैध निर्माण को लेकर सख्त



- अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज

**हापुड़,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। एचपीडीए (हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण) के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने शनिवार को ग्राम पिलखुवा देहात के खसरा संख्या- 216/980 औचक निरीक्षण किया। वहां पर प्रॉपर्टी डीलर राजेश गौतम द्वारा किये गए अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को राजेश गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत किसी भी तरह का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के के दौरान अवैध रूप से प्लाटिंग पाई गई जिस पर श्री गौड़ ने नाराजगी व्यक्ति की और संबंधित अवर अभियंता रिशिपाल से जवाब तलब किया ऋषिपाल ने बताया कि यहां पर अभियान के दौरान पूर्व में अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया गया था लेकिन उन्हें प्रॉपर्टी डीलर ने अभय निर्माण कर लिया डॉ. नितिन गौड़ ने निर्देश दिए की तत्काल संबंधित प्रॉपर्टी डीलर राजेश गौतम के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाए।

उपाध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिए गए कि प्राधिकरण विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कहीं भी अनाधिकृत प्लाटिंग किसी भी दशा में न होने दी जाए तथा अनाधिकृत प्लाटिंग प्रारम्भ होते ही उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत तत्काल प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वह अवैध कॉलोनी में कोई संपत्ति ना खरीदें जिस कॉलोनी का लेआउट प्लान प्राधिकरण से स्वीकृत है वहीं पर प्लॉट अथवा भवन खरीदे ताकि होने वाले संभावित नुकसान से बच सकें।

## मुरादनगर गंगनहर में दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की डूबने से मौत, गोताखोरों ने निकाला शव



**गाजियाबाद,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मुरादनगर स्थित गंगनहर में दोस्तों संग नहाते वक्त एक युवक की डूबने के कारण मौत हो गई। युवक गंगनहर में गुरूवार दोपहर करीब 2 बजे साथियों के साथ स्नान करने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस व ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। शव निकालने के लिए पुलिस ने मौके पर गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों घंटों खोजबीन के बाद शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे शव को गंगनहर से निकाल पाए।

जानकारी के मुताबिक गुरूवार दोपहर करीब 2 बजे गोकलपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी 24 वर्षीय अनिल मुरादनगर गंगनहर में नहाते वक्त डूब गया है।

गोताखोरों द्वारा विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करते हुए (शुक्रवार) दोपहर लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर अनिल के शव को नहर से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया। गर्मी बढ़ते ही मुरादनगर गंगनहर पर युवाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। पुलिस हर वक्त मौजूद रहती है। इसके बाद भी कुछ लड़के नहीं मानते और नहाते हुए गहरे पानी में चले जाते हैं। इसके चलते ये हादसे होते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी में नहर पर बढ़ते स्नान को देखते हुए वहां चौकसी और ज्यादा बरती जा रही है।

## सड़क को गड्ढ़ा मुक्त बनाने के लिए होगी मरम्मत, टेंडर जारी

**नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-60 अंडरपास से सेक्टर-62 मॉडल टाउन तक सड़क गड्ढा मुक्त होगी। इसके लिए प्राधिकरण ने सड़क की मरम्मत कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर में शामिल होने के लिए कंपनियां 26 सितम्बर तक आवेदन कर सकती हैं। सेक्टर-60 से सेक्टर-62 होकर वाहन चालक ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे समेत शहर के अन्य स्थानों की ओर आते-जाते हैं। अभी इस सड़क में गड्ढ़े हो रखे हैं। इससे चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की भी समस्या होती है। लोग इस रास्ते पर गड्ढ़े की वजह से हो रही परेशानियों से नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत करा रहे थे। ऐसे में अब प्राधिकरण ने इसकी मरम्मत कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है।

**26 सितम्बर तक कर सकती आवेदन**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क पर डीबीएम और बीसी बिछाने का काम किया जाएगा। इसके लिए नौ करोड़ 81 लाख 83 हजार रुपए का टेंडर जारी किया जाएगा। इस टेंडर में शामिल होने वाली कंपनियां 26 सितम्बर की शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकती हैं। यह टेंडर अगले दिन सुबह 11 बजे खोला जाएगा। नोएडा प्राधिकरण ने सिविल से जुड़े कई अन्य काम के लिए टेंडर जारी किया है। प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी ने बताया कि नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे किनारे के पास सेक्टर-151 में मुख्य और आंतरिक सड़क पर पहुंच के लिए रैंप बनाया जाएगा। इस पर एक करोड़ 34 लाख 22 हजार रुपए का खर्च आएगा। इसी सेक्टर में बनी जेपी अमन सोसाइटी के चारों ओर नाली और फुटपाथ की मरम्मत का काम होगा, जिस पर एक करोड़ दो लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-151 में बारात घर की मरम्मत, 45 मीटर चौड़ी सेंट्रल वर्ज और फुटपाथ का निर्माण होगा। इन काम पर एक करोड़ 63 लाख 83 हजार रुपए प्राधिकरण खर्च करेगा। सेक्टर-162 के विकास कार्यों पर चार करोड़ रुपए खर्च होंगे। सेक्टर-63 में 30 मीटर चौड़ी सड़क पर डी से एच ब्लॉक के पास आरसीसी नाली, पुलिया, नाला कवर करना एवं फुटपाथ का काम किया जाएगा। सेक्टर-59 में मिंडा कंपनी से सेक्टर-60 अंडरपास तक नाली, पुलिया, नाला कवर करना और फुटपाथ बनाने का काम किया जाएगा।

## दिन में छाया अंधेरा तेज बारिश से जलभराव

- उमस से मिली राहत, 12 घंटे तक बारिश होने की संभावना





**नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में तेज तूफान के साथ आकाश में काले बादल छा गए। दोपहर करीब एक बजे भारी बारिश होने लगी। बारिश की वजह से लोगों को वाहनों की लाइट जलानी पड़ गई। कई स्थानों पर पेड़ टूट और सड़को पर जलभराव की समस्या आ गई। आईएमएडी की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को शाम तक भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा आगामी दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे। वहीं तेज बारिश के चलते कई सेक्टरों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है। हालांकि ये आलम पूरे नोएडा का नहीं है। तेज बारिश का असर नोएडा से सटे पश्चिमी दिल्ली में ज्यादा दिखा। यहां भी कई पेड़ गिरे है। तेज बरिश के बाद भी वातावरण में नमी की मात्रा 76 प्रतिशत रही। वहीं हवा की रफ्तार 6 किमी प्रतिघंटा रही। बारिश की वजह से दिल्ली नोएडा रूट पर कई स्थानों पर जाम भी लगा है। हालांकि इस बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। बारिश के दौरान अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

**कुछ देर की बारिश से यहां हुआ जलभराव**

नोएडा में कुछ देर की बारिश ने नोएडा प्राधिकरण की पोल खोल दी है। नोएडा के सेक्टर-37 यू टर्न के पास जलभराव, नोएडा महामाया के नीचे भरा पानी, तेज हवाओं के कारण महामाया के पास गिरा पेड़, पेड़ गिरने से सड़क मार्ग हुआ बंद, नोएडा बोटैनिकल गार्डन के पास सड़क बनी तालाब, सभी जगह बारिश का पानी भरे होने के कारण वाहनों और आने जाने वाले लोगो को हो रही है काफी परेशानी, नोएडा में प्राधिकरण द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद तस्वीरें जस की तस है।

## घेराव नहीं धरना रहेगा जारी, 26 को होगी वार्ता

**नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में ग्रुप 108 बिल्डर और प्राधिकरण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना 79 वें दिन भी लगातार जारी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि जिला प्रशासन और नोएडा प्राधिकरण द्वारा किसान की जमीन की पैमाइश होने के बावजूद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की। इस बात से नाराज होकर किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत घेराव करने की घोषणा की थी, जिसको लेकर जिला प्रशासन के हाथ पैर फूल गए थे। आनन फानन में किसानों की मांगों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भारतीय किसान यूनियन बलराज के नेतृत्व में किसानों संग वार्ता 21 सितम्बर की शाम साढ़े सात बजे से रात साढ़े नौ तक करीब घंटे चली। कुछ मुद्दों पर सकारात्मक प्रभाव दिखाई दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आश्वस्त किया है कि 26 सितम्बर को दोबारा शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में वार्ता कर किसान की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। किसानों की सर्वसम्मति से 23 सितम्बर को मुख्यमंत्री के घेराव की घोषणा को स्थगित कर दिया है लेकिन अनिश्चितकालीन धरना सुचारू रूप से समाधान होने तक जारी रखा है।

## सेवा भारती का दो दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**गाजियाबाद,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वावधान तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय से आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण वर्गशनिवार से प्रारंभ हो गया। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा भारती के स्वप्रेरित स्वयंसेवकों को एक आपदा सुरक्षित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार करना है। यह प्रतिक्षण शिविर 24 सितम्बर तक चलेगा। जिसमें राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आपदा के समय कैसे जन-मानस की सेवा की जाती है साथ इसमें और अधिक गुणवत्ता एवं सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, जम्मू एंड कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के 85 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि राष्ट्रीय आपदा प्रत्युत्तर बल के पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि थे। बुंदेला ने एनडीआरएफ की स्थापना का औचित्य उसकी उपयोगिता, उपलब्धी एवं प्रशिक्षिण के महत्व पर चर्चा की। तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र (पश्चिमी उत्तर प्रदेश)



संघचालक सूर्य प्रकाश टोंक ने अलग-अलग प्रान्त से आए शिक्षार्थि के आपातकालीन परिस्थिती में स्वयंसेवकों के भूमिका व योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती के संगठन मंत्री सुधीर, सह मंत्री विजय पुराणिक, राम कुमार, श्रवण, कृष्ण कुमार, पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सेवा प्रमुख धनीराम, मेरठ प्रांत के कुलदीप, आनंद तथा सेवा भारती व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक सेवा भारती, वैशाली महानगर के महामंत्री योगेश कौशिक ने मंच संचालन किया।

उवाच "

यह आयोजन पूरे देश में व्यापार की ईकाइयों पर एक बड़ा प्रभाव छोड़ेगा। एक्सपो सेंटर एंड मार्ट कई बड़े आयोजनों की मेजबानी कर रहा है। इसे शो से व्यापार और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार करने में मदद मिलेगी। सीईओ अभिषेक प्रकाश ने यूपी में उभर रहे व्यापार और व्यवसाय के असीमित अवसरों पर उल्लेखनीय जानकारी दी।

**मधुसूदन दादू, कलर जेट**

# कैपिटल ज़ोन

## इनोवेशन, स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप व टाइम मैनेजमेंट के नाम रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा दिन



- इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस में अलग-अलग सेक्टर्स के एक्सपर्ट्स ने दिए निवेशकों को सफलता के मंत्र
- उद्यमियों को योगी सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश के लिए उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी दी गई जानकारी
- एकेटीयू के एक्सपर्ट्स ने उत्तर प्रदेश में इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल पर की विस्तार से चर्चा
- मुंबई डब्बावाला के एमडी ने प्रतियोगी युग में सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए टाइम मैनेजमेंट की आवश्यकता पर दिया बल

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक मंच दिलाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन शनिवार विभिन्न सेशंस का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने में इनोवेशन का महत्व, स्टार्टअप की संभावनाओं, युवाओं को एंटरप्रेन्योरशिप के मंत्र और इंडस्ट्री में टाइम मैनेजमेंट की जरूरत पर बल दिया गया। विभिन्न सेक्टर्स से आए एक्सपर्ट्स ने जहां एक ओर निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए तो वहीं योगी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी जानकारी दी गई। वहीं, मुंबई डब्बावाला के एमडी ने व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को सबसे आवश्यक बताया। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से न सिर्फलोकल एग्जिबिटर्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्लोबल बायर्स को भी उत्तर प्रदेश से जुड़ने का अवसर दे रही है।

### यूपी में इंडस्ट्री में इनोवेशन को दिया जा रहा विशेष महत्व

इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन पहला सेशन इनोवेशंस पर आधारित था। सुबह 11.30 से 12.30 तक आयोजित इस सेशन में उत्तर प्रदेश में बिल्डिंग इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम का माहौल कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की गई। सेशन में अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे, जिनमें इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, इनोवेशन हब के प्रबंधक रितेश सक्सेना व वंदना शर्मा ने उत्तर प्रदेश में किस तरह से इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मुख्य विषयों में इनोवेशन हब के बारे में, उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप पॉलिसी-2020 और फंडिंग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बिल्डिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम पर एकेटीयू के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़े इंडस्ट्री हब के रूप में नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस अनोखे ट्रेड फेयर में जिस तरह निवेशक रुचि ले रहे हैं इसके पीछे यही मुख्य कारण है कि प्रदेश में इंडस्ट्री में इनोवेशन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ाने के लिए इनोवेशन पर काम करना जरूरी है, जिसके लिए प्रदेश में पूरा माहौल बन रहा है।

### आज के समय की मांग है एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप

दूसरा सेशन 12.30 से 1.30 बजे तक रहा, जिसमें एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप पर चर्चा हुई। इसमें पहला विषय यूथ-एंटरप्रेन्योरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट- नीड ऑफ द आवर रहा। दूसरा विषय एकेडमिया कोलैबोरेशन- स्ट्रेथिंग इनवेशन इकोसिस्टम और तीसरा विषय एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप- अमृतकाल का महत्व रहा। इस सेशन में गौतमबुद्ध नगर स्थित शारदा, शिव नादर और एमिटी यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स ने परिचर्चा में भाग लिया। इस दौरान प्रदेश में उच्च शिक्षा के महत्व और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप विषय पर बोलते हुए शारदा यूनिवर्सिटी के डॉ. अमित सहगल ने कहा कि आज के दौर में एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एकेडमिया और इंडस्ट्री का नेचर अलग-अलग है, अगर एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप की प्रवृति बढ़ेगी तो कॉलेज, यूनिवर्सिटी से निकलने के बाद छात्रों को इंडस्ट्री के नेचर को समझने में दिक्कत नहीं होती है।

### व्यवसाय में आगे रहने के लिए जरूरी है लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन और टाइम मैनेजमेंट

तीसरा सेशन 2. 30 से 4 बजे तक चला, जिसमें लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को लेकर मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुंबई डब्बावाला के एमडी डॉ. पवन अग्रवाल ने अपने सफर के बारे में विस्तार से बताते हुए व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट कैसे किया जाता है, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट बहुत जरुरी है, क्योंकि तभी ग्राहकों को उच्च क्वालिटी की सेवा दी जा सकती है। अगर कोई इंडस्ट्री सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट में पीछे है तो उसकी ग्रोथ भी उतनी ही पीछे होगी। डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में सप्लाई चेन को सबसे जरूरी रूप से मजबूत करने और टाइम मैनेजमेंट को बहुत अधिक आवश्यकता है। यह इसीलिए क्योंकि हमारी पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक एक निश्चित समयावधि तक हो सके।

## तीसरे दिन यूपी इंटनेशनल ट्रेड में दर्शकों का उमड़ा जनसैलाव





- वीकेंड पर करीब 42000 से ज्यादा लोगों ने लोगों यूपी इंटरनेशनल ट्रेड का उठाया लुत्फ
- आज ट्रेड शो में सबसे ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2 का तीसरा दिन शनिवार जबरदस्त सफलता लेकर आया, जिसने भारी संख्या में खरीदारों, व्यापारियों और आगंतुकों को आकर्षित किया। शनिवार 19 हजार से ज्यादा खरीदारों और लगभग 42000 हजार आगंतुकों के आगमन के साथ व्यापार मेले का तीसरा दिन सरगर्मियों से भरपूर रहा। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित इस मेगा सोर्सिंग इवेंट ने घरेलू और वैश्विक ब्रांडों को अपने उत्पादों और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

अमूल, ओप्पो, कलरजेट सहित विभिन्न क्षेत्रों के स्टॉल्स में भारी हलचल देखी गई। यूपीआईटीएस 2023 में भाग लेने पर प्रसन्नता महसूस करते हुए, ओप्पो इंडिया के निपुन राठी ने कहा कि यह आयोजन एक शानदार अवसर हैं। इससे कंपनी को अपने ब्रांड, उत्पाद और यहां तक कि अपनी तकनीकी शक्तियों का प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। यह आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों, बाधाओं और अन्य चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। यह न केवल घरेलू ब्रांडों के लिए बल्कि वैश्विक ब्रांडों के लिए भी एक बड़ा अवसर है और यहां की गई व्यवस्थाएं शानदार हैं।

कलर जेट के मधुसूदन दादू ने कहा कि यह आयोजन पूरे देश में व्यापार की ईकाइयों पर एक बड़ा प्रभाव छोड़ेगा। एक्सपो सेंटर एंड मार्ट कई बड़े आयोजनों की मेजबानी कर रहा है। इसे शो से व्यापार और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार करने में मदद मिलेगी। सीईओ अभिषेक प्रकाश ने यूपी में उभर रहे व्यापार और व्यवसाय के असीमित अवसरों पर उल्लेखनीय जानकारी दी। यूपीएसआईडीए के सीईओ श्री मयूर माहेश्वरी ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर एक आकर्षक प्रस्तुति दी और कहा कि ज्यादातर व्यवसायों को लॉजिस्टिक लागत का सामना करना पड़ता है, जिसे यूपी ने कम करने की कोशिश की है।

वीकेंड के कारण शनिवार को तीन बजे के बाद यूपी इंटरेशन ट्रेड शो देखने के लिए दर्शकों को भीड़ धीरे-धीरे के बढ़ने शुरू हुई। चार बजे के बाद ट्रेड शो देखने के लिए इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर दर्शकों से खचाखच भर गया। सबसे ज्यादा लोगों को विभिन्न जिलों के लिए एक जिला एक उत्पाद पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। विभिन्न देशों से विदेशी दर्शक भी ट्रेड शो को देखने के लिए अच्छी खासी संख्या में पहुंचे। ट्रेड शो में सांस्कृतिक प्रदर्शनों का भी लोगों लुत्फ उठाया। यूपीआईटीएस 2023 न केवल राज्य की आर्थिक क्षमता का प्रमाण है बल्कि वैश्विक व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। रविवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में सबसे ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद की जा रही है।

## अंबेडकर नगर का उत्पाद भारतीयों के साथ विदेशियों को भी खूब भाया

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इंडिया एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया है जो 21 से 25 सितम्बर तक चलेगा। इस शो में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जनपदों के शिल्पकारों को स्थान दिया है। इस दौरान अंबेडकर नगर जिले से आये कासिम जो कपड़े का कारोबार करते हैं। उन्होंने अंबेडकर नगर जिले के उत्पाद को प्रदर्शित किया, जिसको देखने के लिए देश विदेश के लोगों ने उपनी रुचि दिखायी है। कासिम अंसारी ने बताया कि पहली बार जनपद अंबेडकर नगर से आकर इतने बड़े मेले में अपने उत्पाद को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि हमने देखा उत्तर प्रदेश सरकार ने हर जनपद को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच बनाने के लिए प्रयासरत है। एक छोटे से जिले के उत्पाद को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का जो अवसर मिला है उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उन्होंने बताया कि हमारे उत्पाद को ब्राजील, इंग्लैड, जर्मनी, खरीदार हमारे पास आये इससे बड़ी हमारी क्या उपलब्धि हो सकती है, आज प्रदेश सरकार के सहयोग से हम अपने उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजारे में ले जाने में सफल हुए हैं।



## ट्रेड शो में दर्शाया गया आयुर्वेदिक औषधियों से प्राकृतिक समाधान



**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयुर्वेदिक उद्योग से जगतफार्मा ने में हिस्सा लिया। जगत फार्मा के संस्थापक डॉ. महेन्द्र सिंह बासु और डायरक्टर मंदीप सिंह बासु ने इस शो में हिस्सा लिया। जिसमें विविध आयुर्वेदिक औषधियों को दर्शाया तथा नेत्र जांच का आयोजन भी किया। नेत्र जांच के दौरान लोगों की विजन संबंधी समस्याओं को पहचान कर उन्हें उचित सलाह दी गई तथा नियमित नेत्र जांच के बारे में जागरुक बनाया गया।

ट्रेड शो के दौरान जगत फार्मा ने अपने आधुनिक आई-केयर प्रोडक्ट्स को प्रस्तुत किया जैसे आईसोटीन आईड्रॉप, जो आंखों के डिजिटल तनाव, एलर्जी आदि से राहत देती है। आईसोटीन प्लस जो पास की कमजोर नजर होने और अपरिपक्त कैटेरेक्ट के मामले में कारगर है। आईसोटीन गोल्ड डायबेटिक रेटिनो पौथी एवं मैक्युलर डीजनरेशन के लिए तथा आंखों में ड्रायनैस के लिए आईसो अमृत कैप्स्यूल और आईसो अमृत आई ड्रॉप। उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने एवं इनोवेशन के लिए प्रतिबद्धता के साथ जगतफार्मा ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 में दोनों प्रोडक्ट्स का भी अनावरण किया। इस दौरान कई आयुर्वेदिक कंपनियों ने अपने उत्पाद को प्रदर्शित किया है, जो लाइलाज बीमारी के इलाज का भी दावा करते हैं।

## गणेश उत्सव में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणराज्य महाराष्ट्र मित्र मण्डल ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में गणेशोत्सव समारोह का आयोजन किया गया है। शनिवार को बच्चों के लिए टैलेंट शो नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें बाल कलाकारों में छोटे बच्चों ने धमाल मचा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज सिंघल थे। जय किसान खल भंडार ने अपने समस्त परिवार के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मित्र मण्डल के संस्थापक चन्द्रशेखर गर्गे ने अतिथिगण का स्वागत किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश, हरेन्द्र भाटी, भुजंग राव वाडेकर मनोज, सुनील प्रधान साधना सिन्हा विधा पुराऊचुल कुलदीप शर्मा, दीपक भाटी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सब्जी लेकर लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला, दर्दनाक मौत

**जेवर,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बे के टप्पल रोड पर सब्जी लेकर घर लौट रही महिला को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह ट्रक के अगले पहिये के नीचे आकर कुचल गई। दर्दनाक हादसे में उसकी मौत हो गई।

कस्बे के लोगों ने ट्रक को मौके पर ही रोक लिया। ट्रक का चालक मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार जेवर के मोहल्ला माडलपुरिया के रहने वाले टेकचंद की पत्नी मुन्नी देवी 40 शनिवार सुबह को सब्जी मंडी से सब्जी लेकर पैदल अपने घर लौट रही थी।

उसी दौरान टप्पल रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला सड़क पर गिर गई तथा ट्रक का अगले पहिये ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने ट्रक का मौके पर ही पकड़ लिया जबकि उसका चालक मौका पाकर फरार हो गया।

आनन फानन में स्वजनों ने महिला को कस्बा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया तथा ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

**स्वजनों में कोहराम**- महिला की मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया। देर शाम गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

## प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कार्यकारिणी की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बीआरसी दनकौर के प्रांगण में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह नागर ने की। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सत्यपाल लोहिया ने किया।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी की अनुमति से जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह नागर ने जूनियर हाई स्कूल खानपुर ब्लॉक दनकौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत उमेश राठी को संघ की जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल नवादा ब्लॉक दनकौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत सत्यवीर सिंह नागर को दनकौर ब्लॉक का संयोजक,



जूनियर हाई फजायलपुर ब्लॉक दनकौर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत ज्ञानचंद को सह संयोजक, जूनियर हाई स्कूल पीपलका ब्लॉक दनकौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. रविंद्र नागर को ब्लॉक सह संयोजक एवं जूनियर हाई स्कूल बांजरपुर ब्लॉक दनकौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत जुगेंद्र सिंह को ब्लॉक सह संयोजक के पद पर मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह नागर ने सम्बोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से शिक्षक हित एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की अपील की। बैठक में सदस्यता अभियान पूर्ण करके ब्लॉक स्तरीय चुनाव कराने, जिला कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर मनोनयन एवं शिक्षकों की समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराने आदि बिन्दुओ पर चर्चा हुई।

बैठक में जिला कोषाध्यक्ष सतपाल लोहिया, दनकौर ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय भाटी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण शर्मा, राकेश भाटी, राजपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, आरती शर्मा, सीमा शर्मा, सरिता यादव, यतेन्द्र नागर, विनीत रावत, शौकत अली, यशपाल नागर, रोहित गोयल, मुनेश शर्मा, पुष्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शारदा विवि में आयोजित दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज, सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल, अजीत प्रसाद महापात्र अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रोफेसर प्रमोद दुबे राष्ट्रवादी चिंतक, सतीश चंद्रा चेयरमैन लोक सेवा आयोग को शॉल ओढ़ाकर




और तुलसी का पौधा देकर शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पी.के. गुप्ता व प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लेखकों की पुस्तक का विमोचन किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 21 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर की लोक सेवा आयोग के चेयरमैन सतीश चंद्रा ने कहा कि शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जो कश्मीर में कार्य कर रहे है वो सराहनीय है। इसकी हम कल्पना नही भी नही कर सकते। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर के हालात में सुधार आया है, आए दिन होने वाली हड़ताल और पत्थरबाजी कम हुई है। स्कूल और कॉलेजों में बिना डरे आ रहे है। ऑफिस भी टाइम से खुल रहे है। राष्ट्र चिंतक और विचारक प्रमोद दुबे ने अध्यात्म से आपको दुआ मिलती है जिससे आप खरीद नहीं सकते। युवाओं को ज्ञान की उपासना करनी चाहिए इसकी वजह आप लोगों बता सके की दया धर्म की जननी है जो अध्यात्म से आती है। वहीं आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने कहा कि परंपरा एक धारा है जो नियमित चलती रहती है। गुरु से ज्ञान की प्राप्ति और जन्म से ही परंपरा का दायित्व होता है।

## बल्देव छट मेले में तीसरे दिन पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**जेवर,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दाउजी मंदिर परिसर में चल रहे 164वें बल्देव छट मेले में तीसरे दिन शनिवार को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें पहले राउन्ड के तीन मैच खेले गए। रविवार को कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल होगा। तीसरे दिन कबड्डी टूर्नामेंट व मेले को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

श्री दाउजी मंदिर प्रबंध समिति के लेखा निरीक्षक हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में शनिवार को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। पहले दिन 6 टीमों ने अपनी एंट्री कराई जिनके बीच पहले राउन्ड के तीन मैच खेले गए। सोमवार



को टूर्नामेंट में अनेक टीमों के पहुंचने की संभावना है तथा देर षाम टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष यशु शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. चिराग अग्रवाल द्वारा विजेता टीम को 61 हजार रूपए तथा उपविजेता टीम को 41 हजार रूपए नगद राशि तथा ट्राफी व प्लेयर किट देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आलराउन्डर प्लेयर को आयोजकों की तरफसे साईकिल भेंट की जाएगी। शनिवार रात को समाज सेवी जय नारायण कौशिक के सौजन्य से नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी द्वारा रागिनी प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इस मौके विजय शर्मा, रविन्द्र शर्मा उर्फ बाबी, बनवारी लाल शर्मा, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, रघुनंदन शर्मा, हरिओम गोयल, दिनेश चन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में शैक्षिक सहयोग में सामंजस्य पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में उद्योग-



शैक्षिक सहयोग में सामंजस्य बनानाष। डॉक्टर इंदु उप्रेति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने सत्र में प्रतिनिधित्व किया और अपने व्याख्यान में उन्होंने विश्वविद्यालय के शोध योगदान, शोध उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में बात की, साथ ही उद्योग पिछले एक से दो वर्षों में हुए आपसी समझौतों आदि संदर्भ में भी बात की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की हाल की उद्योग जगत से समझौतों का छात्रों के ज्ञान में वृद्धि एवं उन्होंने नौकरी मिलने भी भी मदद मिली। उच्च शिक्षा संस्थानों के उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रवर्तित करने के लिए उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रमोट करने के लिए ज्ञान सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा संस्थानों को उद्योगों के साथ साझेदारी के महत्व को चर्चा करने और गहन विचार करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी



■ ज़ाहिद ख़ान

नूरजहाँ, भारतीय सिनेमा की वह अदाकारा और सिंगर हैं, जिन्हें अपने ज़माने में मलिका-ए-तरन्नुम और क्वीन ऑफ मेलोडी के नाम से ख़िताब किया जाता था। नूरजहाँ जितनी भारत में मक़बूल हैं, उतनी ही पाकिस्तान में। बंटवारे के बाद, वे पाकिस्तान चली गईं। और वहां भी वो अपनी आवाज़ का जादू चारों ओर बिखेरती रहीं। नूरजहाँ ने मूक फ़िल्मों से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की और कुछ ही बरसों में वे फ़िल्मी पर्दे पर छा गईं। अदाकारी के साथ उन्होंने गायकी भी की। 'खानदान', 'नौकर', 'जुगनू', 'दुहाई', 'जीनत' और 'अनमोल घड़ी' में गाये उनके गीत आज भी गुनगुनाये जाते हैं। 'आजा मेरी बर्बाद मोहब्बत के सहारे...', 'जवां है मोहब्बत...' ने तो उस वक़्त पूरे मुल्क में धूम मचा दी थी। अरसा गुज़र गया, मगर ये गीत आज भी उसी तरह से मशहूर हैं।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद ग़ुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां से ली। साल 1939 में आई फ़िल्म 'गुल-ए-बकावली' वह फ़िल्म थी, जिसमें उन्होंने सबसे पहले गाना गाया। इस फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ फ़िल्म इंडस्ट्री में सुर्ख़ियों मे आ गईं। साल 1942 में फ़िल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फ़िल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाये। फ़िल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फ़िल्में आईं। जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी के हुनर का लोहा मनवा लिया। साल 1947 में बनी फिल्म 'मिर्ज़ा-साहिबा' भारत में नूरजहाँ की आख़िरी फ़िल्म थी। मुल्क की तक़सीम के बाद, लाखों लोगों के साथ उन्होंने भी पाकिस्तान में जाकर बसने का फ़ैसला किया। उस वक़्त वे शोहरत की बुलंदियों पर थीं। ऐसे में अपना सब कुछ छोड़कर जाना, वाक़ई एक बड़ा फ़ैसला था। लेकिन कुछ ही अरसे में पाकिस्तान में भी उन्होंने वही सब हासिल कर लिया। अदाकारी और गायकी दोनों ही में वे बरसों तक उरूज पर रहीं। पाकिस्तानी फ़िल्मों में नूरजहां के योगदान को देखते हुए, न सिर्फ़ उन्हें पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति सम्मान से नवाज़ा गया, बल्कि वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज़' से भी सम्मानित किया गया।

नूरजहाँ की गायकी और सुरीली आवाज़ पर मशहूर अफ़साना निगार सआदत हसन मंटो भी फ़िदा थे, इस हद तक कि उन्होंने नूरजहाँ की दिल-आवेज़ शख़्सियत पर पर एक शानदार ख़ाका भी लिखा था। वो लिखते हैं, "सहगल के बाद, मैं नूरजहाँ के गले से मुतास्सिर हुआ। इतनी साफ़-शफ़्फ़ाफ़ आवाज़, मुरकियां (स्वर का उतार-चढ़ाव) इतनी वाज़ेह, खरज (उच्चारण) इतनी हमवार, पंचम इतना नुकीला। मैंने सोचा, अगर यह लड़की चाहे, तो घंटों एक सुर पर खड़ी रह सकती है, उसी तरह जिस तरह बाज़ीगर तने हुए रस्से पर बग़ैर किसी लग़ज़िश (माधुर्यपूर्ण) के खड़े रहते हैं।" मंटो यहीं नहीं रुक जाते, बल्कि अपने इस मज़ामीन में वे आगे लिखते हैं, "नूरजहाँ के मुताल्लिक़ बहुत कम आदमी जानते हैं कि वह राग विद्या उतनी ही जानती है, जितनी कि कोई उस्ताद। वह ठुमरी गाती है, ख़याल गाती है, ध्रुपद गाती है और ऐसी गाती है कि गाने का हक़ अदा करती है। मौसीक़ी की तालीम तो उसने यक़ीनन हासिल की थी कि वह ऐसे घराने में पैदा हुई, जहां का माहौल ही ऐसा था- लेकिन एक चीज़ ख़ुदादाद भी होती है। मौसीक़ी के इल्म से किसी का सीना मामूर (परिपूर्ण) हो, मगर गले में रस न हो तो आप समझ सकते हैं कि ख़ाली-ख़ूली इल्म सुनने वालों पर क्या असर कर सकेगा-नूरजहाँ के पास इल्म भी था और वह ख़ुदादाद चीज़ भी, जिसे गला कहते हैं। यह दोनों चीज़ें मिल जाएं, तो क़यामत का बरपा होना लाज़िमी है।" ('नूरजहाँ', किताब-'सआदत हसन मंटो दस्तावेज़, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज़-115) वाक़ई नूरजहाँ की दिलकश आवाज़, उस दौर में उनके चाहने वालों पर एक कहर सा ढाती थी। लोग उनकी गायकी के दीवाने थे।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद ग़ुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां से ली।

नूरजहाँ को शे'र-ओ-अदब का बेहद शौक़ था। ख़ास तौर पर वे मशहूर-ए-ज़माना शायर फ़ैज़ अहमद फ़ैज की शायरी की बड़ी दीवानी थीं। फ़ैज़ को समझकर और महसूस करके गाने वालों में नूरजहाँ और इक़बाल बानो सर-ए-फेहरिस्त हैं। नूरजहाँ और फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के किस तरह के मरासिम थे और वे फ़ैज़ और उनकी शायरी की कितनी इज़्ज़त-ओ-एहतिराम करती थीं, एक छोटे से क़िस्से से जाना जा सकता है। इस क़िस्से को तरक़्क़ीपसंद अदीब और जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी किताब 'आशनाईयां क्या क्या' में बड़े शानदार अंदाज़ में बयां किया है। जो इस तरह से है, "अय्यूबी मार्शल लॉ के दूसरे बरस आला सतह पर फ़ैसला किया गया कि कायद-ए-आज़म का जश्न-ए-विलादत (पुण्यतिथि) सरकारी तौर पर मनाया जाए। इस ज़िम्न में पंजाब यूनीवर्सिटी हॉल में एक महफ़िल-ए-मूसिक़ी तर्तीब दी गई। जिसका प्रोग्राम रेडियो पाकिस्तान लाहौर से रिले करने का एहतिमाम किया गया था।

इस शाम यूनीवर्सिटी हॉल में मुल्क के नामवर गुलूकारों (गायकों) को जमा किया गया। मादाम नूरजहाँ भी मौजूद थीं। जब वो स्टेज पर आईं, तो उन्होंने फ़ैज़ की नज़्म "मुझसे पहली सी मुहब्बत मेरे महबूब न मांग।" गाना शुरू की। उस वक़्त भी फ़ैज़ का कलाम रेडियो से नस्र (प्रसारित) करने की इजाज़त न थी। इसलिए रेडियो वालों ने मार्शल लॉ हुक्काम से जो वहां मौजूद थे, रुजू (संपर्क) किया। एक फ़ौजी अफ़सर ने कोई दूसरी चीज़ गाने के लिए कहा। और बताया कि

"फ़ैज़ के कलाम पर पाबंदी की वजह से ये नज़्म नहीं गायी जा सकती।"

मगर नूरजहाँ का इसरार था कि वो यही नज़्म सुनाएगी, वरना घर चली जाएंगी। जब बात बहुत बढ़ी, तो उसने कहा,

"अच्छा, तो फिर आप लोग मुझे भी वहीं भेज दीजिए, जहां फ़ैज़ हैं।"

फ़ैज़, उस वक़्त सरकार की क़ैद में थे। काफ़ी बहस-ओ-मुबाहिसे के बाद, बिल आख़िर मुंतज़मीन (आयोजकों) को मजबूरन मादाम का मुतालबा (मांग) मानना पड़ा। अलबत्ता रेडियो से इस महफ़िल का राब्ता काट दिया गया।

नूरजहाँ वाहिद गुलूकारा हैं, जो साज़ की मोहताज नहीं थीं। बहुत सी घरेलू और निजी महफ़िलों में वे बिना साज़ के गाती और गुनगुनाती थीं। और सुनने वालों को वैसा ही मज़ा आता था, जो साज़ के साथ सुर की बंदिश से आता है। जबकि ऐसे कई गायक-गायिकाएं मिल जाएंगी, जो बिना साज़ के एक लाइन तक नहीं गा सकते। एक अहम बात और, गायक-गायिका अपनी आवाज़ बेहतर रखने के लिए क्या-क्या जतन नहीं करते, मगर नूरजहाँ इससे बिल्कुल बेपरवाह रहती थीं। अच्छी आवाज़ के लिए जिन चीज़ों के खाने की मनाही या पाबंदी रखना ज़रूरी है, वे उन्हें ख़ूब खाती थीं।' 23 दिसम्बर, 2000 को मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहाँ ने इस दुनिया से अपनी विदाई ली। इस लेख का इख़्तताम (समापन) मैं अफ़साना निगारी के उस्ताद मंटो की बात से ही करता हूं।

"जब तक रिकार्ड ज़िंदा हैं, सहगल मरहूम की आवाज़ कभी मर नहीं सकती-इसी तरह नूरजहाँ की आवाज़ भी अर्से तक ज़िंदा रहेगी और आने वाली नस्लों के कानों में अपना शहद टपकाती रहेगी।"

**महल कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.**

# परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों का शाइरः सुभाष पाठक 'ज़िया'

■ -ए.एफ़ 'नज़र'

"मैं जब ग़ज़ल को तसव्वुर करता हूँ तो महसूस करता हूँ कि तमाम फ़िक्रों की शाख़ों पर ख़यालों के गुंचे खिल उठे हैं। सहराओं के कंटीले दरख़्तों पर नई कोंपलें फूट पड़ी हैं। ग़ज़ल पहली बारिश की वो सौंधी ख़ुशबू हैं जो गर्म रुतों की दुश्वारियों को अपनी आमद से दिलफ़रेब और ख़ुशमंज़र बना देती है।....................सुनते तो ये आए हैं कि ये हुनर आते-आते ही आता है और एक उम्र भी कम है।" सुभाष पाठक 'ज़िया' का उनके दूसरे ग़ज़ल संग्रह "तुम्ही से ज़िया है" में दिया गया यह वक्तव्य इस बात की दलील है कि वह ईमानदार शाइर हैं और अपनी ख़ूबियों और कमियों से वाक़िफ़ है।



सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है ,जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है। ज़िया परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों के शाइर है यह द्वन्द्व उनके प्रेमपरक ग़ज़लों और सामाजिक सरोकार की ग़ज़लों दोंनों में ही दृष्टिगत होता है। दिल धड़कता है की ग़ज़लों से गुज़रते हुए महसूस होता है कि उनकी अधिकांश ग़ज़लों में प्रेमपरक भावनाओं की अभिव्यक्ति है और प्रेम की समग्र रूप से जो तस्वीर उभरती है कुछ इस प्रकार है कि कॉलेज के ज़माने में उम्र के चढ़ते पड़ावों पर एक लड़का-लड़की एक दूसरे से मिलते हैं, क़रीब आते हैं और साथ जीने मरने की क़समें खाते हैं। पढ़ाई पूरी होने पर जब अलग होते है तो दिलों में हसीन यादें लिए अपने -अपने रास्तों पर गामज़न हो जाते हैं, न कोई गिला-शिकवा न दोबारा मिलने के वादे। दोनों जानते हैं कि वे दोबारा कभी नही मिल सकेंगे और दोनों ने इस सच को स्वीकार भी कर लिया है। वस्ल या तो माज़ी की यादों में हैं या कभी पूरी न होने वाली तमन्ना है। आशिक़ और माशूक़ दोनों इन्तज़ार के अनंत मरूस्थल के दोनों विपरीत छोरों पर खड़े हैं। यही इन्तज़ार अब उन्हें प्रिय है, इस प्रेम कहानी में वक़्त या हालात के सिवा कोई रक़ीब नहीं है। दीवानगी में भी वह होश और ख़िरद का दामन नहीं छोड़ते । माशूक़ हसीन, बेवफ़ा, बेपरवाह, बदगुमान और आशिक़ के ग़म से नावाक़िफ है।

सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है, जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है।

आशिक़ के किरदार में सर्वाधिक द्वन्द्व है उसके मिज़ाज में जहाँ अनन्य प्रेम है तो आज़ाद मिज़ाजी भी। समर्पण और अना परस्ती, आस्था और अनास्था, कर्मवाद और भाग्यवाद का द्वन्द्व है।

बाद दसके चराग़ लौ देगा,<br>
पहले इक लौ चराग़ तक पहुँचे।<br>
या<br>
क्यों ज़माने को बेवफ़ा कहिए,<br>
इसको क़िस्मत का फ़लसफ़ा कहिए।

''तुम्ही से ज़िया है'' की ग़ज़लों में भावनात्मकता चिन्तनोन्मुखता की ओर अग्रसर हुई हैं। बहरों के चयन में न केवल विविधता है, बल्कि लम्बी बहरों को भी बख़ूबी निभाया है। ग़ज़ल का हिंदी में आना अहम और उल्लेखनीय घटना है जिसने ग़ज़ल के मुताल्लिक़ दृष्टि और विमर्श के अनेक नए ज़ाविए खोल दिए हैं। मेरा मानना है कि शाइरी मआशरे से दो लेबल पर जुड़ी होती है एक कि शायर समाज में रहता है और उससे मुतास्सिर होता रहता है जिससे शायरी भी मुतास्सिर होती है। दूसरे जब शाइर अपनी शाइरी किसी दूसरे के साथ शेयर करता है, दाद चाहता है या चाहता है कि वह लोगों पर असर करे तो यह पूरी तरह सामाजिक अमल होता है। इसलिए ज़रूरी है कि कोई शाइरी समाज को नुकसान पहुँचाने वाली कदापि नही हो। कोई शाइरी इसलिए बेहतरीन नही होती कि वह उर्दू में, कही गई है या अंग्रेज़ी में कही गई है बल्कि इसलिए अज़ीम होती है कि उसमें आला दर्जे के शाइराना एलीमेंट्स (काव्य तत्व) होते हैं।

आधुनिक काव्य के मानकों के मददेनज़र पड़ताल करें तो हम पाते हैं कि ज़िया की शाइरी पर अस्तित्वाद व अन्य आधुनिक चिन्तनों का व्यापक प्रभाव है और समकालीन कविता की तमाम प्रवृत्तियाँ कमोबेश उनके यहाँ पाई जाती है। मिसाल के तौर पर कुछ अशआर प्रस्तुत हैं जो विभिन्न प्रवृत्तियों के हामिल है-

इल्म ही है जो तेरा अपना है,<br>
घर मकाँ कल तो और का होगा।

----

सब गुज़रते है मेरे सीने से,<br>
मैं हूँ इक पायदान चौखट का।

----

आसमानों ज़मीं की बात ही क्या,<br>
सारा आलम उदास है मेरा।<br>
ये घड़ी दो घड़ी की बात नहीं,<br>
वक़्त पैहम उदास है मेरा।

---

ज़मीं दिल के हसीं रिश्तों की बंजर हो गई अब तो,<br>
नदी मेरे ग़मों की भी समन्दर हो गई अब तो।

---

गुज़र ही गया दर्दे दिल हद से आख़िर,<br>
कि अब दर्द क्या आँख भी नम नहीं है।

ज़िया की ग़ज़लों में ग़म स्निग्ध है, लगता है ग़मों की गहरा रंग दूर तक फैला हुआ है और वो उसे भरपूर जीते हैं, शालीनता से अभिव्यक्त करते हैं , अपने परिवेश को यकायक बदल देने की जल्दी में नहीं हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि वो इस सच को आत्मसात कर चुके हैं कि ग़म ज़िदगी का अभिन्न हिस्सा है और यह बड़ी बात है।

चलो आइने से मिलो और ख़ुद को<br>
निहारो संवारो तुम्ही से ज़िया है,<br>
थकन को उतारो<br>
न यूँ थक के हारो<br>
वफ़ा के सितारो तुम्ही से ज़िया है।

ज़िया ग़ज़ल में पारम्परिकता और कविता की आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता का कितना अथवा किन विशिष्टताओं के साथ निर्वाह कर सके हैं यह अलग विमर्श है लेकिन उनके बार में एक बात स्पष्टता से कही जा सकती है कि वो ग़ज़ल की उम्मीद हैं और उनको आगे के सफ़र के लिए मैं हार्दिक मंगलकामनाएँ पेश करता हूँ।

लेखिका ᄀ -ए.एफ़ 'नज़र'<br>
पुस्तक - 'तुम्हीं से ज़िया है' (ग़ज़ल संग्रह)<br>
ग़ज़लकार- सुभाष पाठक 'ज़िया'<br>
समीक्षक - ए. एफ 'नज़र'<br>
प्रकाशन - अभिधा प्रकाशन<br>
मूल्य 300

# स्वयंभू कवियों की नई फौज और कविता की अनुपस्थिति

■ रमेश शर्मा

त्योहारों के आते ही कस्बों, गांवों की गलियों में कवियों की नई फौज तैयार होने लगती है। यही वह मौसम होता है जब इनकी डिमांड बढ़ने लगती है। मौसम के अनुरूप कवियों की यह नई उपज लगातार अपने लिए इन्हीं अवसरों, जगहों की तलाश में भी लगी हुई दिखाई पड़ती है। ये टोली प्रतीक्षा में भी रहती है कि कहीं से कोई बुलावा आए तो वहां चलें।बुलावे पर पूरी टोली वहां उतर जाती है। कविता को फुलझड़ियों की तरह छोड़ना इनका शगल होता है। खूब चिल्ला चिल्ला कर एक ही पंक्ति को बार बार दोहराते हुए इन्हें सुना जा सकता है।कई बार कविता की एक एक पंक्ति को बहुत तेज आवाज में किसी आचार्य की तरह श्रोताओं को समझाने की कोशिश करते हुए भी इन्हें मंच पर देखा जा सकता है।

स्वयं अपने श्रोताओं से ताली बजाने का आग्रह करते हुए भी इन्हें कोई संकोच करते हुए कभी देखा नहीं गया है। कविता के नाम पर सब कुछ होता है पर दुर्भाग्य यह है कि कविता ही वहां अनुपस्थित रह जाती है । जरूरी नहीं कि जोर जोर से ताली बजाई जाए,मजे लेने के लिए वाह वाह का शोर मचाया जाए तो कविता वहां उपस्थित ही हो।कविता से वैचारिकी का गहरा संबंध है पर इस तरह के शोर शराबों से वैचारिकी का कोई संबंध हो, इस पर संदेह ही है।कविता के बहाने इस तरह के शोर शराबे के बीच कविता का अनुपस्थित होना एक विचारणीय प्रश्न है।

कविता के नाम पर आई हुई श्रोताओं की भीड़ जब अपने अपने घरों को लौटती है तो वैचारिकी के नाम पर अपने साथ वह कुछ लेकर नहीं जाती। मंच के नीचे श्रोताओं की भीड़ भूनी हुई मूंगफली के बीज गटक कर उसके छिलकों का ढेर भर वहां छोड़ जाती है।नासमझी की वजह से जिस मंचीय कविता को कविता के लिए लोकप्रिय बनाने का माध्यम समझा जाता है दरअसल उस कविता में वैचारिकी के नाम पर कुछ भी नहीं होता।वे कविता के नाम पर छोड़ी गई फुलझड़ियां भर होती हैं जहां जीवन या वैचारिकी के लिए कोई स्पेस नहीं रह जाता। वे क्षणिक मनोरंजन के लिए भर होती हैं ,वह भी सबके लिए नहीं। दुर्भाग्य से इसे ही कविता मान लिए जाने की भूल किए जाने के कारण कविता की जो शक्ति है उसका क्षरण निरंतर हुआ है और यह क्षरण दिनों दिन और तेजी से हो रहा है। वीर रस के वायवीय शोर, मंचीय फूहड़ता और तुकबंदी में रची पगी तथाकथित कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि ऐसी कविताओं के कवियों को लाखों रुपये का पैकेज देकर लोग फिर क्यों बुलाते हैं? दरअसल बाज़ार की आंखों से जब आप कला, साहित्य को आंकने की कोशिश करते हैं तब आप वैचारिकी को त्याग रहे होते हैं। बाज़ार आज के तथाकथित फायर ब्रांड नेताओं के मुकाबले गांधी को गिराने की जितनी भी कोशिश करे , गांधी की वैचारिकी या गांधी के जीवन मूल्य आज भी कीमती हैं । <उसका आकलन बाज़ार कभी भी नहीं कर सकता। वैचारिक कविता और मंचीय कविता के सम्बंध में भी यही बात सामने आती है। कला और साहित्य को बाज़ार की आंखों से देखने वाला कविता की वैचारिकी से कोसों दूर होता है।



वह उसे समझ नहीं सकता जिस तरह कि गांधी को लोग समझ नहीं पाते।इसे इस तरह भी समझें कि एक तरफ एक प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना का नृत्य हो और दूसरी तरफ आइटम डांस रख दिया जाए तो बाज़ार और भीड़ का रूख आइटम की तरफ ही होगा। पर क्या उससे कत्थक जैसे क्लासिकल नृत्य कला का मूल्य कम हो जाएगा? यह शाश्वत सत्य है कि जो मूल्यवान है , उसकी अमरता अक्षुण्ण है। बाज़ार की आंखों से देखकर कोई नासमझी का परिचय दे तो फिर वह उसकी समस्या है।

आज सोशल मीडिया का दौर है। सोशल मीडिया ने भी इस तरह की बिना वैचारिकी वाली कविताओं को लिखने पढ़ने वाले कवियों की नई फौज पैदा की है जो गांवों कस्बों में विभिन्न अवसरों पर मंच पर चढ़कर एक नया दृश्य खड़ा कर रहे हैं। एक बात मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि कविता अपनी वैचारिकी से कभी समाज या लोगों से दूर नहीं होती बल्कि कविता का सतहीपन उसे आत्महीन कर देता है। आत्महीन और बिना वैचारिकी वाली कविताओं के बहुत निकट आकर भी श्रोता जब अपने घरों को खाली हाथ लौटते हैं तब यह कविता के अलोकप्रिय होने का सशक्त प्रमाण है। इन माध्यमों से भी कविता को बहुत नुकसान पहुंच रहा है । बिना वैचारिकी वाली आत्महीन कविताएं ही कविता की दुनिया को धीरे धीरे दीमक की तरह नष्ट कर रही हैं यह घोर चिंता का विषय है। इस दौर में कवि हो जाना कितना आसान हो चुका है जबकि जनसरोकारिता और वैचारिकी से युक्त कविताओं का कवि कर्म आज भी बहुत कठिन है। उसके लिए आत्मा युक्त कविताओं का होना बेहद जरूरी शर्त है।

**92,श्रीकुंज रायगढ़, छत्तीसगढ़**<br>
**मो.7722975017**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770<br>
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## अमेरिका में भारतीय नागरिक को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 10 साल की जेल

**न्यूयॉर्क,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में एक 40 वर्षीय भारतीय नागरिक को मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है और क्षतिपूर्ति के रूप में 11,63,947.28 डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। कोलोराडो जिले के अमेरिकी वकील कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि ध्रुव जनी ने जनवरी 2020 से सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर लोगों से धन उगाही शुरू की। इस साल 21 सितंबर को अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रेमंड पी मूर ने उसे दोषी करार दिया था।

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक, उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे

**संयुक्त राष्ट्र,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ शब्दों में कहा है कि दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार अपराधियों में से एक होने के नाते, उसे दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपना रिकॉर्ड सुधारे। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर के भाषण के बाद जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, 'दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में, खासकर अल्पसंख्यक और महिलाओं के अधिकारों मामले में, पाकिस्तान के लिए अच्छा होगा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली उठाने से पहले अपना घर दुरुस्त कर ले।' गहलोत ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के काकर के प्रयासों को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा, 'हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।'




**'हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है :-पेटल गहलोत, भारतीय मिशन की प्रथम सचिव**

काकर ने महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा परिषद को कश्मीर पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीरियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है, जबकि 'हिंदुत्व' ताकतें अल्पसंख्यकों के 'नरसंहार' की धमकी दे रही हैं। गहलोत ने कहा, 'भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना पाकिस्तान की आदत बन गई है।' उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करता है।'

## विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आर्थिक नीतियों में सुधार की दी चेतावनी

इस्लामाबाद। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को चेतावनी है कि उसे अभिजात वर्ग के कब्जे और सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के मजबूत निहित स्वार्थों से प्रेरित नीतिगत निर्णयों के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 40 प्रतिशत आबादी के साथ पिछड़ा बने रहने या उज्ज्वल भविष्य के लिए रास्ता बदलने में से एक को चुनने का निर्णय लेना चाहिए। नए चुनाव चक्र से पहले विश्व बैंक की ओर से आगामी सरकार को शीघ्र विकल्प चुनने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता और विकास भागीदार केवल सफलताओं और कुछ वित्तपोषण के अंतरराट्रीय अनुभवों के साथ सलाह दे सकते हैं, लेकिन कठिन विकल्प और सुधार के निर्णय केवल देश के भीतर ही लिए जा सकते हैं।

## जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा से इतर क्वाड, आईबीएसए बैठकों में लिया भाग

**संयुक्त राष्ट्र,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक से इतर क्वाड और आईबीएसए की बैठकों में भाग लिया। जयशंकर ने शुक्रवार को बैठक के चौथे दिन भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह क्वाड और भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समूह आईबीएसए की मंत्रिस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने ब्रिटेन के विदेश कार्यालय में राज्य मंत्री तारिक महमूद अहमद,



ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापान के योको कामिकावा और बहरीन के अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़यानी के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्वाड बैठक में मौजूद थे। सदस्य देशों ने आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से काम करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'धमकी और जबरदस्ती से मुक्त' रखने के लिए काम करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और दक्षिण अफ्रीका के नलेदी पंडोर ने आईबीएसए बैठक में भाग लिया, जो तीन देशों के बीच त्रि-महाद्वीपीय सहयोग पर केंद्रित थी। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि उनका संयुक्त बयान 'हमारी दक्षिण-दक्षिण एकजुटता की ताकत को प्रदर्शित करता है'। अहमद के साथ बैठक के बाद, जयशंकर ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि उन्होंने यूक्रेन से संबंधित हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की - जहां दोनों देश एक-दूसरे से नज़रें नहीं मिलाते हैं - और द्विपक्षीय संबंधों का जायजा लिया। जयशंकर ने कामिकावा के साथ पोस्ट किया कि उन्होंने 'हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।

## सुडोकू 6326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 7 | | | |
| | | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | | |
| | 3 | | | | 8 | 7 | | |
| | | 5 | | | | 1 | 7 | 4 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 9 | 8 | 7 | | | | 2 | | |
| | | 4 | 9 | | | | 2 | |
| | | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | | |
| | | | 7 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6326

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए निःशुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

### वर्ग पहेली-6325

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ले | दे | २ क | र | ■ | ■ | 3 वि | धि | ४ व | त |
| श | ■ | ल | ■ | ५ ग | र्ज | ना | ■ | ह | ■ |
| ६ मा | न | म | लि | न | ■ | ७ य | त्न | शी | ८ ल |
| त्र | ■ | बं | ■ | ९ का | लि | क | ■ | ■ | ची |
| ■ | १० बे | द | ११ ख | ल | ■ | ■ | १२ वि | षै | ला |
| ■ | का | ■ | प | ■ | १३ मं | जू | षा | ■ | प |
| १४ ब | र | १५ सा | ना | ■ | ग | ■ | १६ द | १७ फ | न |
| रा | ■ | व | ■ | १८ ग | ल | १९ त | ■ | रे | ■ |
| २० ब | हु | धा | ■ | ण | ■ | २१ र | ह | ब | २२ र |
| र | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 24 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। किसी तीर्थ यात्रा पर जाने की संभावना है।

वृषभ - आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

मिथुन - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आप मित्रों और मेहमानों के साथ भोजन या पिकनिक का आनंद उठाएंगे। आप नए परिधान, आभूषण और वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं।

कर्क - आज आपकी चिंताएं दूर होगी। आप खुशी अनुभव कर सकेंगे। परिजनों के साथ समय व्यतीत करके आनंद प्राप्त कर सकेंगे। आपको काम में सफलता और कीर्ति मिलेगी। नौकरी में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज आप स्वयं को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकेंगे। आपकी सृजनशीलता में अधिक निखार आएगा। लेखन और साहित्य में कुछ नई रचना कर सकेंगे। प्रियजन के साथ की मुलाकात आनंददायक रहेगी।

कन्या - आपको थोड़ी कठिन परिस्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपका स्वास्थ्य थोड़ा खराब होगा और किसी बात का डर मन में लगा रहेगा। मां के साथ मतभेद हो सकता है। सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

तुला - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है। किसी सामाजिक समारोह में उपस्थित रहने के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक - आज आपके कुटुंब में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सम्बंधियों और मित्रों से मिलेंगे, स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के पीछे खर्च हो सकता है। आप आभूषण और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी कर सकेंगे।

धनु - आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आपका दिन धार्मिक कामों में व्यस्त होगा। किसी धार्मिक काम में आपके पैसे खर्च होंगे। परिजनों और सम्बंधियों के साथ बातचीत में ध्यान रखना पड़ेगा, अन्यथा आपकी वाणी से उनका मन दुखी हो सकता है।

कुंभ - आज आप नए काम हाथ में लेंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा। नौकरी- धंधे में आय के नए स्रोत खड़े होंगे। आपको अपने मित्रों से लाभ हो सकेगा। समाज में आप मान- सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आज का दिन आपके लिए अच्छा फलदायक रहेगा। आप कामकाज में सफलता प्राप्त करेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से मिलनेवाला प्रोत्साहन आपके उत्साह में वृद्धि करेगा। व्यापार और आय में वृद्धि होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# मीरवायज उमर फारूक के भाषण के दौरान भड़काऊ नारेबाजी करने वाले 10 हिरासत में

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। चार साल की नजरबंदी से रिहा होने के उपरांत मीरवायज उमर फारूक ने श्रीनगर की जामा मस्जिद में धार्मिक उपदेश के दौरान स्थिति पूरी तरह से रहने का नागरिक प्रशासन का दावा आज कश्मीर पुलिस की उस स्वीकारोक्ति के बाद पूरी तरह से झूठा साबित हो गया है जिसमें कश्मीर पुलिस ने खुद स्वीकार किया हे कि उसने 10 उन युवकों को जामा मस्जिद के बाहर भड़काऊ नारेबाजी के लिए पकड़ा है।

पुलिस ने इसके प्रति खुद जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीनगर की एतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद कुछ युवकों ने माहौल खराब करने की कोशिश की। उन्होंने



■ **शुक्रवार को शांति से हुई नमाज के दावे पर भारी पड़ी पुलिस की स्वीकरोक्ति**

भड़काऊ नारेबाजी की। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ऐतिहासिक जामिया मस्जिद परिसर में भड़काऊ नारेबाजी करने में लिप्त 10 हुड़दंगियों को हिरासत में ले लिया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) की एक पोस्ट में, पुलिस ने कहा कि उन पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि कल शुक्रवार की नमाज के बाद जामिया मस्जिद के बाहर शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश करने के आरोप में 10 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया। उन पर कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने जनता से अनुरोध किया है कि वे ऐसे कृत्यों में शामिल न हों, अन्यथा कानून अपना काम करेगा।

पुलिस का कहना है कि नमाज के संपन्न होने के बाद वहां कुछ तत्वों ने भड़काऊ नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। इससे वहां कुछ समय के लिए तनाव भी पैदा हुआ था, लेकिन मस्जिद प्रबंधन और वहां मौजूदा गणमान्य नागरिकों ने हस्ताक्षेप कर स्थिति को पर काबू पा लिया। पकड़े गए युवकों में से अधिकांश नाबालिग हैं। याद रहे डाउन टाउन में नौहट्टा स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में गत शुक्रवार को हुर्रियत चेयरमैन मीरवायज मौलवी उमर फारूक लगभग चार साल बाद नमाज ए जुम्मा अदा करने पहुंचे थे। और उसके उपरांत कश्मीर के मंडलायुक्त ने शुक्रवार की नमाज के शांतिपूर्ण होने का दावा भी एक पत्रकार सम्मेलन में किया था।

# युद्ध खत्म होने तक यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं बन सकता: स्टोलटेनबर्ग

**कीव,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा है कि युद्ध समाप्त होने तक यूक्रेन किसी गुट का सदस्य नहीं बन सकता। यूक्रिनफॉर्म की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में पब्लिक लेक्चर के दौरान की। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, 'यह तथ्य कि युद्ध अभी जारी है, हमें उन्हें (यूक्रेनियों को) कल या आज आमंत्रित करने की अनुमति नहीं देता है।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय, स्टोल्टेनबर्ग ने सुझाव दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकता है।



उन्होंने कहा, 'ये परस्पर संबंधित मुद्दे हैं - नाटो सदस्यता, युद्ध समाप्त करना और युद्ध के बाद स्थायी शांति सुनिश्चित करना।' उन्होंने कहा, यूक्रेन को पश्चिमी शैली के हथियार और यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना यूक्रेन को नाटो सदस्यता के करीब ला रहा है। नाटो ने 2020 में यूक्रेन को अपने उन्नत अवसर भागीदार के रूप में मान्यता दी थी।

## यूक्रेन को हाइटेक मिसाइल भेजेंगे बाइडेन, रूस की बढ़ी चिंता

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा है कि वाशिंगटन कीव को एक प्रकार की लंबी दूरी की मिसाइल भेजेगा जो रूस के अंदर हमला करने में सक्षम होगी। एनबीसी न्यूज के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब दिया जाएगा, न ही यह निश्चित है कि औपचारिक घोषणा कब की जाएगी। रिपोर्ट में तीन अमेरिकी अधिकारियों और चर्चाओं से परिचित एक कांग्रेसी अधिकारी का हवाला दिया गया है जो जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं है।

## 'जापान का समुद्र में दूषित पानी छोड़ा जाना वैश्विक विश्वास, एकजुटता पर हमला'

**होनियारा,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मनश्शे सोगावरे ने शुक्रवार को जापान की ओर से समुद्र में परमाणु-दूषित पानी छोड़े जाने की आलोचना की और इसे वैश्विक विश्वास और एकजुटता पर हमला बताया। श्री सोगावरे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस में कहा कि सोलोमन द्वीप समान विचारधारा वाले प्रशांत द्वीपवासियों के साथ खड़ा है और जापान के 10 लाख टन से अधिक परमाणु-दूषित पानी को समुद्र में छोड़ने के फैसले से स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि परमाणु-दूषित पानी सुरक्षित है, तो इसे जापान में संग्रहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम जापान से परमाणु उपचारित अपशिष्ट जल के समाधान के लिए अन्य विकल्प तलाशने और इसे तुरंत प्रशांत महासागर में छोड़ना बंद करने का आह्वान करते हैं। अगर हमें विश्वास का पुनर्निर्माण करना है और वैश्विक एकजुटता को फिर से जगाना है, तो हमें अपने महासागरों की रक्षा करने में ईमानदार और स्पष्ट होना चाहिए जो हमारे लोगों की जीवनधारा है।'




**बैठक** संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी

# वैश्विक नेताओं ने 2030 तक टीबी को ख़त्म करने की प्रतिबद्धता जताई

**संयुक्त राष्ट्र, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। तपेदिक (टीबी) के खिलाफ लड़ाई पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में विश्व नेताओं ने 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए एक राजनीतिक घोषणा को मंजूरी दे दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दस्तावेज़ में अगले पांच वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी नए लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जिसमें 90 प्रतिशत लोगों तक टीबी की रोकथाम और देखभाल सेवाएं पहुंचाना, बीमारी से पीड़ित लोगों को सामाजिक लाभ पैकेज प्रदान करना और कम से कम एक नए टीके का लाइसेंस देना शामिल है।**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने शुक्रवार को कहा, 'मैं सभी सदस्य देशों को राजनीतिक घोषणा के इस मसौदे की मंजूरी के लिए बधाई देता हूं, जिसे मैं बाद में औपचारिक रूप से अपनाने के लिए महासभा को सौंपा जायेगा।' फ्रांसिस ने कहा, 'हम आज एक उद्देश्य या संकल्प के साथ एक साथ आए हैं और प्रतिबद्धताओं को फिर से मजबूत करने और तपेदिक को समाप्त करने की दिशा में प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करते हैं, जो एक सहस्राब्दी पुरानी बीमारी है लेकिन आज भी यह दुनिया की शीर्ष संक्रामक जानलेवा बीमारियों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'मनुष्य को चंद्रमा पर भेजने से लेकर दुनिया को अपनी उंगलियों पर लाने तक - इतनी प्रगति के बावजूद, एक रोके जाने योग्य और इलाज योग्य बीमारी को



हराने में हम क्यों असमर्थ हैं जो एक दिन में 4,400 से अधिक लोगों की जान ले लेती है?' फ्रांसिस ने कहा, 'टीबी महामारी गरीबी और अल्पपोषण जैसी असमानताओं के कारण पनपती है, और यह संघर्षों, जलवायु परिवर्तन और अन्य संकटों से और बढ़ जाती है।' उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने टीबी को खत्म करने की लड़ाई में वर्षों की प्रगति पर पानी फेर दिया है। इससे प्रभावित लोगों, खासकर सबसे कमजोर लोगों, पर भारी बोझ पड़ा। संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने संक्रमण के मुख्य कारकों - गरीबी, अल्पपोषण, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की कमी, एचआईवी संक्रमण की व्यापकता, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और धूम्रपान से निपटने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीमारी से जुड़े कलंक को कम करने की जरूरत है ताकि लोगों को भेदभाव के डर के बिना मदद मिल सके और सरकारों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करना चाहिए जिसमें टीबी की जांच, रोकथाम और उपचार शामिल है। मोहम्मद ने वैश्विक लड़ाई का समर्थन करने का अपना कारण भी साझा किया। उन्होंने कहा, 'मेरी प्रतिबद्धता मेरी निजी कहानी है, इसी सप्ताह 37 साल पहले मैंने अपने पिता को टीबी के कारण खो दिया था जो उस समय महज 50 साल के थे।'

## आज का इतिहास

1688 – फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1726 – ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।
1789 – अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय बनाया गया।
1932 – डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच पुणे की यरवडा सेंट्रल जेल में 'दलितों' के लिए विधानसभाओं में सीटें सुरक्षित करने को लेकर एक विशेष समझौता हुआ।
1932 – बंगाल की क्रांतिकारी राष्ट्रवादी प्रीतिलता वादेदार देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली पहली महिला बनी।
1948 – होंडा मोटर कंपनी की स्थापना।
1965 – यमन को लेकर सऊदी अरब और मिस्र के बीच समझौता।
1968 – दक्षिण अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1971 – ब्रिटेन ने जासूसी के आरोप में 90 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया।
1978 – पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 – घाना ने संविधान अपनाया।
1990 – पूर्वी जर्मनी ने खुद को वारसा संधि से अलग किया।
1996 – अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किये।
1996 – व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर होने शुरू, सं.रा. अमेरिका संधि पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश।
2003 – फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन किया।
2005 – आई.ए.ई.ए. ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे को सुरक्षा परिषद को सौंपने का निर्णय लिया।
2007 – म्यांमार की सैन्य सरकार के ख़िलाफ़ राजधानी यांगून में एक लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतरे।
2008 – चीन और नेपाल ने दूरसंचार के क्षेत्र में एक अहम अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किया।

## दुनिया को जानें

# सूडान में युद्ध के कारण 53 लाख लोग हुये विस्थापित

**खार्तूम,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद अप्रैल के मध्य से सूडान में युद्ध से लगभग 53 लाख लोग विस्थापित हो गये। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ओसीएचए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, 'अप्रैल के बाद से पांचवें महीने में एसएएफ और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण, लगभग 53 लाख लोग अपने घर छोड़कर सूडान या पड़ोसी देशों में शरण ले चुके हैं।' इसमें कहा गया है, 'सूडान के भीतर, 19 सितंबर तक सभी 18 राज्यों में 3,929 स्थानों पर 42 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।' ओसीएचए ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के हवाले से कहा कि इसके अलावा, 10 लाख से अधिक लोग मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान सहित पड़ोसी देशों में चले गए हैं।



# प्रादेशिकी

## कार खाई में गिरने से पांच घायल

**नई टिहरी।** टिहरी के कोटि कालोनी क्षेत्र के खाण्डखाल के पास वाहन खाई में गिरने से पांच लोग घायल हो गए जिसके बाद एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर घायलों को खाई से निकालकर उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया। कोटि कॉलोनी के स्थानीय लोगो ने एसडीआरएफ को सूचित किया कि खाण्डखाल के पास एक वाहन अनियंत्रित होने से लगभग 30 मीटर खाई में गिर गया है। सूचना पर एसडीआरएफ टीम मुख्य आरक्षी राकेश सिंह के हमराह मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्रवाई करते हुऐ खाई में गिरे वाहन तक पहुँच बनायी व कार सवार सभी 5 लोगो को खाई से बाहर निकाला।

## बागेश्वर विधायक पार्वती दास ने ली विधानसभा सदस्यता की शपथ

- स्पीकर ऋतु खंडूड़ी और सीएम धामी ने दी बधाई
- कैबिनेट मंत्री चंदल रामदास के निधन पर खाली हुई थी सीट
- पार्वती बोली स्व. रामदास के रूके कार्यो को करेंगी पूरा

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 23 सितंबर (देशबन्धु)। बागेश्वर विधानसभा सीट वहां के विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन से खाली हो गई थी। इसके बाद 5 सितंबर को बागेश्वर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव हुआ था। 8 सितंबर को हुई मतगणना में बीजेपी प्रत्याशी पार्वती दास ने कांग्रेस के प्रत्याशी बसंत कुमार को हरा दिया था। बीजेपी ने इस जीत को अपनी सरकार के कार्यों की जीत बताया था।

शनिवार 23 सितंबर को बागेश्वर सीट से बीजेपी विधायक पार्वती दास ने देहरादून में विधानसभा सदस्यता की शपथ ली। पार्वती दास को उत्तराखंड की स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने विधानसभा भवन स्थित कार्यालय कक्ष में विधानसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने पार्वती दास को उज्वल कार्यकाल की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। पार्वती दास को शपथ दिलाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी ने खुशी जाहिर करते हुए पार्वती दास को शुभकामनाएं दी। वहीं, शपथ ग्रहण करने के बाद विधायक पार्वती दास ने बागेश्वर की जनता का धन्यवाद देते हुए कहा कि मंत्री चंदन रामदास ने जो काम शुरू किया था, उसको आगे बढ़ाएंगे। जिसके तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम, 200 बेड का हॉस्पिटल बनाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीएम धामी ने कहा कि बागेश्वर क्षेत्र की जनता के लिए चंदन रामदास ने अनेकों काम प्रारंभ किए थे। उन सभी कामों को पार्वती दास आगे बढ़ाएंगी। यही नहीं, बागेश्वर की जनता ने जिस आशा और अपेक्षा के साथ भाजपा पर विश्वास किया है, उस पर खरा उतरेंगे। बागेश्वर क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने के लिए सरकार प्रयास करेगी।सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नारी शक्ति वंदन विधेयक पास हुआ है, वो महिला उत्थान के लिए लाया गया है। इस विधेयक से पूरे देश के अंदर मातृ शक्ति को हर क्षेत्र में आने का अवसर और प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। साथ ही कहा कि देश की आजादी के बाद से ही अब तक जो मांग थी उस पर पहली बार प्रधानमंत्री ने साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लिहाजा सीएम ने उत्तराखंड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया। इस दौरान सीएम धामी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मौजूद रहे।

### सीएम धामी ने पार्वती दास को दी बधाई

पार्वती दास के विधानसभा सदस्यता शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। पार्वती दास के शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीएम धामी ने ट्वीट किया कि- देहरादून में विधानसभा सीट बागेश्वर से भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक पार्वती दास जी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पार्वती जी पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व। चंदन रामदास जी के बागेश्वर क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण हेतु संचालित किए गए कार्यों को नई गति प्रदान करेंगी। सीएम धामी ने बागेश्वर की जनता का धन्यवाद और आभार जताते हुए कहा कि बागेश्वर की जनता ने बागेश्वर के इतिहास में पहली बार एक महिला को वहां का विधायक चुना है। ऐसे में आज विधिवत रूप से बागेश्वर विधानसभा की विधायक के रूप में शपथ ले ली है।

### पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को हराया था

भाजपा की प्रत्याशी पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को 2405 मतों से पराजित किया था। पार्वती दास को कुल 33,247 वोट प्राप्त हुए थे। वहीं कांग्रेस के बसंत कुमार को 30,842 वोट मिले थे। इस तरह पार्वती दास ने अपने पति चंदन रामदास की बागेश्वर सीट को बीजेपी के लिए फिर से जीता था।

## दो दशक से लटके सुक्की बाईपास निर्माण को लेकर सुगबुगाहट

उत्तरकाशी, 23 सितंबर (देशबन्धु)। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण गंगोत्री हाईवे पर करीब दो दशक से लटके सुक्की बाईपास निर्माण पर छाए बादल छंटते नजर आ रहे हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) यहां चारधाम सड़क परियोजना में सुक्की बाईपास का निर्माण करने जा रहा है। जिससे दस किमी की अतिरिक्त दूरी तय करने में लगने वाला करीब एक घंटे का समय कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाएगा। इससे चारधाम यात्रियों के साथ सेना को भी लाभ मिलेगा। बीआरओ ने बाईपास निर्माण के लिए दोबारा सर्वे पूरा करने के बाद डीपीआर निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है।

दरअसल, साल 1999 में सुक्की क्षेत्र में बादल फटने से भारी तबाही हुई थी। सुक्की नाले के उफान पर आने से गंगोत्री हाईवे पर भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आ गए थे। जिसके चलते हाईवे पर आवाजाही बहाल करने में करीब 15 से 20 दिन लग गए। उस समय यहां बाईपास निर्माण की जरूरत महसूस हुई थी। तभी पहली बार बाईपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों के विरोध के चलते यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया।



लेकिन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की चारधाम सड़क परियोजना में यहां दोबारा बाईपास निर्माण की कवायद तेज हुई है। इसके लिए बीआरओ ने हाल में दोबारा सर्वे किया है। जिसके पूरा होने के बाद बाईपास निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। जिसके अनुसार बाईपास बनने के बाद चारधाम यात्रियों व सेना को सुक्की टॉप के घुमावदार छह बैंड चढ़ने से मुक्ति मिलेगी। वहीं करीब एक घंटे की दूरी को कुछ ही मिनटों में पूरा कर लिया जाएगा। जिसका लाभ सेना और स्थानीय लोगों को मिलेगा।

### भूगर्भीय सर्वेक्षण में सुरंग निर्माण का प्रस्ताव हुआ रद्द

पूर्व में यहां बाईपास के लिए सुरंग निर्माण भी प्रस्तावित की गई थी। जिसका निर्माण सुक्की के नीचे से होना था और जो सीधे झाला की ओर निकलती। लेकिन भूगर्भीय सर्वेक्षण में क्षेत्र कमजोर मिलने और धंसाव का पता चलने पर सुरंग के प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया। अब सुक्की के नीचे से सीधे पार सड़क पहुंचाई जाएगी, जो सीधे आगे गंगोत्री हाईवे से जुड़ेगी।

## सार संक्षेप

### रामनगर में बना उत्तराखंड का पहला फ्लो स्पैन गोदाम

**रामनगर।** शनिवार को खाद्य मंत्री रेखा आर्य आमडंडा स्थित राजकीय खाद्य भंडार के कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने उत्तराखंड के पहले फ्लो स्पैन गोदाम का लोकार्पण किया। इससे पहले राशन डीलरों और विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर मंत्री ने मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि यह गोदाम उत्तराखंड का पहला फ्लो स्पैन गोदाम है, जिसका आज लोकार्पण किया गया है। उत्तराखंड में अभी इस प्रकार के और गोदामों का भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह गोदाम कुमाऊं और गढ़वाल के राशन डीलरों को विभागीय खाद्यान्न का वितरण करेगा। इस गोदाम का निर्माण 40 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इसी बीच उन्होंने लोगों को विभाग की कई योजनाओं की जानकारी दी है। रेखा आर्या ने कहा कि विभागीय स्तर पर संचालित योजनाओं का जनता लाभ ले, क्योंकि सरकार जनता की समस्याओं को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार लगातार प्रयासरत है। फ्लो स्पैन गोदाम पूरी तरह इम्पोर्टेड स्टील से बना हुआ है। साथ ही यह पोर्टेबल होने की वजह से इसको कही भी शिफ्ट किया जा सकेगा।

### सरकार के खिलाफ 25 को शिमला में भाजपा का धरना प्रदर्शन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी 25 सितंबर सोमवार को राजधानी शिमला में धरना एवं रोष प्रदर्शन करेगी। सुजानपुर भाजपा मंडल से 200 पार्टी कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगे। यह जानकारी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत राणा ने दी। उन्होंने बताया कि मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा की अध्यक्षता में तमाम कार्यकर्ता प्रदेश सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा रखे गए धरना एवं रोष प्रदर्शन में भाग लेंगे। इस धरने में प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी बेला पर जो झूठी गारंटियां प्रदेश की भोली- भाली जनता को दी गई थी और उन्हें ठगा गया था उसके खिलाफ धरना देंगे। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई है तब से लेकर आज तक हर कार्य में प्रदेश सरकार फेल और नाकाम साबित हुई है। सरकार स्थापित होते ही प्रदेश के हजारों सरकारी संस्थान बंद कर दिए गए। आज हालात यह हो गई है कि केवल पूर्व में रही भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान पूरे हुए कार्यों का उद्घाटन करके यह सरकार वाहवाही लूट रही है। पूरी जनता त्रस्त है और प्रदेश कांग्रेस सरकार मस्त है। तमाम बातों को लेकर सरकार को जगाने के उद्देश्य से यह धरना प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी ने रखा है, जिसमें विधानसभा का घेराव करके प्रदेश सरकार को घेरा जाएगा।

### सुडोकू 6326 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 |

## देहरादून में अवैध खनन कारोबार से सरकार को करोड़ों की चपत

- बिना लाइसेंस और अनुमति के चल रही हैं बिल्डिंग मटिरियल की दुकानें
- आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश सिंह नेगी का बड़ा खुलासा, बड़े पैमाने पर हो रही राजस्व की चोरी

**देहरादून,** 23 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में दिये तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। देहरादून में रेत-बजरी और रोड़ी की दुकानें बिना लाइसेंस और बिना अनुमति के ही चल रही हैं। देहरादून के बाहरी इलाकों में कुछ गिने-चुने लोगों ने ही बिल्डिंग मटिरियल सप्लाई के लिए खनन विभाग से अनुमति ली है। बाकी सब अवैध चल रहे हैं। यह खुलासा किया है आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश नेगी ने। एडवोकेट विकेश नेगी ने कहा कि आरटीआई से जानकारी मिली है कि देहरादून शहर में बिल्डिंग मटिरियल का कारोबार अवैध ढंग से चल रहा है और इससे सरकार को राजस्व का भारी घाटा हो रहा है।

आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश नेगी ने जिला खनन अधिकारी से देहरादून में 12 इलाकों में चल रही बिल्डिंग मटिरियल सप्लायर की जानकारी मांगी। जिला खनन कार्यालय से चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि देहरादून शहर में चल रही अधिकांश दुकानों के पास कोई अनुमति पत्र नहीं है। इसके बावजूद वह बिल्डिंग मटिरियल स्टोर



कर रख रहे हैं। शिमला बाईपास के कुछ सप्लायर ने अनुमति ली है लेकिन यहां भी अधिकतर सप्लायर बिना अनुमति के ही अवैध ढंग से कारोबार कर रहे हैं। जिला खनन अधिकारी ने अवैध भंडारण को लेकर जिलाधिकारी से कुछ कारोबारियों के बारे में शिकायत की लेकिन बताया जाता है कि अब तक एक भी अवैध कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार उप खनिज नियमावली के तहत उपखनिजों का भंडारण धार्मिक स्थल, अस्पताल और शैक्षणिक स्थल से 300 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। यह मानक पर्वतीय क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के लिए कुछ अलग हैं। इसके बावजूद शहर में कई जगहों पर नियमों को ताक पर रख कर उपखनिज का भंडारण किया जा रहा है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक उपखनिज का भंडारण के लिए जिला खनिज अधिकारी से अनुमति जरूरी है। यह अनुमति भी निश्चित अवधि के लिए दी जाती है। लेकिन देहरादून में मानकों का खुला उल्लंघन हो रहा है। उनके मुताबिक इससे राजस्व की भी चोरी हो रही है। इस कारण सरकार को करोड़ों की चपत लग रही है। उन्होंने खनन विभाग और जिलाधिकारी से अपील की है कि अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई की जाए ताकि कर जीएसटी और कर चोरी को रोका जा सके।

## लोगों के साथ धोखा है 10 गुना स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाना : ठाकुर

**शिमला,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय कर रही है, आए दिन जनविरोधी फ़ैसले ले रही है। सत्ता में आते ही डीज़ल पर टैक्स बढ़ा दिये। बिजली-पानी के शुल्क बढ़ा दिए। आज दस गुना स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने जा रही है।



श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार इस तरह की तानाशाही से जनविरोधी फैसले जनता पर नहीं लाद सकती है। सरकार ने राजस्व के विभिन्न कार्यों में जहां सौ रुपए का स्टाम्प लगता था। उस जगह पर अब एक हज़ार जा स्टांप लगाने जा रही है। एक साथ दस गुना बढ़ोतरी आज तक प्रदेश के इतिहास में कभी नहीं हुई थी।

नेता प्रतिपक्ष ने का कहा कि इस अधिनियम का विरोध करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन से 'बर्हिगमन' किया। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा देने के नाम पर कांग्रेस प्रदेश के लोगों से झूठ बोला। सत्ता में आने के बाद से ही प्रदेश के लोगों को दुख देने वाले काम शुरू कर दिये। चुनाव के पहले दस गारंटी का वादा करने वाली कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नहीं किया और लोगों के ऊपर टैक्स पर टैक्स लगाए जा रही है। आपदा के समय में भी इस तरह की जनविरोधी गतिविधि सरकार कर सकती है। ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश आपदा से गुजर रहा है लेकिन सरकार आए दिन किसी न किसी प्रकार के आर्थिक बोझ से प्रदेश के लोगों को परेशान कर रही है। आपदा से उबरने के लिए जिन वस्तुओं की आवश्यकता है उन्हें महंगा कर रही है। लोगों के घर टूटे हैं, जिन्हें बनाने में सीमेंट, रेता स्टील की आवश्यकता पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिये। उद्योगों को दी जाने वाली बिजली महंगी कर दी। इससे स्टील और अन्य महत्वपूर्ण चीजों के दाम बढ़ जाएंगे। डीज़ल के दाम बढ़ा दिये, जिससे आम जन-जीवन में इस्तेमाल होने वाली सारी चीजों के दामों पर असर पड़ा। आपदा के समय में इस तरह का बर्ताव कभी किसी सरकार ने नहीं किया। सरकार को इस तरह की हरकतों से बाज आना चाहिए।

## चंबा में ऋषिकेश से गंगोत्री जाने वाली टनल में पड़ी दरारें, लोगों में डर का माहौल

**नई टिहरी,** 23 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के चंबा शहर के नीचे बनी ऋषिकेश गंगोत्री जाने वाली टनल में दरारें पड़ने से चंबा शहर वासियों में भय का माहौल बन गया है। चंबा शहरवासियों ने टनल में पड़ी दरारों को लेकर बीआरओ के अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन लोगों का आरोप है कि किसी ने भी टनल में पड़ी दरारों की सुध नहीं ली। टनल में कई जगहों पर दरार पड़ने लगी हैं। साथ ही दरारों से पानी भी टपकने लगा है। टनल के ऊपर बने मकानों में भी दरारें पड़ी हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के समय में होती है, जब इस टनल से पानी भारी मात्रा में टपकने लगता है।

चंबा शहरवासियों ने टिहरी डीएम से बीआरओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। भू वैज्ञानिकों से जांच कराने की मांग की गई है। जब ये टनल 2019 में बनाई जा रही थी, उस समय टनल के ऊपर बसे और मैठीयान और मंजुड़ गांव के कई परिवारों के घरों में दरार पड़ी गई थी। टनल बनने के बाद टनल में दरार पड़ने लगी हैं। जिस तरह से सुरंग में पड़ी दरारों में नमी दिख रही है, ऐसे में भू वैज्ञानिकों से जांच करवाना अति आवश्यक है।

चंबा शहर वासियों का कहना है कि हाल ही में चंबा में एक घटना घटी थी जिसमें पांच लोगों की मलबे में दबकर मौत हुई थी। इसी के समीप नीचे यह टनल बनी हुई है। इससे ऐसा लगता है कि बीआरओ के अधिकारी किसी बड़ी घटना के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं। चंबा शहर वासियों ने चंबा टनल में पड़ी दरार को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया, परंतु बीआरओ के अधिकारियों द्वारा सुध नहीं ली गई।

### डीएम ने दिए जांच के आदेश

इस मामले को टिहरी के डीएम मयूर दीक्षित के सामने उठाया। टिहरी की चंबा टनल के अंदर जगह जगह दरारें पड़ने पर डीएम मयूर दीक्षित ने अधिकारियों से जांच करवाने के लिए कहा है। डीएम का कहना है कि उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फॉगिंग धीमी कार्रवाई पर नगर आयुक्त कोटद्वार का स्पष्टीकरण तलब

- स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश कल 24 सितंबर तक हर हाल में पूरा करें डोर टू डोर सर्वे

**कोटद्वार,** 23 सितंबर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चैहान ने नगर निगम कोटद्वार स्थित बेस अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक कक्ष में डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। नगर क्षेत्र के अंतर्गत गलियों में नियमित फागिंग नहीं करने पर नगर आयुक्त कोटद्वार का स्पष्ट कारण तलब किया है। जबकि आशा कार्यकत्रियों को डोर-डोर सर्वे में दिए गए घरों की संख्या और बैठक में प्रस्तुत आंकडों के चलते जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डेंगू रोकथाम संबंधी कार्रवाई में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही शामिल नहीं होगी।

नगर क्षेत्र कोटद्वार में डेंगू पर काबू पाने के लिए कुल आठ जोनल मजिस्ट्रेट की तैनात किए गए है। जिलाधिकारी ने नामित जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सेनेटरी इंस्पेक्टर और आशा कार्य के कार्यो पर नजर बनाए रखे। कहा कि लापरवाही बरतने वाले कार्मिक का नाम उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। बैठक में बताया गया की गत दिवस 22 सितंबर तक कोटद्वार नगर क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू के कुल 111 मामले सामने आए थे।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आशा सुपरवाइजर के माध्यम से नगर क्षेत्र में कार्य कर रही आशा कार्यकत्रियों की क्षेत्र में उपस्थित और सक्रियता के संबंध में फोन कॉल द्वारा फीडबैक भी लिया। आशा कार्यकर्तारियों को डोर टू डोर सर्वे हेतु सौंप गए घरों की संख्या और बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों में विरोधाभास को स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम कोटद्वार संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 3 दिन के भीतर सही रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए निरन्तर कार्यवाही गतिमान है। जिसके तहत गतिमान कार्यवाही की दैनिक रूप से समीक्षा की जा रही है। उन्होंने जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि आज हुई बारिश से एन्टी लार्वा स्प्रे का प्रभाव आंशिक रूप से कम हो सकता है, इसे इस हेतु उन्होंने अधिक प्रभावी कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-3, किशनपुर, लकड़ी पड़ाव, शिबू नगर वार्ड-8 और विशेष कर रेलवे स्टेशन के आसपास नियमित रूप से फोगिंग और एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में उप जिलाधिकारी सोहन सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुमित बर्मन, डॉ दिनेश कुमार, डॉ सुनील शर्मा सहित अन्य जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

## एनबीआरसी में हिंदी पखवाड़े की धूम जारी

**गुरुग्राम,** 23 सितंबर (देशबन्धु)। मानेसर स्थित राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र (एनबीआरसी)में इन दिनों हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस प्रतिष्ठित संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्रों में हिंदी के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत एनबीआरसी में हिंदी में भाषण प्रतियोगिता और हिंदी में शोध पत्रों की प्रस्तुति हुई। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अहिन्दी भाषी व हिंदी भाषी दो समूह बनाये गए इनमें अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्रों ने हिस्सा लिया। जबकि शोध पत्र प्रस्तुति पीएचडी कर रहे छात्रों ने की।



इस अवसर पर एनबीआरसी के निदेशक डॉ. कृशानु राय ने कहा कि राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और यहाँ कार्यरत सभी कर्मचारियों व विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अमित नेहरा ने हिंदी भाषा के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर प्रकाश डाला। अपने चुटीले सम्बोधन में उन्होंने हिंदी भाषा के मजेदार पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।एनबीआरसी के हिंदी अधिकारी डॉ. इंद्रजीत यादव ने कहा कि यह आयोजन देश की अनेकता में एकता का बोध कराता है।

इस अवसर जेएनयू के एसोसिएट प्रोफेसर गंगा सहाय मीणा व पत्रकार पवन कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों को भाग लेने पर बधाई दी। इस हिंदी पखवाड़े के आयोजन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तन्मय भट्टाचार्य, तकनीकी अधिकारी जितेंद्र अहलावत व प्रशासन अधिकारी पूजा गोसाईं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र में चल रहे इस बड़े आयोजन में संस्थान में भारत के विभिन्न प्रदेशों के अधिकारी व छात्र हिस्सा ले रहे हैं जिनमें से विशेष रूप से मिथलेश कुमार सिंह, संजय कुमार गुप्ता, पीवी विनीता, केशव, शंकर दत्त जोशी, आशीष, हिमांशु मल, केदार सिंह पम्था, सुनंदा शर्मा, स्वागता डे, अरविंद सिंह पुंडीर, इरशाद आलम, परमंदर सिंह रावत, रेशमा खातून, हरि शंकर, दुर्गा लाल मीना, निशा, नौशाद आलम, पल्लवी सिंह, मीनाक्षी भास्कर, महेश कुमार, सुमित महापात्रा, तन्मय सिंघल व अथिरा एम सरथ शामिल हैं।

एनबीआरसी में इस पखवाड़े के तहत हास्य कवि प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जायेगी। पखवाड़े के अंतिम दिन सभी विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किए जाएंगे।

एनबीआरसी के निदेशक डॉ. कृशानु राय ने कहा है कि इस बार का हिंदी पखवाड़ा संस्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं।

## सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर 21 बांधों को नोटिस : सुक्खू

**शिमला,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर 21 बांधों को नोटिस दिए गए हैं। बांधों की सुरक्षा को लेकर विचार-विमर्श जारी है। बांध के नीचे वाले क्षेत्रों के लिए भी नीति बनाई जाएगी। श्री सुक्खू ने शनिवार को विधानसभा में यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पौंग डैम से पानी छोड़े जाने से फतेहपुर और इंदौरा क्षेत्र में नुकसान हुआ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 173 जल विद्युत परियोजनाओं में बिजली उत्पादन किया जा रहा है। कुल 23 परियोजनाएं ही बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के दायरे में आती हैं। केंद्र सरकार ने 2021 में बांध के विफल होने से संबंधित आपदाओं की रोकथाम के लिए बांधों के निरीक्षण, जांच, परिचालन और रखरखाव तथा उनके सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बांध सुरक्षा अधिनियम को लागू किया है। हिमाचल प्रदेश ने बांध सुरक्षा समिति का गठन किया है। ऊर्जा निदेशालय में राज्य बांध सुरक्षा संगठन की स्थापना की गई है।

श्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में 23 बांध हैं, इन्हें सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। 21 बांधों में नियमों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। इसके चलते इन्हें नोटिस दिए गए हैं। सभी बांधों में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए आपातकालीन फ्लड वार्निंग सिस्टम स्थापित करने को कहा है। इससे पूर्व विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि बांधों में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं हो रहा है। पंडोह, बीबीएमबी और पौंग डैम के चलते इस बार प्रदेश में बहुत नुकसान हुआ है।

# प्रादेशिकी

## समाधान दिवस में एडीजी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**मवाना,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना कोतवाली परिसर में एडीजी राजीव सभरवाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों ने राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतें रखी। समाधान दिवस में शिकायतों का समय पर निस्तारण न होने से छुब्द एडीजी ने थाना पुलिस की जमकर क्लास ली। इस दौरान बीट रजिस्टर में सूचनाओं का निस्तारण न होने पर भी एडीजी नाराज नजर आए शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एडीजी राजीव सभरवाल ने कहा कि यदि पुलिस व राजस्व विभाग टीम बनाकर कार्य करें तो जल्द से जल्द प्रत्येक शिकायत का निस्तारण किया जा सकेगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सभी शिकायतों का समय सीमा में निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एडीजी ने कोतवाली का निरीक्षण किया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठे कदम : योगी

## नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को किया संबोधित

**लखनऊ/वाराणसी,** 23 सितबर (देशबन्धु)। वाराणसी के संपूर्णानंद मैदान में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिः, नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रया। मां के समान कोई छाया नहीं, मां के समान को सहारा नहीं, मां के समान कोई रक्षक नहीं, मां के समान कोई प्रिय नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 9 साल में पूरी दुनिया ने बदलते हुए भारत को देखा है। भारत की आधी आबादी और मातृ शक्ति को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित कराने के बाद आज प्रधानमंत्री का आगमन अपनी काशी में हुआ है। 2014 के उपरांत महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मिशन इंद्रधनुष के जरिए महिलाओं को सुरक्षा कवच देने का कार्य हुआ है। वहीं इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी महिलाओं ने फूलों की माला से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इसके अलावा शहरी आजीविका मिशन की लाभार्थी महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर, प्रधानमंत्री आवास योजना की महिलाओं ने तुलसी का पौधा भेंट कर, आयुष्मान योजना की लाभार्थियों ने अंगवस्त्र के माध्यम से तथा उचित दर विक्रेता की लाभार्थी महिलाओं ने गणपति प्रतिमा भेंट कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नारी



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ साल में पूरी दुनिया ने बदलते हुए भारत को देखा है : योगी आदित्यनाथ**

का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए आधुनिक व्यवस्था हो सकती है। हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं। हमारी काशी रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगना की जन्मभूमि है। आजादी की लड़ाई में लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं से लेकर मिशन चंद्रयान को लीड करने वाली महिला वैज्ञानिकों तक नारी नेतृत्व के सामर्थ्य को हर कालखंड में हमने साबित किया है। उन्होंने कहा कि तीन दशक से ये कानून लटका था। आज संसद के दोनों सदनों में उन पार्टियों को भी इसके समर्थन में आना पड़ा जो पहले इसका विरोध करते थे। उन्होंने कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आपके बिना काशी में कोई विकास का संकल्प सिद्ध नहीं हो सकता है। आपके आशीर्वाद से हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नये अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जब खेल का इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनता है। तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है। जब ऐसे बड़े सेंटर बनेंगे तो बड़े आयोजन होंगे। बड़ी तादात में दर्शक और खिलाड़ी यहां आंएगे। इससे होटल, खानपान की दुकान, रिक्शा ऑटो रिक्शा और नाव वालों को लाभ मिलेगा। नये स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर खुलेंगे और वाराणसी में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री तैयार होगी। उन्होंने कहा कि गांव गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं। जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की। आज छोटे छोटे शहरों के खिलाडी देश की शान बने हुए हैं। खेलो इंडिया अभियान से देश के कोने से खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनाने में सरकार अहम भूमिका निभा रही है। पहले अच्छे स्टेडियम केवल कुछ बड़े शहरों में ही मौजूद थे। अब देश के कोने कोने में खेलो इंडिया अभियान के जरिए स्पोर्ट स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। इसका लाभ बेटियों को मिल रहा है। नई शिक्षा नीति में खेल को साइंस, मैथ और कॉमर्स की तरह ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

### अभिनंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने किया प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने मोदी का सम्मान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता कुष्मांडा, माता शृंगार गौरी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा की पावन नगरी है। यहां के कण कण में मातृ शक्ति की महिमा जुड़ी है। विंध्यवासिनी देवी भी बनारस से दूर नहीं हैं। काशी नगरी देवी अहिल्याबाई होल्कर के पुण्य कार्यों और प्रबंध कौशल की साक्षी रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवारात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश में महिला विकास के रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी।

# शिक्षा के मंदिर में प्रधानाध्यापक ने चलवाई हरे पेड़ पर कुल्हाडी

**मवाना,** 23 सितबर (देशबन्धु)। शनिवार को नगर की प्रतिनगर कालोनी स्थित सरकारी स्कूल में प्रधानाध्यापक विभागिय अनुमति के बिना ही नीम के हरे पेड पर कुल्हाडी चला कटवा दिया। कटाना के दौरान पेड पर लग ततैयों के छत्तों के हमला कर तीन बच्चों को घायल हुए तो स्कूल में अफरा तफरी मच गई। अनुमति के बिना हरे पेड़ काटने की करतूत को छिपाने के लिए प्रधानाध्याक ने बच्चों और अभिभावकों को थाना दिवस में भेज हरे पेड कटवाने की मांग की। परिजनों को हकीकत पता चली तो विद्यालय पर पहुंचकर हंगामा कर मामले की जानकारी आलाधिकारियों को दी। जनकारी मिली तो वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

बता दें कि नगर की प्रीतनगर कॉलोनी के प्राथमिक विद्यालय नंबर-3 में नगर की मोहल्ला कलयाण सिंह निवासी जमाल कामिल प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। शनिवार सुबह विभागिय अनुमति के बिना ही प्रधानाध्यापक ने स्कूल परिसर में खड़े नीम के हरे पेड को बेच दिया। जिसके कुछ देर बाद ही नीम का पेड कटकर जमीनोंजद हो गया। परिसर में कूड़ा फैला तो प्रधानाध्यापक के साथ अन्य स्टॉफ ने बच्चों को पेड़ की टहनियां उठाने के लिए आदेशित किया।



- **कटान के दौरान ततैयों के हमले से बच्चे जख्मी**
- **थाना दिवस पर शिकायत लेकर पहुचें बच्चे तो हुई जानकारी**

बच्चो ने टहनियां बटोरकर बाहर फेंकी तो ततैयों ने हमला बोल बच्चों को घायल कर दिया। घायल बच्चें हनी, गुड्डू, राहत को आनन फानन में घायल प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्रधानाध्यापक ने अपनी कारगुजारी छिपाने के लिए बच्चों के अभिभावकों को थाना दिवस में भेज दिया। लेकिन बच्चों ने उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रधानाध्यापक की पुरी कारगुजारी खोलकर रख दी। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने विभागिया अधिकारियों को कार्यवाई के लिए निर्देश किया।

## सार संक्षेप

### रिश्वत मांगने वाले मेडा के बाबू व मेट निलंबित

**मेरठ।** अवैध निर्माण कराने के बदले उगाही करने वाले मेडा के लेखा लिपिक और मेट को निलंबित कर दिया गया। जबकि जेई के खिलाफ संस्तुति शासन को भेजी गई हैं। अब मामले की जांच सचिव करेंगे और मेडा की और से कार्रवाई के लिए एसएसपी रोहित सिंह साजवाण को भी पत्र लिखा गया है। तीन अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। संबंधित जेई बुलंदशहर विकास प्राधिकरण के हैं, जो मेडा से संबंधित हैं। मेडा (मेरठ डेवलपमेंट अथॉरिटी) के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे के अनुसार गंगानगर में अवैध निर्माण के बदले रिश्वत मांगने पर मेट महिपाल को निलंबित कर दिया गया है। उन पर आरोप है कि अवैध निर्माण करने वालों से उगाही कर निर्माण करने दे रहे थे। जबकि उन्हें अवैध निर्माण की सूचना प्रवर्तन विभाग को देनी चाहिए थी। वहीं मेडा के ड्राइवर रमेश को कुछ दिनों पहले लकवा हो गया था। जिस वजह से उन्होंने वीआरएस ले लिया। उनकी पेंशन संबंधित फाइल लेखा विभाग में स्वीकृत करने के बदले लेखा लिपिक अनवर अहमद ने 20 हजार की रिश्वत मांगी। शिकायत के बाद अनवर सिद्दीकी को निलंबित कर आई कार्ड भी छीन लिया गया।

### बकाया होने पर गन्ना आयुक्त को किसानों ने घेरा

**मेरठ।** गन्ना किसान समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर पांडव नगर स्थित गन्ना भवन पहुंचे। किसानों ने गन्ना उप आयुक्त व गन्ना अधिकारी का घेराव किया। उनका कहना है कि किनौनी चीनी मिल के बकाया भुगतान व गन्ना किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर समिति संघर्ष कर रही है। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी की वजह से किसान आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। गन्ना किसान समिति के अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र सिंह ने बताया कि किनौनी चीनी मिल के प्रबंधन किसानों का भुगतान समय से नहीं करते हैं। इसी वजह से किसानों को आर्थिक समस्या हो जाती हैं। किसानों के बच्चों की फीस भी समय से नहीं जाती हैं। इन्हीं वजह से किसानों को बाहर से कर्ज लेना पड़ता है। पैराई सत्र 2022-23 में किनौनी चीनी मिल पर लगभग 300 करोड़ का भुगतान बकाया है।

# शोभित में आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का हुआ आयोजन

**मेरठ,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विवि के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा नवाचारी विचारों को



बढ़ावा देने के लिए सॉफ्टवेयर एवम हार्डवेयर के विभिन्न प्रोजेक्ट के प्रोटोटाइप को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के छात्रों का सामाजिक चुनौतियां के समाधान के लिए विभिन्न टीमों के साथ प्रतिभागीता देखी गई। जिससे यह पता चलता है कि अब छात्र नौकरी के बजाय समस्याओं का समाधान करके एक एंटरप्रेन्योर बनने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यहां पर चयनित टीम अब खुद को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 में भारत सरकार द्वारा पंजीकृत करेगी। हैकथॉन के दौरान छात्रों द्वारा मुख्य रूप से मेगा डेब्ट सेवर, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों में फोन की लत का समाधान, शारीरिक दिव्यांग और बुढ़ापे के लोगों के लिए सेंसर-आधारित सहायता, मानसिक चुनौती प्राप्त बच्चों के लिए मेंटरशिप मार्गदर्शन, ग्रामीण क्षेत्र मॉनिटरिंग सिस्टम इत्यादि प्रॉजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहे।

# 90 मेघावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मवाना,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को व्यापार संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहे प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता की पंचम पुण्यतिथि पर अरुण कुमार गुप्ता चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में शांति फार्म हाउस में मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विमल शर्मा द्वारा और संचालन सौरभ शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तदोपरांत कृषक इंटर कॉलेज तथा एस इंटर कॉलेज के छठी क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के 90 मेधावी छात्र छात्राओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा स्मार्ट वॉच तथा स्कूल बैग व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश



उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने कहा कि आज लड़कों के साथ लड़कियां भी पूरे देश में सफलता की विजय पताका फहरा रही है जिन बच्चों को भी यहां पुरस्कृत किया गया है उनमें भी अधिकांश छात्राएं ही हैं देश के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी जी द्वारा भी आज देश की आधी आबादी को नेतृत्व देने की घोषणा की गई है। कोऑपरेटिव बैंक के सभापति विमल शर्मा जी ने कहा कि अरुण कुमार गुप्ता जी व्यापारियों तथा समाज की बुलंद आवाज थे उन्होंने अपने जीवन में अपनी वाकपटुता,निर्भीकता तथा साफगोई से बात करने की जीवन शैली के कारण कई आयाम स्थापित किए उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता जी के गुणों से प्रेरणा लेकर जीवन जीने की बात कही। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री राजकुमार डूंगर,प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमल खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक, अमित मोहन गुप्ता, सचिन अग्रवाल अभयवीर गर्ग आदि ने भी अपने विचार रखे।

# विनायक विद्यापीठ के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मेरठ,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा बीएससी (बायोलॉजी एवं माइक्रोबायलॉजी) के छात्र छात्राओं के लिए मीनाक्षी ग्रुप ऑफ डायग्नोस्टिक्स सेंटर्स में भ्रमण का आयोजन किया। प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को रवाना करते हुए कहा कि इस भ्रमण को करने का हमारा उद्देश्य आपको



सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देना है जो कि आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। निदेशक इंजि. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीएससी (बायोलॉजी) की विभागाध्यक्ष आरजू चौधरी, बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी) की विभागाध्यक्ष सृष्टि नलवा, सहायक प्रोफेसर विमलेश सिंह इत्यादि उपस्थित रहें।

# टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषाहार का किया गया वितरण



**मेरठ,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला अस्पताल के क्षय रोग विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सामाजिक संगठनों ने टीबी से ग्रसित सौ मरीजों को गोद लेकर पोषाहार वितरण करने के साथ उनके ठीक होने तक देखरेख की शपथ ली। इस दौरान टीबी मरीजों के साथ आए परिजनों को टीबी की बीमारी के प्रति जागरूक किया गया।

डीटीओ डा.गुलशन राय ने बताया टीबी का उपचार बीच में छोड़ देने पर टीबी पीड़ित को मल्टी ड्रग रजिस्टेंस (एमडीआर) टीबी हो जाती है। इसलिए कहा जाता है कि एक बार टीबी का उपचार शुरू होने पर बीच दवा खाना न छोड़ें। चिकित्सक की सलाह पर ही दवा लेना बंद करें। एमडीआर टीबी पीड़ितों का उपचार थोड़ा कठिन और लंबा हो जाता है, हालांकि आजकल स्वास्थ्य विभाग के पास एमडीआर का भी निशुल्क उपचार उपलब्ध है। ऐसे मरीजों को अतिरिक्त देखरेख की जरूरत होती है।

# कुश्ती में मेरठ मंडल ने जीते गोल्ड समेत आठ पदक

**मेरठ,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। मुरादाबाद में 19 से 21 तक आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में मेरठ मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड एक सिल्वर व एक कांस्य पदक के साथ चौम्पियन शिप पर कब्जा किया है। मेरठ की इस शानदार उपल्बिध पर आरसओ ने बधाई दी है। उप क्रीड़ाधिकारी जेपी यादव ने बताया प्रतियोगिता में 46 किलो वर्ग में ईशा , 49 किलोवर्ग में डोली, 53 किलो वर्ग में हिमानी, 57 किलो वर्ग में कृष्णा कुमारी, 61 किलो वर्ग में प्राची



नागर और 73 किलो वर्ग में वर्षा नागर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 65 किलो वर्ग में खशी नागर व 69 किलो वर्ग में नेहा ने कास्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया उप विजेता वाराणसी की टीम बनी।

# जीटीबी स्कूल में स्वच्छ भाषा अभियान पर कार्यशाला आयोजित



**मेरठ,**23 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सुभाषी फाउंडेशन की ओर से स्वच्छ भाषा अभियान एवं शिक्षा की उपयोगिता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता सार्थक शिक्षा सोसाइटी की अध्यक्ष सारिका गोयल ने बताया कि हम अपने जीवन से किस तरह से नकारात्मक शब्दों को हटा उनकी जगह सकारात्मक शब्दो को देकर अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं। क्योंकि जीवन में बदलाव का सबसे बड़ा कारण कहीं न कहीं हमारा नकारात्मक शब्दों को प्रयोग है। उन्होंने कहा कि अगर हम सकारात्मक शब्द बोलना लिखना आरम्भ कर दे तो हमारे परिवार व समाज में भी अच्छाइयां व खुशियाँ बढ़ने लगेगी तथा हमारा देश और अधिक तरक्की करेगा। वर्कशाप के अंत में अनुजा दुबलिश ने सभी को शिक्षा की उपयोगिता, जीवन की सार्थकता स्वच्छ भाषा अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी का अभार व्यक्त किया तथा कहा कि शिक्षक होने के नाते हमें अपने विद्यार्थियों को तथा कक्षा के वातावरण को सकारात्मक बनाने के लिए अच्छी एवं शुद्ध भाषा का प्रयोग करना चाहिए जिससे कक्षा का वातावरण सकारात्मक अपने आप हो जाएगा।

## वेंकटेश्वर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

# नर्सिंग जैसे सराहनीय कार्य के आगे दूसरा नहीं : डॉ. सुधीर

**मेरठ ,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वर संस्थान के स्कूल आफ नर्सिंग एवं ग्लोरियस इंटरनेशनल नर्सिंग रिसर्च फाउंडेशन व पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा के संयुक्त तत्वाधान में प्रसव प्रबंधन एवं नवजात शिशु देखभाल (न्यूबॉर्न केयर एवं लेबर एंड लेबर मैनेजमेंट) विषय पर दोदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें वेंकटेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग के अलावा पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा, एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, केयर नर्सिंग कॉलेज, इंद्रप्रस्थ नर्सिंग कॉलेज हापुड समेत देश के आधा दर्जन से अधिक अधिक विश्वविद्यालयों एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वेंकटेश्वर समूह के अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि नर्सिंग दुनिया का सबसे पुनीत प्रोफेशन है, हम अपने अनुभवी शिक्षकों, शोध एवं अनुसंधान के बल पर वेंकटेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करेंगे।



- **प्रसव प्रबंधन एवं नवजात शिशु देखभाल विषय पर चर्चा**
- **सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने पर जोर : डॉ.राजीव त्यागी**

डॉ.सी.सी.रमन सभागार में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधीपति डॉ राजीव त्यागी, ग्लोरियस इंटरनेशनल रिसर्च फाउंडेशन के सचिव डॉक्टर स्वप्निल रहने, एसजीटी यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. लिसा चड्ढा, नर्सिंगडीन डॉ.एना एरिक ब्राउन आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ लिसा चड्ढा ने कहा कि प्रसव प्रबंधन एवं नवजात शिशु की देखभाल में नर्सिंग प्रोफेशनल का बहुत ही अहम रोल है, विशेष रूप से जब डिलीवरी सिजेरियन ऑपरेशन के द्वारा होती है तो मां के साथ बच्चे को विशेष केयर एवं सही तरीके से स्तनपान कराना उसके स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे नर्सिंग प्रोफेशनल सही से अंजाम देते हैं।

इस अवसर पर समूह अध्यक्ष के प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडे, निदेशक डॉ. राजेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजरी राणा, प्रो एस वॉल्टर, मिस अनुषा कर्नवाल, सुमनदीप कौर, पूजा नीमा सिंह, प्रतिभा, मेरठ परिसर निदेशक डॉक्टर प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

**E-Tender Notice (ई - निविदा आमन्त्रण सूचना)**

**पंत्राक: 4108/लेखा0/विधायक निधि/2023-24** **दिनांक: 21/09/2023**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधेहस्ताक्षरी द्वारा विधायक निधि से कार्य कराये जाने हेतु, उ0प्र0 इलैक्टोनिक लिमेटिड में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 22-09-2023 से 06-10-2023 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त नियत व शर्ते ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic. पर उपलब्ध है। इच्छुक शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा दिनांक 06-10-2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक अपनी निविदायें उपरोक्त ई-निविदा पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड़ की जा सकती है। निविदादाता द्वारा दो प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी, मवाना के नाम बन्धक कराकर अपलोड करनी होगी। वेबसाइट पर प्राप्त निविदा दिनांक 06-10-2023 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थिति, निविदादाताओं के समक्ष उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अवकाश /अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-मवाना, मेरठ को ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि से एक कार्य दिवस के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रुप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है, ऐसा न करने की स्थिति में निविदा नॉन रेस्पोन्सिव मानी जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तों की जानकारी दिनॉक 22-09-2023 को प्रात: 10-00 बजे से दिनांक 06-10-2023 को अपरान्ह 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मवाना ( मेरठ )**

# दुनिया रंग-बिरंगी

## अनुपम खेर ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के लिए पहुंचे कोलकाता

**कोलकाता।** दिग्गज एक्टर अनुपम खेर अपने नए ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के परफॉर्म के लिए पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता गए हैं। एक्टर ने कहा है कि वह और ऑडियंस हंसी, खुशी, दुख और जीवन के क्षणों में हिस्सा लेंगे। अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर एक्टर ने लिखा कि नमस्कार कोलकाता। कल शाम 7 बजे साइंस सिटी ऑडिटोरियम में अपने ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के परफॉर्म के लिए कोलकाता में हूं। मुझे बताया गया, शो खचाखच भरा है। उन्होंने बांग्ला में आगे लिखा, 'आप और मैं एक साथ मिलकर कुछ हंसी, कुछ आंसू, प्यार और कुछ जिंदगी के पल साझा करेंगे।

## 'एनिमल' से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' से एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के गीतांजलि के किरदार का लुक जारी किया गया है। पोस्टर में रश्मिका मंदाना का सिंपल सुंदर और सादगी हर किसी का दिल जीत रही हैं। वह रेड और व्हाइट कॉम्बिनेशन की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने माथे पर बिंदी लगाई हुई है और वह नीचे देखते हुए हल्की से मुस्कान दे रही हैं। बैकग्राउंड में धुंधली रोशनी झिलमिला रही है।



**सादगी के कायल हुए फैंस**

एक्ट्रेस ने एक्स पर गीतांजलि का लुक पोस्ट करते हुए लिखा कि आपकी गीतांजलि, हैशटैग एनिमल।

शुरुआत में यह फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली थी, हालांकि पोस्ट-प्रोडक्शन में परेशानियों के साथ-साथ 'गदर 2', 'ओह माई गॉड 2' और 'जेलर' के साथ टकराव के कारण इसके वीएफएक्स के साथ-साथ पोस्ट-प्रोडक्शन के बाकी काम को पूरा करने के लिए इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, तीन दिग्गज फिल्मों के साथ टकराव से बचने के लिए भी ऐसा किया गया, जिससे इसकी रिलीज डेट 1 दिसम्बर, 2023 तक बढ़ गई। फिल्म का टीजर 28 सितम्बर को रिलीज होने वाला है, जबकि पोस्ट-प्रोडक्शन और वीएफएक्स पॉलिशिंग का काम फाइनल स्टेज पर अभी भी जारी है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल' खुद को एसआरके-स्टारर 'जवान' की तरह एक अखिल भारतीय बॉलीवुड रिलीज होने का दावा कर रही है।

### शोधकर्ताओं का 'न्यूट्रोफिल' नामक श्वेत रक्त कोशिका पर अध्ययन

## ऑटोइम्यून बीमारियों के इलाज में अदरक फायदेमंद

**न्यूयॉर्क,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि ऑटोइम्यून बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए सूजन को नियंत्रित करने में अदरक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

शोधकर्ताओं ने 'न्यूट्रोफिल' नामक श्वेत रक्त कोशिका के एक प्रकार पर अदरक के प्रभाव का अध्ययन किया। वे विशेष रूप से न्यूट्रोफिल एक्स्ट्रासेलुलर ट्रैप (एनईटी) गठन में रुचि रखते थे, जिसे नेटोसिस भी कहा जाता है और सूजन को नियंत्रित करने के लिए इसका क्या अर्थ हो सकता है। जेसीआई इनसाइट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्वस्थ व्यक्तियों के अदरक का सेवन उनके न्यूट्रोफिल को नेटोसिस के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है। यह अहम है क्योंकि एनईटी सूक्ष्म मकड़ी के जाले जैसी संरचनाएं हैं, जो सूजन और थक्के को बढ़ाती हैं, जो ल्यूपस, एंटीफॉस्फोलिपिड सिंड्रोम और रुमेटीइड गठिया सहित कई ऑटोइम्यून बीमारियों में योगदान करती हैं।

अमेरिका के कोलोराडो स्कूल ऑफ मेडिसिन विश्वविद्यालय में मेडिसिन के एसोसिएट क्रिस्टन डेमोरुएल ने कहा कि ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनमें न्यूट्रोफिल असामान्य रूप से अति सक्रिय होते हैं। हमने पाया कि अदरक नेटोसिस को रोकने में मदद कर सकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि



यह एक प्राकृतिक पूरक है, जो कई अलग-अलग ऑटोइम्यून बीमारियों वाले लोगों के लिए सूजन और लक्षणों का इलाज करने में सहायक हो सकता है।

क्लीनिकल टेस्ट के दौरान, शोधकर्ताओं ने पाया कि हेल्थ वालंटियर्स द्वारा सात दिनों तक अदरक के पूरक के दैनिक सेवन (20 मिलीग्राम जिंजरोल्स/दिन) ने न्यूट्रोफिल के अंदर सीएएमपी नामक एक रसायन को बढ़ावा दिया। सीएएमपी के इन उच्च स्तरों ने विभिन्न रोग-संबंधी उत्तेजनाओं के जवाब में नेटोसिस को रोक दिया।

मिशिगन विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर, एमडी, पीएचडी, वरिष्ठ सह-लेखक, जेसन नाइट ने कहा कि हमारा शोध, पहली बार, जैविक तंत्र के लिए सबूत है जो लोगों में अदरक के स्पष्ट सूजन-रोधी गुणों को रेखांकित करता है।

**सूजन को नियंत्रित करने में अदरक महत्वपूर्ण भूमिका**

शोधकर्ताओं को उम्मीद थी कि अदरक के लाभों के बारे में अधिक सबूत प्रदान करना, जिसमें प्रत्यक्ष तंत्र भी शामिल है, जिससे अदरक न्यूट्रोफिल को प्रभावित करता है, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और मरीजों को इस बात पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा कि क्या उनके उपचार योजना के हिस्से के रूप में अदरक लेना फायदेमंद हो सकता है।

हमारा मानना है कि अदरक में उपचार कार्यक्रमों को पूरक करने की वास्तविक क्षमता हो सकती है। लक्ष्य लोगों के लक्षणों से राहत दिलाने में मदद के मामले में अधिक रणनीतिक और वैयक्तिकृत होना है।

## मार्टिन ने टिसोट स्प्रिंट जीता, बेजेची ने इंडियन ऑयल ग्रां प्री ऑफ इंडिया में पोल जीता





**■ चैंपियनशिप लीडर बगानिया दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आठ बार के विश्व चैंपियन मार्क मार्केज तीसरे स्थान पर रहे**

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बुद्ध इंटरनेशल सर्किट पर जब जॉर्ज मार्टिन 11-लैप टिसोट स्प्रिंट हासिल करने के बाद चेकर ध्वज की ओर बढ़े तो इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया के लिए एक टीजर बन गया। इससे पहले दिन में, मूनी वीआर46 रेसिंग टीम के राइडर मार्को बेजेची ने क्वालीफाइंग समय एक मिनट में हासिल किया था, 43.9470 जो रविवार को टिसोट स्प्रिंट और मार्के इवेंट के लिए स्पष्ट पसंदीदा बन गया। मार्टिन ने शनिवार के अभ्यास सत्र के बाद भविष्यवाणी की थी कि स्प्रिंट पर पहला लैप दिलचस्प होगा, उन्होंने कहा कि पहला मोड़ वास्तव में एक कठिन मोड़ है। यह थोड़ा चौड़ा दिखता है, हम जिस पहले गियर कॉर्नर पर पहुंचते हैं वह आसान नहीं है।

उन्होंने कहा था कि अवसर ढूंढना मुश्किल है, शायद मुझे अपना मौका मिल गया है इसलिए मैं काफी आश्वस्त हूं। जैसा अनुमान लगाया था वैसा ही हुआ। ग्रिड पर नंबर एक से शुरुआत करते हुए, बेजेची टीम के साथी लुका मारिनी ने टर्न 1 पर गलत ब्रेकिंग की, इटालियन को ट्रैक से बाहर कर दिया, और पांच अन्य को दौड़ से बाहर कर दिया। जबकि बेजेची को 17वें स्थान पर धकेल दिया गया, मार्टिन ने पूरे स्प्रिंट में बढ़त बनाए रखी। इस दौरान मार्टिन ने कहा कि मैंने आज अपना शतप्रतिशत नहीं लगाया। बस मोड़ पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा मुख्य लक्ष्य अंतर को बढ़ाना और परिस्थितियों को समझना था। मार्टिन ने टिसोट स्प्रिंट जीतने के बाद कहा कि कल मार्को के साथ लड़ने के लिए हमारे पास कुछ मार्जिन है।

### बारिश ने बदल दी ट्रैक की स्थिति

जॉर्ज मार्टिन ने स्प्रिंट पोडियम और 12 अंक हासिल किए थे। इस बीच, चैंपियनशिप लीडर फ्रांसेस्को बगानिया 9 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे और आठ बार के विश्व चैंपियन मार्क मार्केज पोडियम पर तीसरे स्थान पर रहे। यह पूर्व चैंपियन का सीजन का दूसरा पोडियम था। हालांकि, यह मार्को बेजेची ही थे जिन्होंने खेल से जुड़ी उत्साहवर्धक गति को परिभाषित किया। बेजेची ऐसे सवार हुआ जैसे कल कभी था ही नहीं। शुरूआती लैप में 17वें स्थान पर पहुंचने से लेकर 10वें लैप में वह पांचवें स्थान के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने इस पद के लिए यामाहा के फैबियो क्वार्टारो को सफलतापूर्वक पछाड़ दिया।

## रेसरों में क्लालिफाइंग में लगाया पूरी ताकत

मार्को बेजेची ने क्वालीफाइंग समय एक मिनट, 43.9470 में हासिल किया। समान रूप से लड़ी गई क्वालीफाइंग 2 लड़ाई में, राइडर्स ने भारत के पहले मोटोजीपी ग्रां प्री में पोल पोजीशन हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। बेजेची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीजन का अपना तीसरा पोल हासिल करने का सबसे अच्छा समय दर्ज किया। प्राइमा प्रामैक पर सवार जॉर्ज मार्टिन ने बेजेची की तुलना में 0.043 सेकंड धीमी गति से रेस पूरी करते हुए ग्रिड पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। पिछली आठ रेसों में पांच बार पोडियम फिनिश करने वाले मार्टिन रविवार को अपनी निरंतरता बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। चैंपियनशिप लीडर फ्रांसेस्को बगानिया 283 अंकों के साथ एक मिनट, 44.2030 सेकेंड में क्वालीफाइंग 2 पूरा करने के बाद ग्रिड पर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि बेजेची की टीम के साथी लुका मारिनी ने एक मिनट, 44.2150 सेकंड के समय के साथ शुरुआती ग्रिड पर खुद को चौथे स्थान पर रखा। जोन मीर और मार्क मार्केज, जिन्होंने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर लगातार सवारी की, इस सीजन में पहली बार क्वालीफाइंग 2 में प्रवेश करने में सफल रहे। फैक्ट्री होंडा डुओ की कड़ी मेहनत सफल रही और वे ग्रिड पर पांचवें और छठें स्थान पर रहेंगे। ग्रेसिनी रेसिंग पर सवार मार्क के छोटे भाई एलेक्स मार्केज क्वालीफाइंग 1 के दौरान टर्न 6 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उनके दाहिने हाथ और पसलियों में चोट लग गई। वह ग्रिड पर अस्थायी तौर पर 12वीं कक्षा से शुरुआत कर सकता है। उन्हें जांच के लिए मेडिकल सेंटर ले जाया गया।



## ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद संग किया गणेश विसर्जन

**मुंबई,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के घर शनिवार को गणपति विसर्जन किया गया। इस खास मौके पर उनका पूरा परिवार और गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी मौजूद रहीं। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा की और बताया कि वह मिठाइयों से दूरी बना रहे हैं। तस्वीरों में वह अपने माता-पिता, बहन और सबा के साथ नजर आ रहे हैं। ऋतिक को सफेद टी-शर्ट और पैंट के साथ जैकेट और बेसबॉल कैप में देखा जा सकता है। उनके पिता राकेश रोशन कैजुअल कपड़ों में हैं। हालांकि, सभी महिलाओं ने उत्सव के लिए इंडियन आउटफिट पहने हुए थे। उन्होंने लिखा कि गणपति बप्पा मोरया, यह हमारे घर और दिलों को

## राघव की बारात में शामिल होने मेहमानों का आगमन शुरू

**मुंबई,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप मंत्री राघव चड्ढ़ा की शादी में शामिल होने के लिए मेहमानों का आगमन अब शुरु हो गया है। एक तरफ जहां परिणीति और राघव दोनों के परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राघव के राजनीति से जुड़े दोस्त भी उदयपुर पहुंच रहे हैं।

राघव की आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को अपनी पत्नी के साथ उदयपुर में देखा गया। जहां संजीव ग्रे एथनिक वियर में नजर आए, वहीं उनकी पत्नी ने फ्लोरल प्रिंट सलवार कुर्ता पहना था। संजीव वही सांसद हैं जिन्होंने इस साल मई में इस जोड़ी को सोशल मीडिया पर सबसे पहले बधाई दी थी। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, अपनी पत्नी के साथ रविवार को बारात में शामिल होंगे। राजनीतिक जगत के अन्य दिग्गज जैसे अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, भूपेश बघेल और अशोक गहलोत के भी रविवार को कपल को

**■ उदयपुर पहुंचे आप सांसद संजय सिंह**



आशीर्वाद देने की उम्मीद है। राघव चड्ढ़ा और परिणीति की शादी का जश्न शुक्रवार को उदयपुर में मेहंदी समारोह के साथ शुरू हुआ। यह जोड़ा चूड़ा समारोह की मेजबानी करेगा, जिसके बाद हल्दी और संगीत होगा। वायरल हुए शादी के कार्ड के निमंत्रण की तस्वीरों के मुताबिक, शादी रविवार को होगी।

### बहन परिणीति की शादी में नहीं आएंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढ़ा की शादी में बहन और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के आने को लेकर असमंजस बना हुआ है। शादी में न आने की खबरों के बीच प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया।

### परिणीति, राघव को आशीर्वाद देंगी ब्रह्मा कुमारी शिवानी

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढ़ा की शादी का जश्न पूरे जोरों पर है। एक और लोकप्रिय हस्ती ब्रह्मा कुमारी शिवानी इस जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए उदयपुर पहुंचीं। पैपराजी विरल भयानी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में ब्रह्मा कुमारी शिवानी को उदयपुर हवाई अड्डे पर द लीला पैलेस में शादी से पहले उत्सव की शुरुआत करते हुए दिखाया गया है। परिणीति की चूड़ा सेरेमनी शनिवार सुबह 10 बजे होटल के महाराजा सुइट में हुई। मेहमानों के लिए दोपहर करीब एक बजे वेलकम लंच था। दूल्हा और दुल्हन के परिवार रात सात बजे से पार्टी करेंगे। पार्टी का थीम है लेट्स पार्टी लाइक इट्स 90। शादी 24 सितम्बर को होगी। फेरे रविवार शाम चार बजे और विदाई शाम 6.30 बजे होने की उम्मीद है। रात 8.30 बजे लीला पैलेस कोर्टयार्ड में रिसेप्शन होगा।

## लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'बॉडी ऑफ लाइज' में मिले रोल को नाना पाटेकर ने किया था रिजेक्ट

**मुंबई,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर को हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो-स्टारर 'बॉडी ऑफ लाइज' में एक भूमिका की पेशकश की गई थी। हालांकि, उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया क्योंकि उन्हें वह भूमिका पसंद नहीं आई, जो उन्हें ऑफर की गई थी। 'बॉडी ऑफ लाइज' 2008 की अमेरिकी जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो रिडले स्कॉट द्वारा निर्देशित और निर्मित है, जिसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो और रसेल क्रो मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया से बातचीत में जब नाना से पूछा गया कि लगातार ऑफर मिलने के बावजूद उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों को ना क्यों कहा, तो उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए था, क्योंकि मुझे अंग्रेजी में डायलॉग्स बोलने में थोड़ी परेशानी होती है। मेरी फ्लूएंट इंग्लिश नहीं है। मैं उसे याद कर सकता था। लेकिन जो रोल ऑफर हुए, वो मुझे पसंद नहीं आए। मैं आतंकवादी की भूमिका नहीं निभा सकता। जो लोग मेरे काम का फॉलो रते हैं या मुझसे प्यार करते हैं वे मुझे उस किरदार में देखकर पसंद नहीं करते। यह लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'बॉडी ऑफ लाइज' में था। इसके बाद उन्होंने 'द पूल' नामक फिल्म के बारे में बात की, जो 2007 में रिलीज हुई थी। उन्होंने कहा कि मैंने 'द पूल' नाम की एक फिल्म की थी। वे अनुराग कश्यप को जानते थे और उन्होंने कहा कि वे अभिनेता के लिए ऐसा चेहरा चाहते थे इसलिए उन्होंने मुझे मेरा चेहरा दिखाया तभी वह शख्स मिलने आया और मुझसे पूछा कि क्या मैं करूंगा मैंने पूछा कि कितने दिन की शूटिंग है तो उसने कहा 7-8 दिन।



### ट्रेड फेयर शो में अमेठी ने भी रखा अपना जलवा बरकरार

## गोबर के पेंट व लेदर के जूतों के स्टाल बढ़ाई शोभा

**अमेठी,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर शो में अमेठी ने भी अपना जलवा बरकरार रखा है। ट्रेड फेयर शो में अमेठी के मूंज के बने सामान, गोबर के पेंट और लेदर के जूतों के स्टाल जिले की शोभा बढ़ा रहे है। जिले की इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर में बने लेदर के जूतों का स्टाल नोएडा के फेयर शो में लगे हुए है। अमेठी में इस फैक्ट्री के लग जाने से 500 से अधिक कारीगरों को प्रत्यक्ष रूप से काम मिला है।

**जूता फैक्ट्री में सैकड़ों लोगों को मिला रोजगार**

दरअसल अमेठी के जगदीशपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में सीटेड द्वारा लेदर के जूते बनाने की फैक्ट्री अभी हाल ही में संचालित की गई है। फैक्ट्री में लेदर के जूते बनाये गए जो अब अमेठी की शान बने हुए है। यूपी के नोएडा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर शो में अमेठी में बने लेदर के जूतों का भी स्टाल लगा हुआ है। जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया में जूता बनाने की फैक्ट्री लग जाने से पांच सौ से अधिक जरूरतमंदों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है और उन्हें काम करने के लिए बाहर भी नही जाना पड़ रहा है।

### एमएसएमई स्फूर्ति योजना से मिला लाभ

फैक्ट्री के डायरेक्टर इंजीनियर संजय सिंह ने कहा कि जगदीशपुर और जायस के एरिया में एक हजार से अधिक परिवार हैं जो जूता चप्पल बनाने का काम करते थे और सिर्फ उसी पर इनका पूरा परिवार निर्भर रहता था। लेकिन अब भारत सरकार की एमएसएमई स्फूर्ति योजना के तहत यहां पर एक कंप्लीट इन्फ्राट्रक्चर बनाया गया।

### 500 जूते और 800 बेल्ट बनाने की क्षमता

संस्था के निदेशक संजय सिंह ने बताया कि हम लोग बाहर से रॉ मटेरियल लाकर यहां जूते, बेल्ट, जैकेट समेत अन्य चीजों का निर्माण अत्याधुनिक मशीनों की मदद से कर रहे हैं। यहां जो मशीनें लगाई गई हैं उसमें आठ घंटे में 500 जूते और 800 बेल्ट बनाने की क्षमता है। इस फैक्ट्री में प्रत्यक्ष रूप से 625 कारीगर जुड़े हुए है जिनको प्रदेश सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ श्रमिक के तौर पर मिल रहा है साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड भी इन कारीगरों का बनवाया गया है।



## चन्द्रयान-3 का मॉडल बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

**ग्रेटर नोएडा,** 23 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपोमार्ट में पांच दिवसीय यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो के हाल नम्बर आठ में गलगोटिया विवि का स्टाल भी लगा हुआ है। यहां पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और अपने कौशल का बेजोड़ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कई प्रकार के उत्पादों का निर्माण किया है। चन्द्रयान-3 की अपार सफलता के बाद जब भारत ही नहीं पूरी दुनिया जश्न मना रही थी तब गलगोटियास विश्वविद्यालय के के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से एक बहुत ही खूबसूरत चन्द्रयान-3 का एक मॉडल तैयार किया था। इसी मॉडल को यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो में सभी के मन को छू रहा है। उसको देखने के लिए दिन भर दर्शकों की भीड़ लगी रही। बच्चों के लिए तो वो एक अद्भुत खिलौने जैसा है।

**■ उप्र इन्टरनेशनल ट्रेड शो एक्सपोमार्ट में गलगोटिया विवि की तरफ से लगाया गया है स्टॉल**






हर कोई उसके साथ अपनी एक यादगार सैल्फी लेना चाहता। देश भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत होकर दर्शक प्रसंशा तो कर ही रहे थे और साथ ही साथ भारत मां की जय बोलते हुए, याद कर रहे थे अपने उन महान वैज्ञानिकों को जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम से आज पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। शोभित अग्रवाल, तरुण सात्यकी और शैलवी गुप्ता द्वारा स्थापित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में एक सामूहिक पृष्ठभूमि और भारत में विनिर्माण के लिए एक साझा प्रयास उन्होंने किया है। प्रिंस राणा, मयंक, हर्षित, वंशिका और वर्णिका की टीम ने शुद्ध आयुर्वेद पद्धति पर आधारित बहुत ही स्वादिष्ट, शारीरिक थकान को हटाकर ऊर्जा प्रदान करने वाला 'रिफ्रेशमैंट ड्रिंक' के नाम से एक पेय पदार्थ का निर्माण किया है। जिसमें तुलसी, नींबू, अदरक और पाचन तंत्र को इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाने वाले अनेक प्रकार के आयुर्वेदिक औषधियों का प्रयोग किया है। विवि के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली** 23 सितंबर (एजेंसियां)। घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 2.92 प्रतिशत |
| मारुति | 2.34 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.67 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.52 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.11 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.32 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.57 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.50 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.34 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.26 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## माइक्रोन ने 2.7 अरब डॉलर के भारतीय सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण शुरू किया




**साणंद (गुजरात),** 23 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने यहां शनिवार को लगभग 22,500 करोड़ रुपये (2.75 बिलियन डॉलर) की लागत से बनने वाले चिप एसेंबली और परीक्षण निर्माण संयंत्र की आधारशिला रखी। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत ने सेमीकंडक्टर हब बनने की अपनी यात्रा शुरू कर दी है। इस बात पर जोर देते हुए कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को जल्द ही पांच लाख करोड़ रुपये के चिप्स की आवश्यकता होगी, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और सीईओ संजय मेहरोत्रा से मुलाकात के तीन महीने के भीतर कंपनी ने संयंत्र लगाने का काम शुरू कर दिया है जो अभूतपूर्व है। माइक्रोन ने सरकार के समर्थन से भारत में सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा के निर्माण में 82.5 करोड़ डॉलर तक निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। अगले पांच साल में 2.75 अरब डॉलर के संयुक्त निवेश से लगभग पांच हजार प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी जबकि 15 हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ऐसे देश के लिए जिसने पिछले 70 वर्षों में कई अवसर गंवाए हैं, यह एक ऐतिहासिक क्षण है। चंद्रशेखर ने कहा, हमने पिछले 9-10 साल में जबरदस्त प्रगति की है। यह निश्चित रूप से एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह माइक्रोन का अत्याधुनिक संयंत्र सभी निवेशकों, अन्य निर्माताओं और वैश्विक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में प्रतिभागियों के लिए एक मार्गदर्शक होगा। कंपनी की असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) सुविधा साणंद जीआईडीसी-द्वद्व औद्योगिक एस्टेट में 93 एकड़ में स्थापित की जा रही है और 18 महीने के भीतर चालू होने की उम्मीद है। यह सुविधा वेफर्स को बॉल ग्रिड ऐरे (बीजीए) - एकीकृत सर्किट पैकेज, मेमोरी मॉड्यूल और सॉलिड-स्टेट ड्राइव - में बदलने पर ध्यान केंद्रित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के इच्छुक खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता का वादा किया था।

गांधीनगर में सेमीकॉनइंडिया 2023 में उन्होंने कहा था कि हम देश के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वृद्धि में तेजी लाने के लिए लगातार नीतिगत सुधार कर रहे हैं।

## आयकर रिटर्न की प्रोसेसिंग और रिफंड तेजी से जारी करने के प्रयास




**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने आज कहा कि आयकर रिटर्न (आईटीआर) की प्रोसेसिंग और रिफंड तेजी से जारी करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा हरे हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले हैं जिनमें करदाता पर पिछली मांगे बकाया होने के कारण उनका रिफंड बकाया है।

विभाग ने आज यहां कहा कि आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 7.09 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इनमें से 6.96 करोड़ आईटीआर सत्यापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 6.46 करोड़ रिटर्न अब तक संसाधित किए जा चुके हैं, जिनमें 2.75 करोड़ रिफंड रिटर्न भी शामिल हैं। तेजी से प्रसंस्करण और रिफंड शीघ्र जारी करने पर जोर दिया गया है।

उसने कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 245(1), मौजूदा मांग के विरुद्ध रिफंड को समायोजित करने से पहले करदाता को प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करना अनिवार्य है। करदाता को मांग की स्थिति से सहमत, असहमत या स्पष्ट करना आवश्यक है। इसके परिणाम स्वरूप पिछले वर्षों में मौजूदा मांग वाले करदाताओं को इसकी सूचना दी जा रही है।

विभाग ने कहा कि यह एक करदाता अनुकूल उपाय है जहां प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अवसर प्रदान किया जा रहा है। करदाताओं से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और ऐसी सूचनाओं का जवाब दें ताकि लंबित मांगों की सफाई/समाधान हो सके और समय पर रिफंड जारी करने की सुविधा मिल सके।

## एक्स पर मासिक शुल्क की खबरों के बाद डोरसी के ब्लूस्काई पर यूजर बढ़े

**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा जल्द ही सभी एक्स यूजर्स से मासिक शुल्क लेने की घोषणा के बाद जैक डोर्सी समर्थित सोशल मीडिया नेटवर्क ब्लूस्काई में नए यूजर्स के साइन-अप में वृद्धि देखी गई। इस सप्ताह की शुरुआत में मस्क की घोषणा का उल्टा असर हुआ क्योंकि ब्लूस्काई पर दैनिक सक्रिय यूजर्स ने रिकॉर्ड तोड़ दिया।

एनालिटिक्स फर्म सिमिलरवेब के आंकड़ों के अनुसार, मस्क की घोषणा के दिन ब्लूस्काई के एंड्रॉइड ऐप पर प्रतिदिन पांच लाख सक्रिय यूजर थे और इसका वेब ट्रैफ़िक और भी अधिक बढ़ गया। एंड्रॉइड पर, ब्लूस्काई के लिए दैनिक सक्रिय यूजर्स में 20.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, मस्क की घोषणा के बाद ब्लूस्काई को एक दिन में 53,585 लोगों ने साइनअप किया जो प्लेटफॉर्म के लगभग 11.3 लाख यूजर्स का पांच प्रतिशत है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ लाइव-स्ट्रीम बातचीत में, एक्स के मालिक ने यह विचार रखा कि सोशल नेटवर्क अब एक मुफ्त साइट नहीं रह सकता है।

मस्क ने कहा, बॉट्स की विशाल सेना का मुकाबला करने का यही एकमात्र तरीका है जिसके बारे में मैं सोच सकता हूं।

## पटेल ने 'वीजी-2024' वेबसाइट, मोबाइल ऐप की लॉन्च



**गांधीनगर,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को यहां वाइब्रेंट गुजरात समिट-2024 के हिस्से के रूप में वेबसाइट 'वीजी-2024' और मोबाइल ऐप को लॉन्च करने के साथ ही 'वीजी-2024' ब्रोशर का अनावरण किया।

श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात को उद्योग-व्यापार के वैश्विक मानचित्र पर अग्रसर बनाने के उद्देश्य से 2003 में गुजरात में अपने मुख्यमंत्री काल के दौरान वाइब्रेंट समिट की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट आज नॉलेज शेयरिंग यानी ज्ञान साझाकरण और रणनीतिक साझेदारी के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच के रूप में उभरकर सामने आई है।

उन्होंने कहा कि गुजरात को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाली वाइब्रेंट समिट ने राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में परिवर्तनशील बदलाव की शुरुआत के साथ विभिन्न औद्योगिक मानकों में गुजरात को अग्रणी राज्य बनाया है। श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2003 में शुरू हुई वाइब्रेंट समिट का 10वां संस्करण आगामी 10 से 12 जनवरी 2024 के दौरान गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित होने जा रहा है।

'गेट वे टू दी फ्यूचर' की थीम के साथ आयोजित होने वाली 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के लिए मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च की गई इस वेबसाइट और मोबाइल ऐप को पूरी तरह से यूजर फ्रेंडली बनाया गया है ताकि यह देश और दुनिया के निवेशकों को आकर्षित करने में वन स्टॉप सॉल्यूशन साबित हो सके।

मुख्यमंत्री ने राज्य मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्रियों, उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, उद्योग राज्य मंत्री हर्ष संघवी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा की प्रेरक उपस्थिति में इस वेबसाइट और मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग और आकर्षक ब्रोशर का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वीजी-2024' नामक यह वेबसाइट उपयोगकर्ता अनुकूल, ऑनलाइन पंजीकरण तथा व्यक्तियों, प्रतिनिधिमंडलों और समिट के दौरान आयोजित होने वाले इवेंट में भाग लेने के इच्छुक निवेशकों की सुविधा के लिए गुजरात सरकार की नीतियों, विभिन्न परिमाणों में राज्य के प्रदर्शन से संबंधित डेटा और संभावित प्रतिष्ठित निवेश एवं प्रोजेक्टों की सूची का एक समग्र संकलन होगी।

## सार संक्षेप

### असम में होगा 3,214 करोड़ का निवेश

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य में 3,214 करोड़ रुपये के निवेश के लिए शनिवार को विभिन्न कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार को राज्य में अगले दो-तीन साल में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज हमने 3,214 करोड़ रुपये के कुल निवेश के लिए छह कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे कुछ साल में 5,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी। इसके अलावा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पांच-सितारा होटल खोलने के लिए असम पर्यटन विकास निगम भी एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। शर्मा ने कहा, दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए काजीरंगा में जल्द ही एक पांच-सितारा रिजॉर्ट होगा। इसे हयात समूह 100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित करेगा, जिसमें 100-120 कमरे होंगे। उन्होंने कहा, असम एक औद्योगिक राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज के कार्यक्रम के साथ, इस वर्ष हमने कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जो 11,314 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश लाएंगे, जिससे राज्य में 10,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों की दूसरी खेप पर उद्योग विभाग विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, हमने निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को बहुत सरल बना दिया है। ऐसे आवेदनों पर कार्रवाई के लिए अलग-अलग विभागों में दौड़ने की बजाय एक समर्पित समिति का गठन किया गया है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए असम के पास एक मजबूत नीति है।

### पूर्वोत्तर में दूरसंचार ढांचे को मजबूत बनाएगा ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में दूरसंचार बुनियादी ढांचे को बेहतर करने के लिए विभिन्न उपायों की सिफारिश की है। इनमें राज्य सरकारों की संबंधित %रास्ते के अधिकार% नीतियों को केंद्रीय नियमों के अनुरूप बनाने के लिए बातचीत करने का सुझाव दिया गया है। नियामक ने साथ ही उपयोगिता शुल्क पर प्राथमिकता के आधार पर दूरसंचार साइटों को बिजली के प्रावधान का समर्थन किया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में दूरसंचार संपर्क में सुधार के लिए सरकार द्वारा कई पहल की गई हैं। फिर भी, उच्च गति वाले मोबाइल-आधारित इंटरनेट और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की कमी है, जिसका मुख्य कारण अपर्याप्त ट्रांसमिशन बैंडविड्थ (ऑप्टिकल फाइबर, माइक्रोवेव और उपग्रह) है। नियामक ने विज्ञप्ति में कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य विभिन्न कारणों से एक महत्वपूर्ण डिजिटल विभाजन से जूझ रहे हैं। इनमें दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, बिजली की खराब उपलब्धता, पारेषण से संबंधित सीमाएं और रास्ते के अधिकार (आरओडब्ल्यू) से संबंधित मुद्दे हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा राज्य शामिल हैं। ये मिलकर पूर्वी हिमालय क्षेत्र का हिस्सा बनते हैं।

## आईसीआरए एनालिटिक्स का फैक्टसेट से सहयोग




**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। आईसीआरए लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आईसीआरए एनालिटिक्स ने घोषणा की है कि उसने फैक्टसेट लाइसेंस प्राप्त उपयोगकर्ताओं को निश्चित आय प्रतिभूतियों का दैनिक सुरक्षा स्तर मूल्यांकन (एसएलवी) प्रदान करने के लिए फैक्टसेट के साथ सहयोग किया है।

आईसीआरए एनालिटिक्स वर्तमान में निश्चित आय प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए अधिकृत दो मूल्यांकन एजेंसियों में से एक है। मार्केट लिंक्ड डिबेंचर (एमएलडी) मूल्यांकन क्षेत्र में इसकी प्रमुख हिस्सेदारी है।

सहयोग के एक भाग के रूप में आईसीआरए एनालिटिक्स %फैक्टसेट% लाइसेंस प्राप्त उपयोगकर्ताओं को सभी निश्चित आय प्रतिभूतियों का दैनिक सुरक्षा स्तर मूल्यांकन (एसएलवी) प्रदान करेगा। ऐसे उपयोगकर्ता फैक्टसेट के मालिकाना मॉडल और एट्रिब्यूशन टूल का उपयोग करके आगे का विश्लेषण चला सकते हैं।

फैक्टसेट एक वैश्विक वित्तीय डिजिटल प्लेटफॉर्म और एंटरप्राइज समाधान प्रदाता है। फैक्टसेट एट्रिब्यूशन विश्लेषण टूल में वैश्विक बाजार के अग्रणी है और इसके 20 देशों में कार्यालयों के साथ 1,85,000 से अधिक उपयोगकर्ता हैं।

आईसीआरए एनालिटिक्स के हेड मार्केट डेटा अश्विनी कुमार ने कहा कि हमें फैक्टसेट के साथ सहयोग करने में खुशी हो रही है, जो एट्रिब्यूशन विश्लेषण टूल में वैश्विक बाजार के अग्रणी हैं, ताकि वे अपने लाइसेंस प्राप्त उपयोगकर्ताओं को निश्चित आय प्रतिभूतियों का दैनिक सुरक्षा स्तर का मूल्यांकन प्रदान कर सकें। ऐसे उपयोगकर्ता फैक्टसेट के मालिकाना मॉडल और एट्रिब्यूशन टूल का उपयोग करके आगे विश्लेषण चला सकते हैं।

सहयोग पर टिप्पणी करते हुए फैक्टसेट के क्षेत्रीय निदेशक, प्रमुख भारतीय उपमहाद्वीप, यशवंत लिंगुडकर ने कहा, आईसीआरए एनालिटिक्स के साथ फैक्टसेट का रणनीतिक गठबंधन हमें भारत में स्थानीय निवेश प्रबंधन क्षेत्र में अपने ग्राहकों को व्यापक और उन्नत निश्चित आय विश्लेषण समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

आईसीआरए डेटा एकीकृत होने के साथ, हमारे ग्राहक पोर्टफोलियो विश्लेषण के लिए फैक्टसेट के लचीले, उद्योग-अग्रणी समाधानों के साथ अपनी निश्चित आय पोर्टफोलियो की विशेषताओं, जोखिम, प्रदर्शन, एट्रिब्यूशन और जोखिम पर रिपोर्ट चला सकते हैं।

आईसीआरए एनालिटिक्स का निश्चित आय प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय ऋण फंडों के लिए एक प्रमुख प्रवर्तक है और इसकी मूल्यांकन पद्धति को फंड प्रबंधक और उद्योग के लीडर्स मान्यता देने के साथ स्वीकार करते हैं। मूल्यांकन उद्योग में कुल बाजार हिस्सेदारी का लगभग एक तिहाई (30 प्रतिशत) इसका हिस्सा है। कंपनी दैनिक 8,000 से अधिक कॉरपोरेट बॉन्ड, जी-सेक (सरकारी प्रतिभूतियां), एसडीएल (राज्य विकास ऋण), सीपी (वाणिज्यिक पत्र), सीडी (जमा प्रमाणपत्र) और टी-बिल (ट्रेजरी बिल), एमएलडी उप-निवेश ग्रेड प्रतिभूतियों का मूल्यांकन करती है।

आईसीआरए एनालिटिक्स विभिन्न परिसंपत्ति प्रबंधकों को अपनी मूल्यांकन सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें एएमसी (परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां), बीमा कंपनियां, धन प्रबंधक, बैंक, कारपोरेट, प्राथमिक डीलर और एनबीएफसी शामिल हैं। इसने हाल ही में घरेलू बांड मूल्यांकन डेटा प्रदान करने के लिए ब्लूमबर्ग के साथ सहयोग किया था।

## जिंसों में टिकाव, गुड़ के भाव बढ़े



**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव रहा जबकि आवक घटने के कारण गुड़ की कीमतों में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल,सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिश्रित रूख देखा गया। इस दौरान चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे जबकि गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मूंग दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ = चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 13040 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 12820 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8866 रुपये और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## टाटा ग्रु को सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने का मिला कॉन्ट्रैक्ट

साणंद, 23 अक्टूबार (देशबन्धु)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा प्रोजेक्ट्स को गुजरात के साणंद में माइक्रोन का सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने का ठेका मिला है। टाटा प्रोजेक्ट्स ने शनिवार को गुजरात के साणंद में एक उन्नत सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बनाने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी की घोषणा की। एक बयान में कहा गया है कि साणंद के चारोदी के गुजरात औद्योगिक विकास निगम क्षेत्र में स्थित यह परियोजना 93 एकड़ भूमि में फैली हुई है।

इसमें कहा गया, यह परियोजना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत सबसे बड़ा निवेश है। चरण 1 के निर्माण में 500,000 वर्ग फुट का क्लीनरूम स्थान शामिल होगा, जो 2024 के अंत तक चालू होने वाला है। बयान में कहा गया है कि इस परियोजना में भारत में अपनी तरह का पहला छ्रक्रू (डायनामिक रैंडम एक्सेस मेमोरी) और नॉन शामिल होगा। -इसमें अस्थिर फ्लैश मेमोरी का डिज़ाइन और निर्माण) असेंबली और परीक्षण सुविधाएं शामिल हैं। टाटा प्रोजेक्ट्स टाटा समूह का एक हिस्सा है जो छह महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में काम करता है। बयान के अनुसार, टाटा परियोजनाओं का लक्ष्य 4डी बीआईएम और हाइब्रिड मॉड्यूलर रैपिड कंस्ट्रक्शन के माध्यम से एकीकृत ईपीसी डिलीवरी सहित आधुनिक निर्माण विधियों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना है।

## विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आर्थिक नीतियों में सुधार की दी चेतावनी



**इस्लामाबाद,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को चेतावनी है कि उसे अभिजात वर्ग के कब्जे और सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के मजबूत निहित स्वार्थों से प्रेरित नीतिगत निर्णयों के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 40 प्रतिशत आबादी के साथ पिछड़ा बने रहने या उज्ज्वल भविष्य के लिए रास्ता बदलने में से एक को चुनने का निर्णय लेना चाहिए।

नए चुनाव चक्र से पहले विश्व बैंक की ओर से आगामी सरकार को शीघ्र विकल्प चुनने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय ऋणदाता और विकास भागीदार केवल सफलताओं और कुछ वित्तपोषण के अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों के साथ सलाह दे सकते हैं, लेकिन कठिन विकल्प और सुधार के निर्णय केवल देश के भीतर ही लिए जा सकते हैं। नई निर्वाचित सरकार के आने से पहले अंतिम रूप देने के लिए बहस और विचार-विमर्श के लिए पॉलिसी नोट्स का एक सेट जारी करते हुए एक न्यूज ब्रीफिंग में पाकिस्तान में विश्व बैंक के निदेशक नेजी बेन्हासिन ने कहा, यह पाकिस्तान के लिए नीतिगत बदलाव करने का क्षण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान मानव संसाधन पूंजी और आर्थिक संकट के बीच में है। बेन्हासिन द्वारा जारी रिफॉर्म्स फॉर ए ब्राइटर फ्यूचर: टाइम टू डिसाइड के ओवरव्यू में कहा गया है, नीतिगत निर्णय सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं सहित मजबूत निहित स्वार्थों से काफी प्रभावित होते हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को मुद्रास्फीति, बिजली की बढ़ती कीमतें, गंभीर जलवायु झटके और विकास और जलवायु अनुकूलन के वित्तपोषण के लिए अपर्याप्त सार्वजनिक संसाधनों सहित कई आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। देश जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति सबसे कमजोर देशों में से एक है।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व बैंक ने कहा है कि पाकिस्तान के मानव विकास के परिणाम दक्षिण एशिया के बाकी हिस्सों से काफी पीछे हैं और मोटे तौर पर कई उप-सहारा अफ्रीकी देशों के बराबर हैं, जहां लड़कियों और महिलाओं को असमान रूप से परिणाम सहना पड़ता है, जबकि पांच साल से कम उम्र के करीब 40 प्रतिशत बच्चे अविकसित और विकलांगता का शिकार हैं। दुनिया में स्कूल न जाने वाले बच्चों की सबसे बड़ी संख्या (दो करोड़ तीन लाख) पाकिस्तान में है।

इसके विकास मॉडल के परिणामस्वरूप अस्थिर राजकोषीय और चालू खाता घाटे के कारण आवधिक भुगतान संतुलन संकट पैदा हो गया है, जिसके कारण बाद में दर्दनाक संकुचन समायोजन, धीमी गति से विकास, निश्चितता में कमी और निवेश को कम करना आवश्यक हो गया है।

# खेल जगत

## शमी हमेशा हाफ-वॉली लेंथ से घातक होते है : मार्क वॉ

**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने मोहाली में पहले वनडे में मोहम्मद शमी के प्रदर्शन (5/51) की तारीफ़ करते हुए कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज हाफ-वॉली लेंथ से हमेशा खतरनाक है। उन्होंने कहा, उन्होंने बिल्कुल सही लेंथ पर गेंद फेंकी और उन्होंने बल्लेबाजों को क्रीज पर रोका -- न शार्ट और न फुल लेंथ, बिल्कुल सही लंबाई जहां आपको थोड़ा सा मूवमेंट मिलता है। इस लेंथ पर बल्लेबाजों को चौका नहीं मिल सकता। शमी उस हाफ-वॉली लेंथ से बैट्समेन को परेशान कर रहे थे। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर ने उस निर्णय के बारे में बात की जो भारतीय थिंक-टैंक को प्लेइंग इलेवन के संबंध में करना है कि क्या शमी और मोहम्मद सिराज दोनों को एक साथ रखना संभव होगा। इन दोनों के बीच एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है।



# आईसीसी टूर्नामेंट से पहले रोटेशन से मदद मिलती है: शमी

**मोहाली,** 23 सितंबर (एजेंसियां) पहले वनडे में अपने दूसरे पांच विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पांच विकेट की जीत में जोरदार भूमिका निभाने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पुरुष वनडे से पहले टीम प्रबंधन द्वारा अपनाई गई रोटेशन नीति के पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा की कि इससे उन खिलाड़ियों को कुछ समय खेलने में मदद मिलती है जो अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।

पीसीए स्टेडियम की दो गति वाली पिच पर, शमी ने मिशेल मार्श को जल्दी आउट करके माहौल तैयार किया, इसके बाद स्टीव स्मिथ को आउट करने के लिए लौटे और मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को देर से पतन की ओर ले गए और 5-51 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया को 276 पर निपटा दिया।

शमी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप एक टीम बनाते हैं, तो खिलाड़ियों को घुमाने में कोच की भूमिका होती है और स्थिति के आधार पर यह तय किया जाता है। आपने देखा होगा कि हमें रोटेशन के कारण नतीजे मिले हैं और मेरा मानना है कि विश्व कप से पहले आपको लगातार दो मैच खेलकर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहिए। फिलहाल, यह अच्छा चल रहा है और हमें अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

यह हमारे लिए अच्छा है क्योंकि ऐसी परिस्थितियों (विश्व कप से पहले) में तेज गेंदबाजों को घुमाना महत्वपूर्ण है। यह गेंदबाजों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, ऐसा नहीं है कि यह बल्लेबाजों के लिए आसान है लेकिन फिर भी। रोटेशन विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंट से पहले महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से उन लोगों की मदद करता है जिनके पास %मैं कुछ जरूरी गेमटाइम हासिल करने के लिए लय में नहीं हूं।



यह लगातार दूसरा मौका था, जब कोलंबो में एशिया कप फाइनल में मोहम्मद सिराज के घातक स्पैल में छह विकेट लेने के बाद किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने पांच विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। आराम कर रहे सिराज की जगह खेलने वाले शमी को लगा कि अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी करना उनके लिए कोई समस्या नहीं है, हालांकि वह चार ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

हम रणनीति के संबंध में इस (अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी) के बारे में कभी भी ज्यादा बात नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से खेल की स्थिति पर निर्भर करता है कि हमें लंबे या छोटे स्पैल में गेंदबाजी करनी है, जैसे कि विपक्षी बल्लेबाज कैसे हैं। गर्मी निश्चित रूप से एक कारक है लेकिन जब आप इतने लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं तो यह कोई बहाना नहीं हो सकता।

इसका मतलब यह नहीं है कि किसी खिलाड़ी की फिटनेस या स्टेमिना गिर गई है या वह संघर्ष कर रहा है। खिलाड़ी भी इंसान हैं. यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितना प्रयास कर रहे हैं। कभी-कभी, यदि सतह पर्याप्त प्रतिक्रियाशील नहीं है, तो आपको एक तेज गेंदबाज के रूप में इतना अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है और इससे एक या दो ओवर का अंतर हो जाता है। हालांकि यह सब मैदान की स्थिति पर निर्भर करता है।

शमी ने तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह से मिले सहयोग को भी श्रेय दिया, जिन्होंने अपने दस ओवरों में 43 रन देकर एक विकेट लिया। एक गेंदबाज के रूप में यह संतोषजनक है जब आप ऐसी सतह पर लय पाते हैं जो स्वाभाविक रूप से आपके प्रति प्रतिक्रियाशील नहीं है। ये चीजें आपकी गति को बदल देती हैं और यदि आपने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण पर ध्यान दिया है, तो आप देखेंगे कि हम हमेशा एक दूसरे को मदद करते हैं।

अगर मैं विकेट लेता हूं, तो दूसरे छोर पर बुमराह रन रोक रहे होंगे। इस तरह की साझेदारी वाली गेंदबाजी बहुत महत्वपूर्ण है। कोई किसी विशेष दिन पर दूसरे की तुलना में अधिक विकेट लेगा, लेकिन सहायक भूमिकाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण रहेंगी।

शमी ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे को छोड़ने के फैसले से उन्हें सभी प्रारूपों में खेलने की बहुत व्यस्त अवधि के बाद खुद को तरोताजा करने में मदद मिली।

जब भी मैं वापस आया हूं, मेरी गेंदबाजी में वही लय रही है। मुझे ब्रेक की जरूरत थी क्योंकि मैंने सात-आठ महीने तक लगातार क्रिकेट खेला। मेरे मन में, मुझे लग रहा था कि मुझे सीरीज (वेस्टइंडीज के खिलाफ) से ब्रेक लेने की जरूरत है, जो कप्तान और कोच के साथ बातचीत के बाद तय हुआ।%

लेकिन मेरा आराम कभी भी ब्रेक अवधि जैसा नहीं लगा क्योंकि मेरे पास अभ्यास और कंडीशनिंग के लिए घर पर एक विस्तृत प्रशिक्षण सेट-अप है। आमतौर पर, जब मैं भारतीय टीम के साथ नहीं होता हूं तो उससे ज्यादा घर पर ट्रेनिंग करता हूं।

# हम अपने देश के लोगों के लिए विश्व कप जीतने का क्षण फिर से बना सकते हैं : केएल राहुल

**नई दिल्ली,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने उस पल को याद किया जब 2011 विश्व कप फाइनल में एमएस धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ विजयी छक्का लगाकर मेजबान टीम को दूसरा वनडे विश्व कप खिताब दिलाया था और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी 2023 संस्करण में वह इस क्षण को फिर दोहरा सकेंगे। राहुल ने जियोसिनेमा से कहा, मैं बेंगलुरु में था और कुछ दोस्तों के साथ मैच देख रहा था। मुझे याद है जब हमने दो विकेट जल्दी खो दिए थे तो हम सभी ने सोचा था कि मैच खत्म हो गया है। बाद में, जब हम जीत गए, तो हम बेंगलुरु के सबसे व्यस्त इलाके में गाड़ी चलाकर पहुंचे और वहां ऐसा दृश्य था, हर कोई उछल रहा था और जश्न मना रहा था। यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और उम्मीद है कि हम इसे अपने देश के लोगों के लिए फिर से बना सकते हैं।

राहुल विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। नेतृत्व की भूमिका निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, टीम प्रबंधन ने पिछले दो वर्षों में मुझ पर बहुत भरोसा दिखाया है। वे मुझे और जिम्मेदारियाँ देते रहते हैं जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी क्षमताओं पर विश्वास है। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है और मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा भी आता है। यह जीवन और क्रिकेट खेलने को और अधिक मजेदार बनाता है।

राहुल ने एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मैच में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाकर दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा, जिसे भारत ने मोहाली में पांच विकेट से जीता था।

हर किसी ने मुझे एशिया कप में खेलते हुए देखा है, मैंने सुपर फ़ोर में सभी मैच खेले हैं। मैंने विकेट के पीछे कीपिंग की, बल्लेबाजी की और रन भी बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उस सवाल का जवाब उन सभी के लिए है जो मेरी फिटनेस को लेकर चिंतित थे। उम्मीद है, मैं विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के साथ आने वाले दो बड़े महीनों को इसी तरह फॉर्म को जारी रखूंगा।



मैच के लिए अपनी शारीरिक तैयारी के बारे में पूछे जाने पर, राहुल ने कहा, मुझे पता था कि जब मैं टीम में लौटूंगा, तो मुझे विकेट बचाकर रखना होगा और बल्लेबाजी करनी होगीज जब मैं केवल बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो उसकी तुलना में शारीरिक चुनौतियां बहुत अधिक होती हैं। मैं यह जानता था, इसलिए मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत मेहनत की। क्रिकेटरों के रूप में, हम उन चुनौतियों को जानते हैं जिनका हमें मैदान पर सामना करना पड़ेगा और हम प्रशिक्षण और अभ्यास सत्र में इसे दोहराने की कोशिश करते हैं। राहुल ने अपने वनडे करियर की शुरुआत सलामी बल्लेबाज के रूप में की थी, लेकिन 2019 में पिछले विश्व कप के बाद से उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में सफलता मिली है।

## वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका ने इटली को हराया

**वारसॉ,** 23 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी महिला वॉलीबॉल टीम ने लॉड्ज़, पोलैंड में वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में इटली को 3-1 (25-19, 23-25, 25-21, 25-18) से हराकर अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया है। जॉर्डन थॉम्पसन ने अपनी टीम को 24 अंकों के साथ भारी जीत दिलाई, जबकि हिटर केल्सी रॉबिन्सन ने 16 अंक दिए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली के लिए एकातेरिना एंट्रोपोवा ने 20 अंक अर्जित किए। डेविड माज़ांती के खिलाड़ियों ने अधिक गलतियाँ कीं और अमेरिका को 24 अंक दिए, जिसने त्रुटियों पर 14 अंक खो दिए। पहले सेट में 25-19 से हारने के बाद, इटली ने दूसरे सेट को 25-23 से अपने नाम करके बेहतरीन तरीके से वापसी की, क्योंकि एंट्रोपोवा ने सात हमलों, एक ब्लॉक और एक ऐस के साथ नौ अंक जुटाए। ओलंपिक चैंपियन अमेरिका ने अपने पूल सी अभियान में पांचवीं जीत के लिए अगले दो सेट हासिल किए, और एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। इटली चार जीतों के साथ दूसरे स्थान पर है, और पोलैंड भी 4-1 रिकॉर्ड के साथ उसके बाद है। इससे पहले शुक्रवार को, मेजबान पोलैंड ने मार्टिना कज़्र्नियांस्का के स्पाइक और टाई-ब्रेक के अंतिम मिनट में एक प्रभावी डबल ब्लॉक की बदौलत जर्मनी को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (20-25, 27-25, 25-21, 22-25, 15-12) से हराया। शनिवार को पोलैंड संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा, थाईलैंड का सामना दक्षिण कोरिया से होगा और इटली का जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा।

# भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

**मोहाली** 23 सितंबर (एजेंसियां) आस्ट्रेलिया को पहले एक दिवसीय मैच में हरा कर भारत ने टी-20 और टेस्ट मैच के बाद वनडे रैकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था और इस जीत के साथ ही टीम ने पाकिस्तान को वनडे रैकिंग के शीर्ष से नीचे ढकेलते हुये खुद को नम्बर एक पर काबिज कर लिया। क्रिकेट के तीनो प्रारूपों में अव्वल रहने का करिश्मा इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वर्ष 2012 में किया था। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की जीत के बाद फ़िलहाल भारत के पास 116 अंक हैं जबकि पाकिस्तान 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है।




सितंबर के महीने में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लगातार शीर्ष स्थान के लिए लड़ाई चलती रही है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान ने नंबर 1 रैंकिंग अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका में लगातार तीन मैच हारते हुए इस रेस में पिछड़ गए थे। भारत ने पहले एशिया कप फ़ाइनल में श्रीलंका को रौंदा और फिर मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मैच में हराया जहां 1987 के बाद केवल पहली बार उनके लिए शीर्ष छह में चार बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक जड़े।

भारत के पास चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो खिलाड़ियों के रैंकिंग्स में टॉप स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20आई के शीर्ष बल्लेबाज़ हैं, मोहम्मद सिराज वनडे के शीर्ष गेंदबाज़, जबकि आर अश्विन और रवींद्र जाडेजा क्रमश: टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज़ और ऑलराउंडर स्थान पर क़ाबिज़ हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के बचे मैच इंदौर और राजकोट में खेले जाएंगे। इसके बाद उन्हें दो विश्व कप वॉर्म-अप खेलकर अपने अभियान की शुरुआत चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के ही ख़िलाफ़ करनी होगी।

# औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिए बनेंगे सिरदर्द : गंभीर

**मोहाली** 23 सितंबर (एजेंसियां) भारत के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम गेंदबाजों के लिये सरदर्द साबित होंगे।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गंभीर ने स्टार स्पोर्टस पर अपनी राय व्यक्त करते हुये कहा कोई शक नहीं कि विराट कोहली,केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ,जो रूट,रोहित शर्मा और डेविड वार्नर दुनिया के धाकड़ बल्लेबाज हैं मगर बाबर आजम के पास वह क्वालिटी है कि वह किसी भी गेंदबाज को छकाने का माद्दा रखते हैं। मैने बहुत कम ऐसे खिलाड़ी देखे है जिनके पास इतना वक्त है बल्लेबाजी करने के लिये। बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है जो उन्हे मौजूदा बल्लेबाजों से अलग बनाती है।



गौरतलब है कि विश्वकप का आगाज पांच अक्टूबर को होगा मगर भारत अपना पहला मैच आस्ट्रेलिया के साथ आठ अक्टूबर को चेन्नई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। टूर्नामेंट का फाइनल में भी अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिए 108 वनडे मुकाबलों में 58.16 की औसत से 5409 रन बनाए हैं जिसमें उनके 19 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

## टीटी में भारत ने दिखाया दम, महिला और पुरूष अगले दौर में

**हांगझोउ,** 22 सितंबर (एजेंसियां) टेबल टेनिस में महिला और पुरूष टीम ने शुक्रवार को अपने अपने ग्रुप मैच जीतकर 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

यमन के खिलाफ पहले मुकाबले में शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की जबकि बाद में सिंगापुर के खिलाफ भी पुरूष टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। जी साथियान ने यमन के अली उमर अहमद को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया जबकि उम्रदराज शरथ ने इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से शिकस्त दी। देश के शीर्ष वरीय खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया।




दिन के दूसरे मैच में साथियान ने सिंगापुर के इज़क यंग क्वेक को 5-11 12-10 11-6 11-9 से हराया वहीं हरमीत ने यिउ एन कोएन पांग पर 5-11 12-10 11-6 11-9 से शिकस्त दी। हालांकि शरथ कमल को झे यु क्लारेंस चियू से 11-13 8-11 12-10 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। बाद में साथियान ने पांग को 11-7 10-12 11-9 11-6 से घुटनो पर बैठा दिया। भारतीय महिला टीम ने पूल एफ के शुरुआती मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया। पहले मैच में अयहिका मुखर्जी को जियांग जेंग से 11-7 2-11 7-11 10-12 से हार का सामना करना पड़ा मगर मनिका बत्रा ने जिंग्यी झोउ को 11-9 9-11 11-7 11-3 से हराकर मुकाबला बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। श्रीजा अकुला ने जिन रू वोंग को 12-14 11-9 8-11 11-9 11-7 से पराजित कर भारत को बढ़त दिला दी मगर यह बढ़त लंबे समय तक नहीं चल सकी जब मनिका बत्रा को झेंग से 3-11 11-3 10-12 12-10 10-12 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन मुखर्जी ने झोउ पर 11-7 11-8 9-11 11-5 की जीत से सुनिश्चित किया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लक्ष्य हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना

**हांगझोउ,** 23 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल में दृढ़ संकल्प और हाथों में हॉकी स्टिक के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतने के बाद, भारतीय टीम इस गति को आगे बढ़ाने और स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय टीम का एशियाई खेलों में एक समृद्ध इतिहास है क्योंकि उन्होंने तीन स्वर्ण पदक (1966, 1998, 2014), नौ रजत पदक ((1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002) और मार्की टूर्नामेंट में अब तक तीन कांस्य पदक (1986, 2010, 2018) जीते हैं।

इसलिए, भारतीय टीम का लक्ष्य अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और स्वर्ण पदक के लिए हर संभव प्रयास करना होगा क्योंकि इससे उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता हासिल करने में मदद मिलेगी।

विशेष रूप से, भारत को 19वें एशियाई खेल में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है और वे 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।




पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

इस बीच, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जिनकी निरंतरता और नेतृत्व ने भारत की हालिया सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह और प्रेरणा व्यक्त की। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है, और हम एशियाई खेलों में अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले, हम चुनौतीपूर्ण अभ्यास सत्र से गुजरे हैं, और प्रत्येक सदस्य शिविर पूरी तरह से केंद्रित और समर्पित है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - स्वर्ण पदक जीतना और अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करना।

साथ ही, कोच क्रेग फल्टन, जो अपनी रणनीतियों और कौशल को बेहतर बनाने के लिए टीम के साथ लगातार काम कर रहे हैं, का मानना है कि एकता और अनुशासन हांगझोउ में सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा, हम टीम वर्क और मानसिक ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हुए कड़ी तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम में प्रतिभा है, और अब यह मैदान पर हमारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के बारे में है। हम प्रतिस्पर्धा का सामना करने और भारत को गौरव दिलाने के लिए उत्सुक हैं। 24 सितंबर को अपने शुरुआती मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ने के बाद, भारतीय टीम को क्रमश: 26, 28 और 30 सितंबर को सिंगापुर, जापान और पाकिस्तान से भिड़ना है। उनका अंतिम ग्रुप स्टेज मुकाबला 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ होगा।

### भारत के मुकाबले

24 सितंबर को, भारत बनाम उज्बेकिस्तान, भारतीय समयानुसार 08.45 बजे

26 सितंबर को, भारत बनाम सिंगापुर, 06.30 बजे

28 सितंबर को, भारत बनाम जापान, भारतीय समयानुसार 1815 बजे

30 सितंबर को, भारत बनाम पाकिस्तान, 18.15 बजे

2 अक्टूबर को, भारत बनाम बांग्लादेश, 13.15 बजे

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान को भरोसा , वार्म अप मैच से पहले मिल जायेगा वीजा

**लाहौर।** भारत में पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिये अपने किट बैग तैयार कर रही पाकिस्तानी टीम को भरोसा है कि हैदराबाद में 29 सितंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की टीम को शुक्रवार तक विश्व कप के लिये भारतीय वीज़ा नहीं मिल सका था हालांकि इसके लिये आवेदन पहले ही कर दिया गया था मगर भरोसा है कि वर्ल्ड कप के वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। दरअसल, पाकिस्तान की टीम विश्व कप से पहले दुबई में कुछ दिन रहकर टूर्नामेंट की तैयारी करना चाहती थी मगर वीज़ा मिलने में देरी के चलते उन्होने अपने कार्यक्रम में फेरबदल कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक वीजा में देरी के चलते पाकिस्तान की टीम अपनी सीधी उडान से हैदराबाद आने की सोच रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व कप के लिए यात्रा करने वाली नौ टीमों में पाकिस्तान इकलौती ऐसी टीम है जो अपने वीज़ा का इंतज़ार कर रही है। दोनों देशों के बीच राजनैतिक तनाव के चलते वीज़ा लेने की प्रक्रिया काफ़ी जटिल है। पाकिस्तान की टीम ने 2016 में आखिरी बार टी20 विश्वकप खेलने भारत आयी थी।

### बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट न्यूजीलैंड के दक्षिण अफ्रीका के महिला दौरे से बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड की महिला विकेटकीपर बल्लेबाज बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट पोस्ट-वायरल पेरिकार्डिटिस से पीड़ित होने के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर हो गई हैं। इज़ी गेज़, जिन्हें न्यूज़ीलैंड की एकदिवसीय टीम में नामित किया गया था, अब दौरे के टी20 चरण में बर्नाडाइन की जगह लेंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि 30 वर्षीय बर्नाडाइन का जोहान्सबर्ग में टीम डॉक्टर द्वारा मूल्यांकन किया गया और विशेषज्ञ स्कैन किया गया जिससे स्थिति का पता चला। डॉक्टर ने सिफारिश की है कि बर्नाडाइन को पूरी तरह से ठीक होने तक 4-6 सप्ताह तक शारीरिक गतिविधि सीमित करनी होगी। हम वास्तव में बर्नी के लिए महसूस कर रहे हैं। वह वास्तव में हमारी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसलिए हम सभी निराश हैं कि वह इस दौरे में हिस्सा नहीं ले पाएगी। वह एक मजबूत व्यक्तित्व वाली हैं और हम जानते हैं कि वह अपनी रिकवरी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होंगी और हम जितना संभव हो सके उनका समर्थन करेंगे। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम यहां दक्षिण अफ्रीका में डॉक्टरों के बहुत आभारी हैं।